www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, शनिवार, 9 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -154 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

टोंक में कल इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना का शुभारंभ... 02
■ जी20 के मद्देनजर दिल्ली की सड़कों पर पसरा सन्नाटा
■ भारतीय समाज को टूटने से किस तरह बचाया जाए... 03
■ शी जिनपिंग जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल...
■ ली छांग ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मुलाकात की 07
'बंबई मेरी जान' में मेरे किरदार 'हबीबा' के... 10

## सार संक्षेप

### शेख हसीना ने की मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंची बांग्लदेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। हसीना ने दिल्ली पहुंचने के बाद पीएम आवास में मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की। बांग्लादेश जी-20 का सदस्य नहीं है लेकिन भारत ने उसे विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

### बीएसएफ एसडीजी ने एलओसी का किया दौरा



**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक बी.खुरानिया ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों और यहां पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ कश्मीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, एसडीजी खुरानिया ने बांदीपोरा में गुरेज सेक्टर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और एलओसी पर तैनात सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।

### मणिपुर में फिर हिंसा में दो की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पैलेल में फायरिंग की दो अलग-अलग घटनाओं में गत गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई। 45 अन्य घायल हो गए। इनमें से 4 को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि पैलेल में सुबह करीब 6 बजे अज्ञात पुरुषों के दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे तुरंत ककचिंग के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### महाराष्ट्र में मंत्री के सिर पर हल्दी पाउडर डाला



**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल पर एक शख्स ने हल्दी पाउडर डाला। दरअसल, धनगर (चरवाह) समुदाय को दो लोग मंत्री के पास मराठा आरक्षण से जुड़ी मांगें लेकर पहुंचे थे। मांगों का पत्र सौंपा। राधाकृष्ण लैटर पढ़ने लगे, इसी दौरान एक शख्स ने जेब से हल्दी की पुड़िया निकालकर मंत्री के सिर पर उड़ेल दी।

# दिल्ली में लगा दिग्गजों का जमावड़ा

■ जी-20 सम्मेलन में बाइडेन, सुनक सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष पहुंचे ■ प्रधानमंत्री आवास में मोदी व जो बाइडेन के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक ■ अमेरिका के साथ छोटे परमाणु रिएक्टरों पर समझौता संभव

**नई दिल्ली,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विदेशी मेहमानों का जमावड़ लग गया है। शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 समिट में हिस्सा लेने भारत पहुंचे। यह बाइडन का पहला भारत दौरा है। वह तीन


**जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित व समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है : मोदी**

दिन तक भारत में रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति को हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने रिसीव किया। बाइडेन ने इसके बाद अमेरिकी एम्बेसडर एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी से मुलाकात की। फिर पीएम आवास में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई।

पीएमओ ने ट्वीट करके बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दिल्ली के सात लोक कल्याण मार्ग पर बातचीत की। उनकी चर्चाओं में कई तरह के मुद्दे शामिल हैं इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध और गहरे होंगे।

**मुलाकात बहुत सार्थक रही : मोदी**

अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडेन का स्वागत करके खुशी हुई। हमारी मुलाकात बहुत सार्थक रही। हम कई विषयों पर चर्चा करने में सक्षम हुए जो भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाएंगे। हमारे देशों के बीच की दोस्ती वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने में एक महान भूमिका निभाती रहेगी। बाइडेन भारत आने वाले अमेरिका के 8वें राष्ट्रपति हैं। खास बात ये है कि भारत की आजादी के शुरुआती 50 साल में केवल 3 अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आए थे। वहीं, पिछले 23 सालों में ये किसी अमेरिकी राष्ट्रपति का छठा दौरा है। अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन ने बताया कि दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर समझौता हो सकता है। दोनों देशों के बीच जीई जेट इंजन डील पर भी बात आगे बढ़ सकती है।



### उद्योगपतियों को जी-20 रात्रि भोज में नहीं किया गया आमंत्रित

सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है कि देश के जाने माने उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विदेशी समाचार एजेन्सी रॉयटर ने एक लेख में दावा किया है कि प्रमुख उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है क्योंकि किसी भी उद्योगपति को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भव्य रात्रिभोज में राष्ट्राध्यक्षों और अन्य प्रतिनिधियों के लिए मेन्यू तैयार किया गया है। इसमें विशेष रूप से भारतीय मानसून के दौरान खाए जाने व्यंजनों को शामिल किया गया है। रात्रिभोज की तैयारियां चल रही हैं और एक लग्जरी होटल समूह के वरिष्ठ प्रबंधक और कर्मचारी भारत मंडपम में डिनर टेबल को तैयार करने में व्यस्त हैं। सूत्रों ने बताया कि इस विशेष अवसर पर रात्रिभोज चांदी के बर्तनों में परोसा जाएगा। लग्जरी आतिथ्य समूह के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने भारत में इस मौसम के दौरान खाए जाने वाले व्यंजनों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष मेन्यू तैयार किया है। मेन्यू में बाजरा आधारित व्यंजन भी होंगे।

### जी-20 सम्मेलन भारत के लिए रही है एक बड़ी सफलता : ऋषि सुनक



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शुक्रवार दिल्ली पहुंचे। सुनक ने कहा कि जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा। अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का शुक्रवार को पालम हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए रुद्राक्ष, श्रीमद्भागवत गीता और हनुमान चालीसा भेंट की। चौबे ने सुनक का हवाई अड्डे पर 'जय सियाराम' से अभिवादन किया। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी अपनी पत्नी के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनिपिंग समिट में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं।



**दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन जंग पर होगी बातचीत**

भारत-अमेरिका के बीच रूस-यूक्रेन जंग पर बातचीत होगी। इस दौरान इकोनॉमिक और सोशल लेवल पर जंग के असर को कम करने पर चर्चा की जाएगी।

## ब्रसेल्स में बोले राहुल
## भारत में गांधी-गोडसे विजन की लड़ाई

**ब्रसेल्स,**8 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। शुक्रवार को ब्रसेल्स के प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में इस वक्त महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विजन के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। हिंसा-भेदभाव बढ़ा है। अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी और निचली जातियां पर हमला किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबराई इसलिए देश का नाम बदलना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है। हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश



**इंडिया गठबंधन से डरकर देश का नाम बदलना चाहते हैं मोदी : राहुल गांधी**

का नाम बदलना चाहते हैं। यह पूरा मुद्दा अडाणी पर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हुआ, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। उन्होंने ब्रसेल्स में यूरोपीय यूनियन के सांसदों से मुलाकात की।

### चीन के खिलाफ वैकल्पिक मॉडल बनाने की जरूरत

कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और भारत को चीन के उत्पादन मॉडल के लिए एक वैकल्पिक व प्रतिस्पर्धी मॉडल बनाने की जरूरत है। चीन ग्रह का एक विशेष दृष्टिकोण पेश कर रहा है। वह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के विचार को मेज पर रख रहा है। ऐसा करने की वजहों में एक यह है कि वह वैश्विक उत्पादन का केंद्र बन गया है। 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा शुरु की गई बीआरआई पहल पुराने सिल्क रोड व्यापार मार्ग के पुनर्निर्माण के जरिए चीन को यूरोप और उससे आगे जोड़ने की कल्पना करती है।

## विधानसभा उपचुनाव में 'इंडिया' की जीत

**लखनऊ/रांची,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट पर बीजेपी ने जीत दर्ज की। केरल की पुथुप्पली सीट कांग्रेस के खाते में गई। वहीं, बंगाल की एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की। झारखंड में जेएमएम अलायंस की ओर से छूरूने जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की घोषी सीट समाजवादी पार्टी के सुधारक सिंह के खाते में गई। सभी सीटों पर 5 सितम्बर को उपचुनाव हुए थे। इनमें से पांच सीट-घोसी (यूपी), बागेश्वर (उत्तराखंड), डुमरी (झारखंड), बॉक्सानगर और धनपुर (त्रिपुरा) पर इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने एकसाथ चुनाव लड़ा। धुपगुड़ी (बंगाल) और पुथुपल्ली (केरल) सीट पर विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं।

**सपा के पाले में आई घोसी सीट**

सात सीटों में से धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी पर पहले बीजेपी का कब्जा था। उप्र और झारखंड की सीटें समाजवादी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास थीं। त्रिपुरा की बॉक्सनगर सीट और केरल की पुथुपल्ली सीट सीपीएम और कांग्रेस के पास थीं। उत्तर प्रदेश की घोसी सीट मौजूदा विधायक और ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के सपा छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर अब बीजेपी के प्रत्याशी के रूप में दारा सिंह को शिकस्त मिली है। समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह को 42759 वोटों से हरा दिया। उन्हें 1,24,447 वोट मिले जबकि दारा सिंह को 81,668 वोट मिले। वहीं बंगाल के धुपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की।




**■ केरल में कांग्रेस, बंगाल में टीएमसी, झारखंड में जेएमएम व उत्तर प्रदेश में सपा की जीत**
**■ 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के नतीजे किए गए घोषित**

### भाजपा ने त्रिपुरा की दो व उत्तराखंड की एक सीट जीती

चुनाव आयोग के मुताबिक, बीजेपी ने त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले की धनपुर और बोक्सानगर विधानसभा सीटें जीत ली हैं। करीब 66 फीसदी अल्पसंख्यक मतदाताओं वाली बोक्सानगर सीट पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है। धनपुर में बिंदु देबनाथ को जीत मिली है। वहीं बोक्सानगर में बीजेपी के तफज्जल हुसैन ने 30,237 वोटों से जीत हासिल की। उत्तराखंड की बागेश्वर सीट से भाजपा की पार्वती दास ने जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के बसंत कुमार को हराया।

## अवमानना करने वालों पर दया दिखाने की जरूरत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**■ न्यायिक संस्थानों के उदार रवैये पर की अहम टिप्पणी**



**नई दिल्ली,**8 सितम्बर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि न्यायिक संस्थानों के उदार रवैये ने बेईमान वादियों को आदेश की अवमानना करने या उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अवमाननाकर्ता उन्हें एक शक्तिशाली हथियार और कानूनी चाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो अदालतों को दया दिखाने की जरूरत नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से यह टिप्पणी तब सामने आई जब वह गुजरात उच्च न्यायालय के एक मामले पर फैसला सुना रही थी। उच्च न्यायालय ने संपत्ति विवाद में 2015 में दिए गए वचन की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत पांच लोगों को सजा सुनाई थी।

## ज्ञानवापी सर्वे को 56 दिन का समय और मिला

■ मसाजिद कमेटी ने एएसआई सर्वे का किया था विरोध ■ सर्वे टीम को परिसर में जाने से रोका था

**वाराणसी,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। ज्ञानवापी सर्वे को लेकर जिला कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एएसआई टीम को 56 दिन और सर्वे करने का आदेश दिया है। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने 35वें दिन एएसआई टीम को परिसर में जाने से रोका था। अंजुमन कमेटी ने कोर्ट के आदेश के बाद ही टीम को सर्वे के लिए अंदर जाने की बात कही थी। वहीं, गुरुवार को भी सर्वे शुरू होने के बाद मुस्लिम पक्ष ने



विरोध जताया था, जिसके चलते सर्वे रोका गया था। अंजुमन कमेटी का कहना था कि कोर्ट के आदेश आने के बाद ही सर्वे की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सात सितम्बर को भी किया था विरोध

ज्ञानवापी परिसर में सर्वे पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी तीन सितंबर से लगातार अपना विरोध दर्ज करा रही है। एएसआई की टीम से चार तारीख पर सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष ने सर्वे नहीं करने की अपील की थी, लेकिन सर्वे जारी रहा। 7 सितंबर गुरुवार को मसाजिद कमेटी के विरोध के बीच एएसआई की 30 सदस्यीय टीम ज्ञानवापी परिसर में सर्वे नहीं कर सकी।

## अजित का अध्यक्ष बनना गैरकानूनी : शरद पवार



**■ पार्टी के नाम व चिन्ह को लेकर चुनाव आयोग को बताया**

**मुंबई,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने आठ सितम्बर को चुनाव आयोग को बताया कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। वे पार्टी के अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो उनके साथ हैं। ऐसे हालात में अजित गुट पार्टी पर दावा कैसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अजित पवार का पार्टी का अध्यक्ष बनना और पार्टी के नाम और चिन्ह का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है।

### बहुमत हमारे पास : अजित पवार

अजित पवार गुट ने इलेक्शन कमीशन में दावा किया था कि वो एनसीपी है, जिसके अध्यक्ष अजित पवार हैं। अजित गुट ने इससे जुड़े दस्तावेज भी चुनाव आयोग को सौंप दिए थे। आयोग ने इस पर जवाब देने के लिए शरद पवार गुट को तीन हफ्तों नौ सितम्बर का समय दिया था।

## विधानसभा उपचुनावों के नतीजे भाजपा के लिए खराब संकेत

■ जयशंकर गुप्त

**■ सात सीटों में भाजपा के पाले में आ सकीं सिर्फ तीन सीटें**
**■ उप चुनावों के नतीजों से इंडिया गठबंधन को मिली नई ऊर्जा व ताकत**
**■ झारखंड के डुमरी में झामुमो व केरल में कांग्रेस के उम्मीदवार ने की जीत दर्ज**

**नई दिल्ली,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के घोसी सहित देश के छह राज्यों में विधानसभा की सात सीटों के लिए उपचुनावों के नतीजे भाजपा और इसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की अगले कुछ दिनों बाद होने वाले पांच राज्य विधानसभाओं और उसके कुछ महीनों बाद होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए खतरनाक संकेत कहे जा सकते हैं। सात सीटों में इसके पाले में केवल तीन सीटें ही आ सकीं। इसमें से उत्तराखंड के बागेश्वर में इसके उम्मीदवार की जीत महज दो हजार कुछ सौ मतों से हुई जबकि त्रिपुरा में दोनों सीटें (बाक्सानगर और धननगर) इसके उम्मीदवार मतदान में धांधली के विपक्ष के गंभीर आरोपों के बीच ही जीत सके। विपक्ष यानी माकपा के लोगों ने इस कथित धांधली के विरोध में मतगणना का बहिष्कार भी किया। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की कुल जमा सात सीटें हैं। इन उप चुनावों के नतीजों ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में बड़ी जीत से उत्साहित कांग्रेस और विपक्ष के इंडिया गठबंधन को नई ऊर्जा और ताकत दी है। इसके



चार उम्मीदवार चुनाव जीत गए। पश्चिम बंगाल के धुपगुड़ी में तो तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से सीट छीनी है। वहां भाजपा के उम्मीदवार के निधन के कारण उपचुनाव हुआ था। झारखंड के डुमरी में झामुमो और केरल में कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। केरल के पुथुप्पली में भाजपा के उम्मीदवार की जमानत भी नहीं बच सकी। वहां मुकाबला कांग्रेस और वाम मोर्चा के बीच था।

**भाजपा की उप्र के घोसी में हुई करारी हार**

लेकिन भाजपा और राजग की सबसे बड़ी और करारी हार तो उत्तर प्रदेश के घोसी में हुई जहां सपा के निवर्तमान विधायक दारा सिंह चौहान के भाजपा में शामिल हो जाने और इसलिए विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण उपचुनाव हुआ। घोसी विधानसभा का उपचुनाव एनडीए बनाम इंडिया भी बन गया था। लोगों की निगाहें घोसी पर लगी थीं। दारा सिंह पेशेवर दलबदलू हैं। कांग्रेस, बसपा, सपा, कांग्रेस, बसपा से भाजपा में होकर सपा में आए दारा सिंह ने पिछला चुनाव सपा के टिकट पर जीती था लेकिन प्रदेश में सपा की सरकार नहीं बनने से निराश दारा सिंह चौहान ने मंत्री बनने के सपने के साथ भाजपा में वापसी की और भाजपा ने भी अति पिछड़ी जातियों के बीच अपनी पैठ मजबूत करने की गरज से उन्हें उपचुनाव में उम्मीदवार बना दिया। उनके साथ पिछली बार सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पलटीमार ओमप्रकाश राजभर भी हो लिए। सपा के समर्थन से विधायक बने राजभर के मन में भी मंत्री नहीं बन पाने की कसक हिलोर मार रही थी। भाजपा के लोगों ने दारा सिंह की जीत के बाद ही दोनों को मंत्री बनाने आश्वासन दिया। यह भी कारण था कि पूरे दल बल और धन के साथ दारा सिंह और राजभर घोसी में डेरा डाले रहे। यही नहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक, राज्य सरकार के दो दर्जन मंत्री, इतने ही सांसद, चार पांच दर्जन विधायक, अपना दल की नेता, केंद्र सरकार में राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी वहां डेरा डाले रही। पूरा घोसी विस क्षेत्र पुलिस-सुरक्षाबलों की छवनी बन गया। रामपुर की तरह यहां भी खासतौर से यादव और मुसलिम मतदाताओं को डरा-धमकाकर मतदान करने से परहेज करने के संदेश दिए गए। सपा कार्यकर्ताओं को रेड कार्ड जारी किया गया। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। लेकिन मतदान कम होने के बावजूद घोसी के मतदाताओं ने अहंकार, निकम्मेपन और पलटीमार राजनीति के खिलाफ मतदान किया। सपा ने दलबदलू दारा सिंह के मुकाबले अपने पूर्व विधायक और तपे तपाए नेता सुधाकर सिंह को खड़ा किया। कांग्रेस, रालोद तथा कम्युनिस्ट दलों ने सपा को खुला... शेष पृष्ठ-2 पर

# देश

**उवाच** "सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और दूसरे धर्मों के खिलाफ बयान देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को भी दूसरे धर्मों की आलोचना नहीं करनी चाहिए:- **प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री गोवा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.4 | 26.4 |
| मुंबई | 28.8 | 23.8 |
| कोलकाता | 30.4 | 26.0 |
| चेन्नई | 35.5 | 23.1 |

# टोंक में कल इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना का शुभारंभ करेंगी प्रियंका गांधी

## तैयारियों के तहत टोंक, जयपुर और दौसा के नेताओं को सभा में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई

**जयपुर,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी 10 सितम्बर को इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत करेंगी। इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। झिलाई गांव के विवेकानंद मॉडल स्कूल में योजना का शुभारंभ करने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मंत्री मौजूद रहेंगे। तैयारियों के तहत टोंक, जयपुर और दौसा के नेताओं को सभा में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी तक शहरों में आठ रुपए में खाना परोसने की योजना चल रही है। गहलोत ने गांवों में भी इंदिरा रसोई से सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसे इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना के नाम से चलाया जाएगा। चुनावी साल में शहरों और गांवों में आठ रुपए में खाना मुहैया कराने की योजना को राजनीतिक फायदे के लिए अहम माना जा रहा है। महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए गहलोत सरकार ने हाल ही में 25 लाख



**गहलोत ने गांवों में भी इंदिरा रसोई से सस्ता भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसे इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना के नाम से चलाया जाएगा:- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता**

महिलाओं को मुफ्त स्मार्टफोन वितरित किए। इंदिरा प्रियदर्शिनी निधि, मुफ्त राशन समेत कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं के जरिए कांग्रेस अब विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। प्रियंका गांधी की सभा और इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत के पीछे यही रणनीति है।

गांधी शुरू से ही विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। कर्नाटक और हिमाचल के चुनावों में उन्होंने बड़ी-बड़ी सभाएं कीं। अब इसका विस्तार राजस्थान में भी किया जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक आलाकमान के वरिष्ठ नेताओं की योजनाओं की लॉन्चिंग के पीछे की रणनीति बड़ा संदेश देगी। इससे पहले 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में राहुल गांधी की सभा आयोजित की गई थी। कांग्रेस ने 6 सितंबर को भीलवाड़ा के गुलाबपुरा में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा आयोजित की थी। जिसमें खड़गे ने कामधेनु बीमा योजना की शुरुआत की।

## जी20 की अध्यक्षता आत्ममंथन का समय, एनडीए सरकार के जनगणना में विफलता को उजागर करता है: कांग्रेस



नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि जी20 के 18वें शिखर सम्मेलन की चक्रीय अध्यक्षता का क्षण विचार करने का समय है, यह 'एनडीए (नो डाटा अवेलेबल) सरकार की सबसे बड़ी विफलता' को उजागर करता है क्योंकि वह जनगणना कराने में असफल रही है जिससे अनुमान के अनुसार 14 करोड़ नागरिक खाद्य सुरक्षा अधिकारों से वंचित हो गये हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि हर 10 साल पर होने वाली जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन अब तक नहीं हो पाई है। जी20 के लगभग सभी देश कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद जनगणना कराने में सफल रहे। इंडोनेशिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में भी जनगणना का काम हुआ है। रमेश ने कहा, 'मोदी सरकार अक्षम है। वह देश का सबसे बड़ा सांख्यिकी कार्य कराने में असफल रही है जो 1951 से हमेशा समय पर हुआ है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी विफलता है।' उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जनगणना नहीं होने से लगभग 14 करोड़ लोग जनवितरण प्रणाली के तहत राशन पाने से वंचित हैं। उन्होंने कहा, यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तह प्रदत्त मौलिक अधिकारों से उन्हें वंचित रखना है, जिसे संप्रग सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के जरिये लागू किया था।

# भारतीय वायु सेना को मिलेगा पहला एयरबस 'सी-295 विमान'

## वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी 'सी-295 विमान' की डिलीवरी लेने के लिए स्पेन जाएंगे

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी 'सी-295 विमान' की डिलीवरी लेने के लिए स्पेन जाएंगे। इसके साथ ही भारत को इसी महीने पहला एयरबस सी-295 सामरिक सैन्य परिवहन विमान मिलेगा। विमान कंपनी एयरबस के इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने पुष्टि की है कि भारतीय वायु सेना को सी-295 विमान की आपूर्ति इसी महीने होने जा रही है।

गौरतलब है कि लगभग 2 वर्ष पहले सितंबर 2021 में भारत में इन सैन्य सामरिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस से एक समझौता किया था। एयरबस के साथ किए गए समझौते के तहत गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड एयरबस के साथ मिलकर 40 विमान बनाएगा। यह फैक्ट्री वर्ष 2026 तक बनकर पूरी होगी। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक सी-295 ट्रांसपोर्ट विमान को दो पायलट उड़ाते हैं। इसमें 73 सैनिक पैराट्रूपर्स, स्ट्रेचर, इंटेसिव केयर मेडवैक, स्ट्रेचर मेडवैक के साथ मेडिकल अटेंडेंट यात्रा कर सकते हैं। यह एक बार में अधिकतम 9,250 किलोग्राम वजन ले जा सकता है। विमान की लंबाई 80.3 फीट, विंगस्पैन 84.8 फीट और ऊंचाई 28.5 फीट है।

गौरतलब है कि इसके अलावा भारत ने 31 एमक्यू-9 बी हथियारबंद हंटर किलर ड्रोन की खरीद के लिए अमेरिका को एक औपचारिक अनुरोध भेजा है। भारत यह युद्धक ड्रोन खरीदने की इच्छा पहले ही जारी कर चुका है। अब औपचारिक अनुरोध भेजकर भारत मौजूदा वित्तीय वर्ष में अंतिम अनुबंध पूरा कर लेना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका से खरीदे जाने वाले कुल 31 ड्रोन में से 15 ड्रोन भारतीय नौसेना के लिए और आठ ड्रोन सेना और शेष 8 ड्रोन वायु सेना को दिए जाएंगे।

नई दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर के जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस कार्यक्रम में शिरकत के लिए भारत आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी और जो बाइडेन की महत्वपूर्ण बैठक भी होनी है।





■ **2021 में भारत में इन सैन्य सामरिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस से समझौता किया था**

प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की मुलाकात से पहले भारत ने 31 हथियारबंद हंटर किलर ड्रोन के लिए अमेरिकी सरकार को एक औपचारिक अनुरोध भेजा है। इससे पहले भारत का रक्षा मंत्रालय 31 'हंटर-किलर' ड्रोन के लिए लेटर ऑफ रिक्वेस्ट भेज चुका है। जानकारी के मुताबिक, बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन एक या दो महीने के अंदर अपने विदेशी सैन्य बिक्री प्रोग्राम के तहत अमेरिकी कांग्रेस को लागत और अपेक्षित सूचना के साथ ही एलओए के साथ जवाब देगा। रक्षा जानकारों ने बताया कि अमेरिका के ये ड्रोन 40,000 फीट तक की ऊंचाई तक उड़ान भरने की क्षमता रखते हैं। दूर ऊंचाई तक उड़ने की क्षमता के साथ ही हथियारों से लैस यह ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी के लिए भी आसानी से उपयोग में लाए जा सकते हैं।

रक्षा जानकारों का कहना है कि इसके साथ-साथ इन मानव रहित ड्रोन का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। अमेरिका के इन ड्रोन एक बड़ी खूबी यह भी है कि यह सभी ड्रोन किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना करीब तीस से चालीस घंटे तक की उड़ान एक बार में भर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### असम में मुसलमान कई पत्नियां नहीं रखते क्योंकि वे बेरोजगार हैं: अजमल

गुवाहाटी। असम सरकार राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने पर विचार कर रही है। वहीं ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि मुसलमान आमतौर पर एक विवाह में विश्वास करते हैं और हिंदू अक्सर कई बार शादी करते हैं। अजमल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'भाजपा और असम के मुख्यमंत्री ने राज्य में रहने वाले मुस्लिम लोगों से उनका सब कुछ छीन लिया है। उनके पास रोजगार, पैसा नहीं है।इसके अलावा हिमंत बिस्वा सरमा मुस्लिम लोगों को अपने जीवन यापन के लिए सड़कों पर सब्जियां बेचने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। इस प्रकार, मुसलमान चाहें भी तो एक से अधिक शादी नहीं कर सकते।' धुबरी लोकसभा सांसद ने आगे कहा कि आजकल हिंदू अक्सर कई पत्नियां रखते हैं। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध के पक्ष में एक मजबूत जन समर्थन है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### विधानसभा उपचुनावों के नतीजे भाजपा...

समर्थन दिया। बसपा ने अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया और अपने समर्थकों से नोटा का बटन दबाने को कहा। इसका भरपूर लाभ सपा उम्मीदवार को मिला। स्थानीय होने और अडिग रहने के कारण सपा के लोगों के साथ ही उन्हें भाजपा के खांटी कार्यकर्ताओं और बसपा के जनाधार का समर्थन भी मिला। बसपा से किसी मुसलमान के और कांग्रेस से किसी यादव के मैदान में नहीं होने कारण पिछड़ी जातियों और दलित समाज के लोग भी बड़े पैमाने पर सपा के साथ लामबंद हुए। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर के बार बार पाला बदलने की राजनीति के कारण उनके राजभर समाज और उनकी पार्टी में भी उनके विरुद्ध असंतोष बढ़ा और बगावत शुरू हो गई। लोगों ने उन्हें सबक सिखाने का मन बना लिया। इस बार समाजवादी पार्टी ने भी पूरी ताकत के साथ यह उपचुनाव लड़ा। अखिलेश यादव को समझ में आ गया कि घोसी के पिछले उपचुनाव और फिर आजमगढ़ के संसदीय उपचुनाव में पार्टी के चुनाव अभियान में शामिल नहीं होकर उन्होंने भारी राजनीतिक भूल की थी। वह इस सदलबल घोसी आए। उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव मतदान के एक दिन पहले तक घोसी और आसपास डंटे रहे। पार्टी के तमाम नेता, विधायक भी घोसी में डंटे रहे। इसका पूरा लाभ सपा उम्मीदवार को मिला। जाहिर सी बात है कि इन सात विधानसभा सीटों और खासतौर से घोसी के उपचुनावी नतीजे भाजपा-एनडीए और इसके रणनीतिकारों के लिए भी परेशानी का सबब बन सकते हैं। खासतौर से तब जबकि दो-तीन महीने बाद ही राजस्थान, छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी मन ही मन मुस्करा रहे होंगे। घोसी के उपचुनाव के नतीजे से पूर्वांचल में उनके लिए तीन सिर दर्द निपट जाएंगे।

# भारत मंडपम' ने समेटा गया है शानदार सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल इंडिया का अद्भुत नजारा

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत जी-20 की अगुवाई कर रहा है। शुक्रवार से शुरू हुए इस भव्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए तकरीबन 40 देशों के मेहमान दिल्ली पहुंच चुके हैं। जिनकी मेजबानी कर रहे भव्य आयोजन स्थल भारत मंडपम को ने केवल आकर्षक तौर पर सजाया गया है बल्कि इसमें सदस्य देशों की सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों को भी खासतौर परोसा गया है। भारत मंडपम के अलग-अलग गलियारों में तमाम देशों की अलग-अलग विशेषताओं की झांकियां बरबस लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। विशेष तौर पर बनाया गया संस्कृति गलियारा जिसका मकसद अलग-अलग देशों की अलग-





अलग तरह की संस्कृतियों व उनसे जुड़ी समझ और ज्ञान को एक मंच पर साझा करना है। ताकि सदस्य देशों के मेहमान एक-दूसरे की विरासत को आसानी से जान-समझ सकें। इसी उद्देश्य से भारत मंडपम के संस्कृति गलियारा में जी20 के सदस्य देशों और 9 आंमत्रित सदस्य देशों की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी तमाम चीजों को एक साथ रखा गया है। डिजिटल इंडिया अनुभव क्षेत्र को हॉल नम्बर 4 और 14 में स्थापित किया गया है। यहां भारत की प्रौद्योगिक उपलब्धियों का नजारा देखा जा सकता है। यहां से डिजिटल इंडिया की सभी खास पहल जैसे आधार, यूपीआई, डिजीलॉकर, ई संजीवनी, दीक्षाभाषिनी, ओएनडीसी ऑस्क गीता के बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है। ऑस्क गीता एक अनोखी पहल है, इसमें भगवत गीता को प्राचीन ज्ञान के स्रोत के तौर पेश किया गया है। एक अन्य झांकी में भारतीय रिजर्व बैंक के अनोखे पवेलियन को दिखाया गया है। जहां लेन-देन के आधुनिक तकनीक का दर्शन होगा। यहां आर्थिक मामलों में आई तकनीकी क्रांति की तमाम जानकारी मिल सकेगी। इसमें बैंकिग क्षेत्र की तकरीबन हर गतिविधियों को दिखाया गया है। इसके अलावा हाल नम्बर-3 में शिल्प बाजार की की प्रदर्शनी लगी है। इसमें तकरीबन सभी देशों के हस्तशिल्प उत्पादों की लगाया गया है। इस शिल्प बाजार में देश के 28 राज्यों व 9 केद्रशासित प्रदेशों के हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदा जा सकता है।

# जदएस के साथ गठबंधन से भाजपा मजबूत होगी : येदियुरप्पा

## कांग्रेस का दावा, जद (एस) मिट जाएगी

**बेंगलुरु,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जद (एस) के साथ गठबंधन से कर्नाटक में भाजपा मजबूत होगी। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने दावा किया कि आने वाले दिनों में जद (एस) का अस्तित्व रहेगा या नहीं यह भी ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता। येदियुरप्पा ने फ्रीडम पार्क में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह भाजपा और जद (एस) गठबंधन का स्वागत करते हैं। गठबंधन से ज्यादा सीटें जीतना संभव है। इस संबंध में नई दिल्ली में बातचीत चल रही है। जद (एस) के शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की थी। दोनों पार्टियों के नेता इस पर सहमत हो गए हैं। येदियुरप्पा ने कहा, 'अमित शाह जद (एस) को चार एमपी सीटें देने पर सहमत हो गए हैं। इसलिए, भाजपा जद (एस) को चार संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने देगी और वह बाकी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। 'इससे हमें अधिक सीटें जीतने में मदद मिलेगी। मुझे विश्वास है कि गठबंधन (कुल 28 में से) 25 से 26 सीटों पर विजयी होगा।' पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गठबंधन का स्वागत किया और कहा कि विपक्षी एकता समय की जरूरत है।



**वह भाजपा और जद (एस) गठबंधन का स्वागत करते हैं। गठबंधन से ज्यादा सीटें जीतना संभव है। इस संबंध में नई दिल्ली में बातचीत चल रही है:-येदियुरप्पा**

**आने वाले दिनों में जद (एस) का अस्तित्व रहेगा या नहीं यह भी ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता, जद (एस) मिट जाएगी :-डी.के. शिवकुमार उपमुख्यमंत्री**

# रेस्टोरेंट में खाना पैक करने में स्वास्थ्य और सुरक्षा का रखें ध्यान : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। रेस्टोरेंट में खाना पैक करने के लिए बिना लेपित कागजों और अखबार के इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक याचिका पर केरल उच्च न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त से जवाब देने को कहा है। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने कहा कि खाद्य आयुक्त को सभी रेस्टोरेंट में सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए, भले ही वे कितने प्रतिष्ठित हों या नहीं। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, 'मेरा विचार है कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त की इस संबंध में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि पैकिंग के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की उचित निगरानी और पर्यवेक्षण नहीं किया जाता है तो नागरिकों का जीवन खतरे में है।' कोर्ट ने बताया कि कोविड के बाद फूड पार्सल का वितरण बढ़ गया है। आदेश में कहा गया है, 'पैक्ड कंटेनरों में भोजन का वितरण बड़ी संख्या में बढ़ गया है। जिस तरीके से यह किया जाना है, उसके संबंध में कोई विशेष निर्देश उपलब्ध नहीं हैं।' न्यायाधीश ने कहा कि यह मुद्दा एक गंभीर सार्वजनिक चिंता का विषय है, और इसलिए सक्षम अधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। यह आदेश कंपोस्टेबल पेपर प्लेटों के निर्माता, अन्ना पॉलिमर के मालिक, नेबू थॉमस चेरियन की एक याचिका पर आया है।





याचिकाकर्ता ने दावा किया कि अन्ना पॉलिमर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा प्रमाणित किया गया था और खाद्य माइग्रेशन, खाद्य ग्रेड और ग्रीस-प्रूफ गुणों के लिए कठोर परीक्षणों से गुजरना पड़ा था।

# जी20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति के नहीं आने को भारत ने नहीं दिया कोई महत्व

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति और यूक्रेन संघर्ष पर वार्ता के पटरी से उतरने की आशंका को यह कह कर महत्व नहीं दिया कि वह सभी देशों को एक मंच पर लाने में कामयाब रहा है। यह अगले दो दिनों में शिखर सम्मेलन के दौरान दिखेगा। जी20 शिखर सम्मेलन से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि चीन एक बहुपक्षीय खिलाड़ी है और बहुपक्षीय चर्चा में मुद्दे द्विपक्षीय मुद्दों से अलग होते हैं।

कांत ने शी की अनुपस्थिति से कार्यक्रम पर प्रभाव पड़ने के सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'चीन विकास के मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण लाता है। हालांकि, ऐसे आयोजनों में आम सहमति होती है और सभी को एक साथ होना होता है, क्योंकि हर देश के पास वीटो पावर है। हम सभी को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं। हमने हर देश के साथ काम किया और उन्हें अपने साथ लाया, जिसे आप शिखर सम्मेलन के दौरान देखेंगे।' यूक्रेन संघर्ष के कारण जी20 शिखर सम्मेलन के पटरी से उतरने के सवाल पर शेरपा ने कहा, 'जी20 विकास के मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच है। हालांकि, पिछली बार बाली (जी20 शिखर सम्मेलन) में यह महसूस किया गया था कि युद्ध और संघर्ष अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं और इसलिए इस पर चर्चा हुई।





### जी 20 में भारत, अमेरिका, सऊदी व यूएई को रेलवे सौदे की घोषणा की उम्मीद

नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शनिवार को एक प्रमुख संयुक्त बुनियादी ढांचा समझौते की घोषणा करने की उम्मीद कर रहे हैं, जो रेलवे के नेटवर्क के माध्यम से खाड़ी देशों को जोड़ेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है। एक्सियोस की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्षेत्र के बंदरगाहों से शिपिंग लेन के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा। यह परियोजना उन प्रमुख पहलों में से एक है, जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में आगे बढ़ा रहा है, क्योंकि क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। मध्य-पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विज़न का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**चुनाव परिणाम** *घोसी में उपचुनाव परिणाम के होंगे दूरगामी प्रभाव*

# यूपी में बदल सकती है भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति

रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ, 8 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की 'चढ़ी बजार' और योगी सरकार की 'विकासवादी छवि' के बावजूद घोसी उपचुनाव में दारासिंह चौहान की भारी पराजय ने भाजपा को भीतर से झकझोर दिया है। मुंह बचाने के लिए कोई बयान कुछ भी दे लेकिन यह हार पार्टी नेतृत्व को पचाए नहीं पच रही होगी। जिस एक सीट को हासिल करने के लिए पार्टी ने 25 मंत्रियों और 60 विधायकों की फौज झोंक दी थी,उसका परिणाम इस रूप में हासिल होना दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के लिए किसी सुनामी से कम नहीं।**

हर पल मंत्री पद के लिए बेकरार कहे जाने वाले सुभासपा नेता चुनाव परिणाम को बाद जिस तरह से मीडिया से छुपते-बचते दिख रहे थे, वह भी किसी कौतूहल से कम नहीं था। घोसी उपचुनाव परिणाम उत्तर प्रदेश में भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति बदल देंगे, ऐसी आशंका जताई जा रही है।

घोसी में भाजपा और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। नवगठित 'इंडिया' गठबंधन की साख भी इससे जोड़ी जाने लगी थी। इसीलिए भाजपा ने पिछड़े वर्ग के वोटरों के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजभर जाति के वोटरों को रिझाने के लिए ओमप्रकाश राजभर को, निषाद वोटरों के लिए योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद, भूमिहार वोटरों के लिए एके शर्मा और कुर्मी वोटरों के लिए स्वतंत्र देव सिंह, ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुस्लिम समाज के पसमांदा वोटरों को साधने के लिए दानिश आजाद अंसारी को चुनाव मैदान में भेजा था। इतने उपाय करने के बावजूद परिणाम हार ही रहा। हार को लेकर अब यह कहा जाने लगा है कि यह तो दारासिंह चौहान की हार है। उनकी दलबदलू छवि से क्षेत्र के लोग बेहद नाराज़ थे। सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर अब यह बयान देकर अपना बचाव करने की कोशिश में लगे हैं कि विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर सवाल उठाता है। वह कम से कम अब यह आरोप तो नहीं लगा पाएगा। हम गलतियों से सीख लेंगे और आगे के चुनाव में सुधार करेंगे।



■ **दारासिंह चौहान की दलबदलू छवि से बेहद नाराज थे लोग**

■ **25 मंत्रियों और 60 विधायकों की फौज भी जिता न सकी सीट**

■ **भाजपा के बड़े नेताओं के बीच खींचतान की भी चर्चा**

हालांकि दो तीन चुनावों को छोड़ दिया जाए तो घोसी सीट पर अक्सर समाजवादियों की ही जीत होती रही है। लेकिन अपनी सरकार होने के बावजूद भाजपा की हार किसी अचरज से कम नहीं। अक्सर विवादों से घिरे रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि हम लोग 50 हजार वोटों से घोसी जीतेंगे। उनकी बात लगभग सही साबित हुई।

चुनाव में हार के बाद यह चर्चा भी चल पड़ी है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विश्वास में लेने के बजाए दारासिंह चौहान और ओमप्रकाश राजभर को सीधे पार्टी ज्वाइन करवा लिया था। इस बात पर तनातनी चल रही थी। इस चर्चा में कितना दम है, यह अंदरखाने के लोग जान रहे होंगे लेकिन चर्चा तो चर्चा है। उसे कौन रोक सकता है। इसके अलावा इस चुनाव में सुनील बंसल जैसे कुशल संगठन महामंत्री की नामौजूदगी भी कम मायने नहीं रखती है। इसीलिए पार्टीजनों के बीच खुसफुसाहट शुरू है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति में बदलाव किया जाएगा। कुछ लोगों को संभावना थी कि इसी चुनाव परिणाम के बाद 10 तारीख को योगी मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और उसमें दारासिंह चौहान, ओमप्रकाश राजभर व कुछ युवा चेहरों को मंत्री बनाया जाना था। बदले हालात में यह हो पाएगा या नहीं,यह तो वक्त बताएगा लेकिन यह तो तय माना जा रहा है कि हार के बावजूद चौहान की हैसियत बनाए रखने की गरज से उन्हें उस सीट से एमएलसी बनाया जाएगा जो डॉ. दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने के बाद खाली हो रही है। इस चर्चा से भाजपा के बहुतेरे नेताओं में मायूसी छा गई है जो अपने को इस पद के लिए उपयुक्त मानने लगे थे और रेस में शामिल होने की तैयारी में हैं।

**उल्टा पुल्टा**

एक औरत तेज चल रही ट्रेन में दौड़ लगाकर चढ़ी तो सभी लोगों ले कहा:
'कमाल की औरत है, कमाल की औरत है.. !'
तो उस औरत ने कहा :
'कमाल तो मेरा देवर है,
.. मैं जमाल की औरत हूं।।।'

# जी20 के मद्देनजर दिल्ली की सड़कों पर पसरा सन्नाटा







**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर नई दिल्ली जिले में शुक्रवार सुबह कड़े ट्रैफिक नियम लागू होने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और प्रमुख स्थलों पर भी आगंतुक नजर नहीं आए। विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) एस एस यादव ने बताया कि पटेल चौक मेट्रो स्टेशन जी20 में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों को ठहराने वाले कुछ होटलों के करीब है और इस स्टेशन पर यात्रियों के पहचान पत्र की जांच की गई। जो लोग क्षेत्र के वास्तविक निवासी नहीं हैं या क्षेत्र में आने का कोई वैध कारण नहीं बता सके, उन्हें वापस जाने के लिए कहा गया। नई दिल्ली स्थित हनुमान मंदिर में लोग नजर नहीं आए। आमतौर पर इस मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। शिखर सम्मेलन की सुरक्षा व्यवस्था के कारण कनॉट प्लेस बाजार और अन्य बाजार बंद थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिखर सम्मेलन के दौरान कड़ी निगरानी रखने के लिए श्वान दस्ते और घुड़सवार पुलिस के साथ 50,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने 25 अगस्त को जारी एक परामर्श में प्रतिबंधित वाहनों की सूची में मालवाहक वाहनों, बस, ऑटो-रिक्शा और टैक्सी की आवाजाही को शामिल नहीं किया है।

लोगों से नियंत्रित यातायात गतिविधि के कारण जितना संभव हो सके मेट्रो सेवाओं का उपयोग करने का आग्रह किया गया है। पुलिस ने लोगों को प्रतिबंध लागू रहने तक शहर में घूमने के लिए नेविगेशन ऐप मैपमायइंडिया का उपयोग करने की सलाह दी है।

अधिकारी ने बताया कि चूंकि इंडिया गेट और कर्तव्य पथ नियंत्रित क्षेत्र में आते हैं, इसलिए दिल्ली पुलिस लोगों से अपील करती है कि वे जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान सैर के लिए, साइकिल चलाने या पिकनिक के लिए इस क्षेत्र में नहीं आएं।

रिंग रोड से नई दिल्ली की ओर सड़क मार्ग पर जाने की अनुमति रिंग रोड के अंदर के पूरे क्षेत्र को विनियमित क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है। इसका मतलब यह है कि केवल वहां के निवासियों, अधिकृत वाहनों, आपातकालीन वाहनों और हवाई अड्डे, पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों को रिंग रोड से आगे नई दिल्ली जिले की ओर सड़क मार्ग पर जाने की अनुमति होगी। नई दिल्ली जिले में होटलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए हाउसकीपिंग, खानपान और अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े वाहनों को भी सत्यापन के बाद आने-जाने की अनुमति दी जाएगी। रविवार दोपहर दो बजे तक लगभग 16 सड़कों और जंक्शनों को नियंत्रित क्षेत्र दो माना जाएगा।

**प्रगति मैदान सुरंग के अंदर 10 सितम्बर तक जाने की अनुमति नहीं**

सभी प्रकार के मालवाहक वाहन, वाणिज्यिक वाहन, अंतरराज्यीय बसें और दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम की बसों को मथुरा रोड (आश्रम चौक से आगे), भैरों रोड, पुराना किला रोड और प्रगति मैदान सुरंग के अंदर आठ सितम्बर आधी रात से 10 सितम्बर रात 11 बजकर 59 मिनट तक जाने की अनुमति नहीं होगी। गाजीपुर बॉर्डर से आने वाली अंतरराज्यीय बसें आईएसबीटी सराय काले खां तक ही जाएंगी, जबकि अप्सरा बॉर्डर, चिल्ला बॉर्डर, बदरपुर बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर और सिंघू बॉर्डर से आने वाली बसें क्रमश: आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आईएसबीटी सराय काले खां, आश्रम चौक, पीरागढ़ी चौक और मुकरबा चौक पर यात्रा समाप्त करेंगी।

दिल्ली पुलिस ने लोगों को हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनों या बस टर्मिनलों तक आने-जाने के लिए मार्ग सुझावों को लेकर जी20 वर्चुअल हेल्प डेस्क पर वास्तविक समय की यातायात जानकारी का पालन करने की सलाह दी है। जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9-10 सितम्बर को आयोजित होगा।

## जी20 सम्मेलन : गेंदे की मालाओं से सजाए गए पेड़

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के मद्देनजर सड़कों के किनारे सैकड़ों पेड़ों को गेंदे की मालाओं से सजाया गया है। यह सजावट उन मार्गों पर की गई है जिनसे सम्मेलन में शामिल होने आए विदेशी प्रतिनिधि और मेहमान गुजरेंगे। पालम तकनीकी क्षेत्र, सरदार पटेल मार्ग, राजघाट और अन्य महत्वपूर्ण चौराहों पर गेंदे की मालाओं से सजे पेड़ों को देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) एलजी वी के सक्सेना के आदेश पर यह सजावट की गई है।

सक्सेना ने बीते सप्ताह बताया था, मेहमानों के स्वागत की यह गुजराती परंपरा है। यह पर्यावरण-अनुकूल तरीका भी है और गेंदे के फूलों से सौंदर्य मूल्य भी बढ़ जाता है। इस कार्य में विभिन्न एजेंसियां शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली छावनी बोर्ड ने पालम तकनीकी क्षेत्र (थिमैया रोड से परेड रोड) में करीब 400 पेड़ों को सजाया है जबकि लोक निर्माण विभाग ने



■ राजघाट के पास लगभग 200 पेड़ों और 100 खंभों की हुई सजावट

राजघाट के पास लगभग 200 पेड़ों और 100 खंभों की सजावट की है। इसके अलावा, नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने सरदार पटेल मार्ग और महत्वपूर्ण चौराहों पर करीब 1,200 पेड़ों को सजाया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने लगभग 300 पेड़ों की सजावट की। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में महत्वपूर्ण सड़कों पर इस तरह की पर्यावरण-अनुकूल सजावट पहली बार हुई है। जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन नौ और 10 सितम्बर को हो रहा है।

**सार संक्षेप**

### केसीआर ने एरपुला नरोत्तम को 'तेलंगाना राज्य एससी जाति सहकारी विकास निगम' का अध्यक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने एरपुला नरोत्तम को 'तेलंगाना राज्य एससी जाति सहकारी विकास निगम' का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री के फैसले के अनुसार राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री केसीआर के आदेशानुसार शुक्रवार को ये आदेश वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री तन्निरु हरीश राव और एरपुला नरोत्तम को सौंपे गए और उन्हें बधाई दी। एर्पुला नरोत्तम ने चेयरमैन बनने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री केसीआर को धन्यवाद दिया।

### त्योहारी सीजन में एसयूवी कारों पर रहेगा जोरः कारलेलो

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी मौसम के प्रति उत्साह के बीच, नई कार खरीदने से जुड़े प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, कारलेलो (कैप्री लोन के उद्यम) को एसयूवी की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इस रुझान के बीच, मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई, होंडा, किया, टाटा, टोयोटा और एमजी जैसे ब्रांड दबदबा बनाने के लिए तैयार हैं। साथ ही, क्रेटा, ब्रेज़ा, ग्रैंड विटारा, जिम्नी, अर्बन क्रूज़र हायराइडर और थार जैसे मॉडलों की ज़ोरदार मांग बनी हुई है, जो अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। 25 से 35 साल के आयु वर्ग के युवा खरीदारों ने ऐसी नई कारों को ऑनलाइन खरीदने में रुचि दिखाई है। कारलेलो के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, गौरव अग्रवाल ने कहा कि त्योहार की हलचल के बीच, एसयूवी सुर्खियों में है, जो इस मौसम का रुझान बन गया है। लेकिन यह सिर्फ कार की बात नहीं है, ग्राहक अब बेहतर सुरक्षा उपायों के साथ विभिन्न किस्म के फीचर वाले वाहन चाहते हैं। प्राथमिकता में इस बदलाव से, नई कार खरीदने के संबंध में हमारे दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। अब ऑनलाइन कार खरीदना, चलन बन गया है क्योंकि हमें वर्चुअल प्लेटफॉर्म के ज़रिये ज़्यादा सुविधा, विकल्प और स्पष्ट जानकारी मिल पाती है।

### रेलवे स्टेशन के बाहर से तीन खालिस्तानी समर्थक हिरासत में लिए गए

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला पुलिस ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर गुरुवार देर रात तीन खालिस्तान समर्थकों को गुरुवार को हिरासत में लिया। फिलहाल स्पेशल सेल, स्थानीय पुलिस और आईबी आदि की संयुक्त टीम तीनों से पूछताछ कर रही है। जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। इस बीच उत्तर जिला पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस संस्था के कुछ सदस्य पुरानी दिल्ली इलाके में आए हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर एसीपी स्पेशल स्टाफ धर्मेंद्र कुमार की देखरेख में एसआई रोहित ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिए तीनों युवकों की तलाश शुरू की। टीम ने मोबाइल और आईपी अड्रेस के सहारे तीन युवकों को दबोच लिया। इनकी पहचान रुपिंदर जीत सिंह, अमन शर्मा और शगुनप्रीत सिंह के तौर पर हुई। इसमें रुपिंदर टैटू कलाकार है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रुपिंदर और अमन हरियाणा के सिरसा जिले के रहने वाले हैं। वर्ष अगस्त 2020 में रुपिंदर और अमन ने अपने गांव की चौपाल पर खालिस्तान का झंडा फहरा दिया था। इसके आरोप में दोनों को यूएपीए की धारा में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि चार दिन बाद ही दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया था। अभी तक की पूछताछ में तीनों से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## जी20 शिखर सम्मेलन: दिल्ली में सोशल मीडिया पर विस्फोटक की अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर विस्फोटक की अफवाह फैलाने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति को उत्तरी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया था कि एक ऑटो-रिक्शा बंदूकें और विस्फोटक लेकर प्रगति मैदान की ओर जा रहा है। प्रगति मैदान क्षेत्र नई दिल्ली जिले के अंतर्गत आता है, जिसे जी20 शिखर सम्मेलन के लिए 'नियंत्रित क्षेत्र 1' में रखा गया है और क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार, डीसीपी आउटर नॉर्थ के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को टैग करते हुये कुलदीप साह (21) के ने एक्स पर पोस्ट किया कि 'यह ऑटो ड्राइवर प्रगति मैदान की तरफ गन्स और एक्सप्लोसिव लेकर जा रहा है।' उसने ऑटो-रिक्शा का



पंजीकरण नंबर और तस्वीर भी शेयर किया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि ट्वीट की संवेदनशीलता को देखते हुए संबंधित ऑटो मालिक का पता लगाया गया, जो एसएसएन पार्क निवासी गुरमीत सिंह (50) के नाम पर पाया गया।

डीसीपी ने कहा, 'पते ऑटो चालक हरचरण सिंह (48) मिला जिसने बताया कि ऑटो उसके भाई के नाम पर पंजीकृत है और वह चांदनी चौक इलाके में कपड़े ले जाने के लिए ऑटो का इस्तेमाल कर रहा है।' सिंह ने आगे कहा कि उसका ऑटो की पार्किंग को लेकर उसी गली में रहने वाले कुलदीप साह नाम के एक व्यक्ति के साथ विवाद चल रहा है।

डीसीपी ने कहा, 'सभी तथ्यों की पुष्टि की गई और ऑटो की गहन जांच की गई और कोई भी संदिग्ध चीज़ नहीं मिली। इसके अलावा कुलदीप साह के घर पर उससे पूछताछ की गई।' पूछताछ करने पर साह ने स्वीकार किया कि उसने यह ट्वीट पोस्ट किया है क्योंकि ऑटो चालक ने उसके घर के बाहर ऑटो पार्क किया था और उसने उसे कई बार चेतावनी दी थी कि वह इसे उसके घर के बाहर पार्क न करें। डीसीपी ने कहा, 'शाह ने जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के संबंध में अफवाह/झूठा पोस्ट किया। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।'

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की भव्य जन्माष्टमी ने मंत्रमुग्ध कर दिया

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित जन्माष्टमी ने श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य नाटिकाओं द्वारा दिल्लीवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अद्भुत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी उपस्थिति रही। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जी20 की थीम-'वसुधैव कुटुंबकम' पर आधारित वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान को आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनके प्रयासों और



योगदान के लिए बधाई देती हूं। यह उल्लेखनीय है कि डीजेजेएस ने आध्यात्मिकता के माध्यम से जेल के कैदियों को कैसे बदल दिया है। यह एक कठिन कार्य है, लेकिन डीजेजेएस ने इसे संभव बनाया है और उन्हें सच्चाई के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्यों की भी सराहना की और उन्हें भगवान में विश्वास की मशाल को जीवित रखने वाले भक्त के रूप में माना। संस्थान के सचिव स्वामी नरेंद्रानंद जी ने बताया कि दो दिवसीय महा-आयोजन में कुल मिलाकर, लगभग 40,000 से 50,000 भक्तों की उपस्थिति देखी गई।

## भारतीय समाज को टूटने से किस तरह बचाया जाए शीर्षक पर संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। मंडावली में बच्चों द्वारा एक आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मंडावली तथा सोनिया विहार के आसपास के बच्चों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में शिव चर्चा के माध्यम से बताया गया की किस तरह हम शिव चर्चा के माध्यम से अपने समाज तथा बच्चों में भारतीय संस्कृति के अच्छे विचार तथा बुजुर्गों के प्रति अच्छा व्यवहार करने से क्या फल मिल सकता है तथा पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव को किस तरह कम किया जा सकता है आजकल देखा जाता है की किस तरह माता-पिता अपने बच्चों के गलत व्यवहार की वजह से कितना दुखी रहते हैं उससे किस तरह आध्यात्मिक को अपनाकर निजात पाया जाए और भारतीय समाज को टूटने से किस तरह बचाया जाए । इस संगोष्ठी में आदित्य कुमार, सोनाक्षी कुमारी, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी, नीलम कुमारी, माया कुमारी,




अंशिका, आकाश, प्रीति, अर्चना, संध्या और पूनम देवी ,सोनिया विहार से एडवोकेट कृष्ण कुमार ने वेदों में शिव के स्थान की व्याख्या की तथा मंच का संचालन खुशबू, सुनैना एवं राकेश ने किया। राकेश ने कहा की शिव ही एकमात्र देवता है जो गुरु पद को धारण करते हैं महेश्वर शिव ही समस्त सृष्टि के सृजन करता है इसलिए कहा जाता है की गुरु को बहुत सोच समझ कर बनाना चाहिए इसलिए इस संगोष्ठी में यह विषय रखा गया की शिव को ही अपना गुरु बनाया जाए।

## चीन के मुकाबले 9 फीसदी से अधिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है कृषि-रसायन उद्योग: प्रो. रमेश चंद


**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। घटती चीनी प्रतिस्पर्धा के बीच नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भारत का कृषि-रसायन उद्योग मौजूदा दर की तुलना में अधिक गति से विकसित हो सकता है। गौरतलब है कि पिछले 5-6 सालों में इस उद्योग की विकास दर 8-9 फीसदी पर पहुंच गई है। एग्रो कैम फेडरेशन ऑफ इंडिया एसीएफआई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सालाना आम बैठक के दौरान एक पैनल चर्चा में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर रमेश चंद ने कहा कि 2016 के बाद से कृषि-रसायन सेक्टर की विकास दर उछाल के बाद 8-9 फीसदी पर पहुंच गई है और उद्योग जगत 10 फीसदी विकास दर तक पहुंच सकता है। इसे चमत्कारिक विकास दर कहा जा सकता है क्योंकि इसमें से ज़्यादातर बढ़ोतरी कोविड-19 महामारी के वर्षों के दौरान हुई है, जब उत्पादन गतिविधियां गंभीर रूप से बाधित थीं। चूंकि चीन से प्रतिस्पर्धा के और कम होने की संभावना है, ऐसे में कृषि-रसायन उद्योग काफी अधिक दर से विकसित हो सकता है।

कृषि- रसायन क्षेत्र के विकास में कृषि क्षेत्र की भूमिका पर रोशनी डालते हुए रमेश चंद ने कहा पिछले 10 सालों और पिछले 5-6 सालों में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि ''हमने वाजपेयी जी के कार्यकल में कृषि क्षेत्र में 4 फीसदी विकास का लक्ष्य तय किया था, किंतु हमने वह विकास 10 साल में हासिल किया। भारत के सात प्रमुख राज्यों में 7 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है तथा उत्पादन, सेक्टर की आय एवं किसानों की आय में इस तरह की बढ़ोतरी स्वतन्त्र भारत के इतिहास में, 7 या 10 सालों की किसी भी अवधि में भी कभी नहीं हुई है।

## तिब्बी कांग्रेस ने जी 20 शिखर सम्मेलन को कामयाब बनाने की अपील की

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने जी 20 शिखर सम्मेलन को कामयाब बनाने की अपील करते हुए कहा कि इस आयोजन से देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर कर सामने आई है। उन्होंने कहा कि एशियाड गेम्स 1982 और राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन भी हमारे लिए गौरव की बात थी। डॉ खान ने कहा कि भारत की लोकप्रिय भाषा उर्दू संयुक्त राष्ट्र संघ की भी मान्यता प्राप्त भाषा है इस पर हमें गर्व है। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि इस भाषा के विकास और उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करें। विशेष रूप से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आदि राज्यों में उर्दू भाषा को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।



उन्होंने कहा कि इसी प्रकार यूनानी पैथी भारत में लीड कर रही है और इसे भी विश्व स्तर पर विशेष रुप से खाड़ी के देशों और मध्य एशिया में इसके विकास और उत्थान के लिए कार्य योजना बनाए जाने की जरूरत है। उनका कहना है कि यह एक व्यापार है और अन्य देशों से अच्छे संबंधों के लिए भी यह उपयोगी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की तरफ से बांग्लादेश में और दक्षिण अफ्रीका में यूनानी पैथी की चेयर स्थापित करना इसके महत्व को दर्शाता है। लेकिन इनकी संख्या अन्य देशों में बढ़ाने की जरूरत है।

# जी20 में चीन की भागीदारी के खिलाफ तिब्बतियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से ठीक पहले तिब्बती युवा कांग्रेस ने सम्मेलन में चीनी प्रतिनिधियों की भागीदारी के खिलाफ शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने भारी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बीच शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लिए चीन विरोधी नारे भी लगाए। पुलिस के मुताबिक, कुछ प्रदर्शनकारियों ने अपने चेहरे व शरीर पर फ्री तिब्बत जैसे नारे लिखे थे। तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गोनपो ढुंडुप ने कहा कि यह विरोध भारत या भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के खिलाफ नहीं है। हम जी20 शिखर सम्मेलन में चीनी भागीदारी के खिलाफ यह नारे लगा रहे हैं। ढुंडुप ने कहा कि तिब्बती समुदाय भारत में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी को लेकर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन का उद्देश्य चीन की सरकार द्वारा तिब्बत पर कथित अवैध कब्जे के खिलाफ अपनी आवाज उठाना था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तिब्बत की स्थिति बहुत गंभीर है। हमने प्रदर्शनकारियों से विरोध को

■ **प्रदर्शनकारियों ने अपने चेहरे व शरीर पर फ्री तिब्बत जैसे लिखे नारे**

शांतिपूर्ण रखने के लिए कहा है। एक भी प्रदर्शनकारी ने किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था का उल्लंघन नहीं किया तथा वे दिल्ली पुलिस के नियमों और विनियमों का पालन कर रहे थे। विरोध के पीछे का हमारा मुख्य उद्देश्य यह संदेश देने का था कि चीन के राजनयिक आश्वासन पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। मजनू का टीला इलाके में बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। इलाके में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया था। उत्तरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस कर्मियों को इलाके के एक निश्चित हिस्से में नाकाबंदी करने का निर्देश दिया। कलसी ने कहा कि हमें तिमारपुर पुलिस थाने में तिब्बती युवा कांग्रेस से प्रदर्शन करने की अनुमति देने का अनुरोध प्राप्त हुआ था। हमने जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। बाद में, हमें सूचना मिली कि प्रदर्शनकारी इकट्ठा होंगे। इसलिए हमने एक योजना बनाई। उन्होंने बताया कि भले ही शिखर सम्मेलन स्थल विरोध स्थल से बहुत दूर है और मजनू का टीला इलाके में कोई प्रतिबंध नहीं है, फिर भी यहां के एक हिस्से पर नाकाबंदी कर दी है और प्रदर्शनकारियों से अपना विरोध शांतिपूर्ण रखने का अनुरोध किया गया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमारा ध्यान यातायात को सूचारू रखने पर था। विरोध लगभग आधे घंटे तक चला, जिसके बाद वे शांति से चले गए और कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी। शिखर सम्मेलन से पहले पूरी राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नई दिल्ली जिले में पुलिस, अर्धसैनिक बल और अन्य एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग हुआ पत्थर भी बरामद कर दिया है। दरअसल, बुलंदशहर का 31 वर्षीय पिंटू सिंह बरौला गांव स्थित साईं ढाबे पर काम करता था। उसकी केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा के मोनू सिंह से दोस्ती थी।"

**सौम्य सिंह, एसीपी**

# कियोस्क के लिए लगानी है बोली तो संभल कर लगाएं

**नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण तीसरी बार सेक्टर-18 में रिमोवबेल एंड रिकंस्ट्रेबल क्योस्क की योजना निकाल रहा है। वो इसलिए क्योंकि हर बार कोई-कोई आवंटी अव्यवहारिक यानी बेस प्राइज से कही ज्यादा बोली लगाकर अपना नाम को दर्ज करवा देता था। लेकिन आवंटन पत्र मिलने के समय वो ऑक्शन का पैसा जमा नहीं करता था। इस तरह की करीब सात क्योस्क है जिनमें अव्यवहारिक बोली लगाई गई। इन क्योक्स की दोबारा से योजना लाई जा रही है। लेकिन अब नियमों में बदलाव किया गया है। प्राधिकरण के ओएसडी ने बताया कि पहले योजना में ईएमडी जब्त करने का प्राविधान नहीं था। लेकिन इस बार से जो आवंटी आवंटन पत्र लेने के दौरान बोली का एक मुश्त पैसा प्राधिकरण में जमा नहीं करेगा। उसकी ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। महज बोली लगाने के लिए ही आवेदन कर्ता को तीन माह का एडवांस ईएमडी के रूप में जमा करना होगा। यदि वो बोली की




- **बोली की रकम नहीं देने पर ईएमडी की राशि होगी जब्त**
- **आवेदन के समय तीन गुना जमा करनी होगी ईएमडी राशि**

एक मुश्त रकम जमा करता है तो ईएमडी का पैसा उसी में समायोजित कर लिया जाएगा। साथ ही विफल होने वाले आवेदन कर्ताओं को 30 दिन में ईएमडी का पैसा वापस मिल जाएगी।

**अब जानते है सेक्टर-18 में सात कियोस्क पर लगी अव्यवहारिक बोली**

सेक्टर-18 को नोएडा का मिनी कनाट प्लेस कहते है। यहां 17 कियोस्क की योजना निकाली गई। जिसमें पहले फेज में आठ कियोस्क आवंटित हुए।

दूसरे फेज में 9 कियोस्क की योजना निकाली गई। इसमें से सभी 9 कियोस्क के लिए बोली लगाई गई। लेकिन बोली के अनुरुप सिर्फ दो लोगों ने ही पैसा जमा किया। बाकी किसी ने पैसा जमा नहीं किया। इन सभी लोगों ने अव्यवहारिक बोली लगाई थी।

**27 हजार के सापेक्ष लगी थी 3 लाख तक की बोली**

प्राधिकरण ने बताया कि क्योस्क का बेस प्राइस 27 हजार रुपए था। बोली एक हजार रुपए ज्यादा यानी 28 हजार से शुरू होनी थी। जबकि बोली 3 लाख रुपए तक लगाई गई। आवंटन पत्र जारी होने के बाद आवंटियों ने पैसा जमा नहीं किया। ऐसा एक नहीं सात कियोस्क की बोनी में हुआ। उस समय ईएमडी जब्ज करने का प्रावधान नहीं था। लेकिन इस बार योजना में ईएमडी जमा करने का प्रावधान कर दिया गया है। यही नहीं इसी तरह नोएडा के बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर सात दुकानों के लिए बोली लगाई गई। जिसमें सिर्फ एक ने ही बोली के अनुसार पैसा जमा किया। छह ने पैसा जामा नहीं किया। लिहाजा प्राधिकरण ने अब ये शर्त रखी है।

### सेक्टर-18 में क्योस्क का विवरण

| क्योस्क | बेस प्राइज | लगाई गई बोली |
|---|---|---|
| के-3 | 27000 | 3.25 लाख |
| के-7 | 27000 | 1.90 लाख |
| के-8 | 27000 | 1.90 लाख |
| के-12 | 27000 | 35 हजार |
| के-13 | 27000 | 69 हजार |
| के-16 | 27000 | 70 हजार |
| के-17 | 27000 | 1.80 लाख |

**तीन और सेक्टरों में आएगी स्कीम**

इसके अलावा तीन सेक्टर-82, 105 और 117 में भी कमर्शियल दुकानो की योजना निकाली जा रही है। इसमें सेक्टर-82 में 34 और सेक्टर-105 में 17 दुकाने है। ये सभी किराए पर दी जाएंगी। इसमें मिनिमम 34 वर्ग मीटर तक की दुकान है।



# जीडीए ने 20.17 करोड़ में नीलामी से बेची 17 संपत्ति

**गाजियाबाद,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) गाजियाबाद ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न योजनाओं में कुल 17 संपत्ति नीलामी के माध्यम से बेची। इससे जीडीए को 20.17 करोड़ रुपए की आय प्राप्त होगी। आज प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त औद्योगिक भूखंड, व्यवसायिक भूखंड, कंवीनियेन्ट शॉपिंग भूखंड, दुकान भूखंड, आवासीय भूखंड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की। इस नीलामी की कार्रवाई ओएसडी सुशील कुमार चौबे, प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह, नगर नियोजक राजीव रत्न शाह सहायक अभियन्ता, लेखाकार आदि सदस्यों की उपस्थिति में की गई। नीलामी में मधुबन बापूधाम योजना के 12 व्यवसायिक भूखण्ड एवं मधुबन बापूधाम योजना के 5 आवासीय भूखंड को विक्रय किया गया। विक्रय की गई सम्पत्तियों से प्राधिकरण को लगभग 20.17 करोड़ की आय होगी। आवेदको/क्रेताओं के रुझान को देखते हुए प्राधिकरण ने रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी प्रत्येक शुक्रवार को (अवकाश छोड़कर) की जाएगी।

## सार संक्षेप

### 28 अपराधियों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर रेट पुलिस ने 26 अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया है। पुलिस का कहना है कि यह लोग अपराधी किस्म के लोग हैं और अपराध करने के अभ्यस्त हैं। इनकी गतिविधियों से समाज में अशांति फैल सकती है। जिन अपराधियों को जिला बदर किया गया है उनके नाम सोनू उर्फ राहुल, अपार त्यागी, चांद उर्फ कालू, कुलदीप, इमरान, रिजवान, शहजाद, वसीम, शाहरुख, नाजिम,नफीस, रईस, भीम, गुल मोहम्मद, अफसर, इंतजार, शौकीन, जमालू, नितिन, फरीद, प्रमोद, अजय, अशरफ तथा मोहसिन है।

### कबूतर पालने के विवाद में दोस्त ने दोस्त को चाकू गोदकर हत्या

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर को कबूतर पालने के विवाद में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी शालीमार गार्डन सूर्य बली मौर्य ने बताया कि अजय और योगेंद्र कबूतर पालन करते थे दोनों के बीच इस मामले को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद आज दोपहर योगेंद्र ने 32 वर्षीय अजय पर चाकू से हमला कर दिया। अजय को तत्काल शाहदरा स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक अजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही जांच पड़ताल की तो योगेंद्र का नाम प्रकाश में आया उन्होंने बताया कि योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके कब्जे से आला कत्ल चाकू पर बरामद हो गया है।

### सुरक्षाकर्मी व मैनेजर ने युवती से की छेड़छाड़

**नोएडा।** सेक्टर-66 स्थित शॉपिंग मार्ट के सिक्योरिटी गार्ड और मैनेजर ने युवती पर चोरी का आरोप लगाकर उससे छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। इसके अलावा उसने लिखित में लिखा कि वह चोरी करते पकड़ी गई है। पीड़िता ने अदालत के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अदालत में दिए प्रार्थनापत्र में युवती ने बताया है कि वह आईटी कंपनी में काम करती है। वह अपना लैपटॉप लेकर मार्ट में खरीदारी करने गई थी। सिक्योरिटी गार्ड ने गेट पर ही उसका लैपटॉप बैग रखवा लिया। वह मार्ट में गई और टूथ ब्रश, हैंड ऑयल और ब्रा खरीदने के लिए उठाई। इतने में ही एक कर्मचारी ने उसे बताया कि पर्सनल सामान और लैपटॉप अंदर ला सकते हैं। उसने जो सामान खरीदने के लिए उठाया था, उसे हाथ में लेकर वह गेट पर लैपटॉप बैग लेने के लिए पहुंच गई। आरोप है कि वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने चोरी के आरोप में उसे पकड़ लिया। उसने समझाया कि वह चोरी नहीं कर रही। लैपटॉप और बैग में रखे जरूरी दस्तावेज के गायब होने का डर है इसलिए अपना बैग लेने आई है, लेकिन उसका पक्ष नहीं सुना गया। आरोप है कि इसी बीच गार्ड और मार्ट के मैनेजर युवती को चेंजिंग रूम में ले गए और तलाशी लेने के दौरान उससे छेड़छाड़ की। युवती के पास मौजूद 8500 रुपए, एक चेन रखवा ली और चार हजार रुपए यूपीआई से ट्रांसफर करवा लिए। यही नहीं धमका कर कागज पर लिखवा लिया कि वह चोरी करते पकड़ी गई है। 17 मई को हुई इस घटना के बाद युवती और उसके परिजन तनाव में आ गए। उन्होंने फेज-3 थाने में शिकायत दी। पीड़िता का कहना है कि थाने में शिकायत देने पर मार्ट के कर्मचारियों ने यूपीआई से लिए चार हजार रुपए वापस कर दिए। फेज-3 थाना पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# चोरी के शक में युवक को पीट-पीट कर मार डाला, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना टीला मोड़ इलाके में चोरी के शक में एक युवक को भीड़ ने पीटपीट का मार डाला। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि बाकी की तलाश की जा रही है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस को डायल 112 के माध्यम से थाना टीला मोड क्षेत्रान्तर्गत अनिल पुत्र पप्पू उम्र लगभग 23-24 वर्ष का शव पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है। मृतक के परिवारी जनो का आरोप है कि चोरी के शक मे अनिल को पीटा गया है जिससे उसकी मृत्यु हुई है। परिजनो की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत किया गया है। तीन अभियुक्त नोशाद, अखलाक व सुभान को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई है।



# शराब के नशे में कर दी दोस्त की हत्या

**नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। बरौला टी प्वाइंट के पास केबल की दुकान पर काम करने वाले युवक विवाद में ढाबे पर काम करने वाले युवक का सिर और मुंह ईंट से कूचकर हत्या कर दी। विवाद शराब के पैसे न देने पर घटना को अंजाम दिया गया। दोनों ने पहले शराब पी, आरोपी और शराब पीना चाहता था। मृतक ने पैसा देने से इनकार किया और दोनों के बीच बढ़ गया। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। अगले दिन सुबह जब राहगीर घटनास्थल के पास से गुजरे जब उन्हें घटना की जानकारी हुई। सेक्टर-49 पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी सौम्य सिंह ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से घटना में प्रयोग हुआ पत्थर भी बरामद कर दिया है।



- **सिर पर किया ईंट से हमला, शराब पीने के लिए मांगे थे पैसे, गिरफ्तार**

दरअसल, बुलंदशहर का 31 वर्षीय पिंटू सिंह बरौला गांव स्थित साईं ढाबे पर काम करता था। उसकी केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा के मोनू सिंह से दोस्ती थी। छह सितम्बर की रात आठ बजे के करीब पिंटू ने ढाबे से पांच सौ रुपए लिए और मोनू के साथ निकल गया। दोनों शराब के ठेके पर पहुंचे थे।

आरोप है कि यहां पर मोनू और पिंटू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बरौला टी पॉइंट के पास स्थित झाड़ियों के पास जब दोनों पहुंचे तो मोनू ने शराब के नशे में पिंटू के सिर पर ईंट के वार कर हत्या कर दी। आरोपी ने शव को झाड़ियों में छिपा दिया और फरार हो गया। पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मोनू को सेक्टर-47 की रेड लाइट से गिरफ्तार कर लिया।

बता दे करीब पांच साल पहले पिंटू रोजगार के सिलसिले में नोएडा आया था। कासना सहित कई अन्य जगहों पर स्थित ढाबे और होटल में उसने नौकरी की। वर्तमान में वह बरौला गांव स्थित ढाबे पर नौकरी कर रहा था। पिंटू के माता-पिता की मौत हो चुकी है। भाई सहित घर के अन्य सदस्यों का खर्चा पिंटू ही भेजता था। हत्या की जानकारी मिलने के बाद उसका भाई नोएडा आया। फिलहाल मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

**शराब बनी हत्या की वजह**

पुलिस के मुताबिक घटना वाले दिन पिंटू और मोनू ने शराब पी थी। पिंटू के पास साढ़े 12 सौ रुपये और थे। मोनू इन पैसे से भी शराब पिलाने की जिद कर रहा था। पिंटू के मना करने पर मोनू आग बबूला हो गया और उसे मार डालने की धमकी दी। मौका पाकर झाड़ियों में उसने पिंटू की हत्या कर दी।

# निर्धारित समय पर चलेगी जहांगीराबाद चीनी मिल : संजय शर्मा

**बुलंदशहर,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। जहांगीराबाद विधायक संजय शर्मा ने शुक्रवार को जहांगीराबाद चीनी मिल पहुंचकर शुरू होने वाले पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा की और प्रबंधक को निर्देश दिए की शासन द्वारा निर्धारित समय पर मिल का संचालन सुनिश्चित करे। इस मौके पर प्रबंधक राहुल यादव समेत मिल के समस्त आला अफसर मौजूद रहे।

- **चीनी मिल से सेवानिवृत कर्मचारियों का फंड वितरित**

इससे पूर्व मिल प्रशासन की ओर से गैस्ट हाऊस में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक संजय शर्मा ने हाल ही में रिटायर हुए कर्मचारियों व मृतक के आश्रितो को इनके भविष्य निधि के चैक भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियो को उनके वेतन में 100 रूपए प्रतिदिन की बढ़ोत्तरी करे जाने पर जहां उन्हें बधाई देकर आश्वासन दिया कि वह इस बार भी मेहनत कर संघ के लक्ष्यो को पूरा करे। उन्होंने उनके वेतन में और भी बढ़ोत्तरी अगले साल कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने गन्ना किसानो की समस्याए सुनी और उनका मौजूद अधिकारियों से निराकरण भी कराया।



इस मौके पर प्रबंधक राहुल यादव ने बताया की मिल गत पेराई सत्र का गन्ना किसानो का समस्त भुगतान चुकता कर दिया है। वहीं अब मिल पर किसी भी रिटायर्ड कर्मचारी की कोई देयता मिल पर नहीं है। प्रबंधक ने बताया कि मिल में नए पेराई सत्र को लेकर मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और पेराई सत्र निर्धारित समय पर शुरू कराया जाएगा। इस मौके पर मिल लेखाकार ओमप्रकाश एस.एस.सिंह रामजी सुंदर प्रधान व ज्ञानेंद्र शर्मा डूंगरा जाट आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह : मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित

**नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में जनपद में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन की थीम लोकल फॉर वोकल रही। इसी क्रम में विकास भवन में मिलेट्स के व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं बाल विकास परियोजना दनकौर व दादरी में स्वदेशी एवं स्थानीय खिलौने निर्मित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विकास भवन में शुक्रवार को आयोजित मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। प्रतियोगिता में जज की भूमिका में जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष सिंह एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अनिता शर्मा, द्वितीय पुरस्कार कविता एवं तृतीय पुरस्कार राधा को प्राप्त हुआ। अनिता शर्मा ने रागी का सूप, कविता ने ज्वार की इडली एवं राधा ने कंगनी की खीर बनाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य श्री अन्न/मिलेट्स के उपयोग को जन सामान्य में बढ़ावा देना है।



- **विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत**
- **खिलौने निर्मित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण**

इसी तरह लोकल फॉर वोकल थीम के अंतर्गत बाल विकास परियोजना दनकौर के तत्वावधान में स्वदेशी एवं स्थानीय खिलौने निर्मित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में कई आंगनबाड़ी ने कई आकर्षक खिलौने बनाए। इसके अलावा अंबुजा सीमेंट के सहयोग से दादरी विकास खंड में स्वदेशी खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

**आयोजन** 21 से 25 सितम्बर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर ट्रेड शो का होगा आयोजन

# ट्रेड शो में दिखेगा 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' का जलवा

**नोएडा, 8 सितम्बर (देशबन्धु)। ट्रेड शो में चाहें बात परोसी जाने वाली कुजीन्स की हो या फिर मैनेजमेंट फंडे की, फूड हर जगह छाया रहेगा। ट्रेड शो में डिग्निटरीज को जो पकवान परोसे जाएंगे उनमें उत्तर प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के उन भोज्य पदार्थों को ट्रेड शो में परोसा जाएगा जिनका जाएगा प्रदेश में ही नहीं बल्कि दूर-दूर से लोग इस जाएका की तलाश में प्रदेश के विभिन्न शहरों में जाते है। जहां तक मैनेजमेंट की बात होगी तो यहां होने वाले सेशंस में एक सेशन तो केवल मुंबई के डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी को ही समर्पित है।**

आईईएमएल के डॉ. पवन अग्रवाल मुंबई के डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी, उनकी लॉजिस्टिक्स सप्लाई मैनेजमेंट, सप्लाई चेन व टाइम मैनेजमेंट के प्रिंसिपल्स से जुड़े फैक्ट्स व केस स्टडी साझा करेंगे। इससे सेशन में शामिल होने वाले लोगों को डिब्बे वालों के उदाहरण के जरिए मैनेजमेंट फंडा के कई अहम तथ्य सीखने को मिलेंगे।

**वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में एग्रो सेक्टर का है बड़ा योगदान**

प्रदेश न केवल 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनने की ओर तेजी से प्रयासरत है, बल्कि वैश्विक पटल पर 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' के तौर पर भी अपनी पहचान को भी पुख्ता कर रहा है। ऐसे में, 21 से 25 सितम्बर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन होने जा रहा है तो यह निश्चित है कि इस मेगा ट्रेड शो में फूड, डेयरी और एग्रो सेक्टर से जुड़ी व प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली कंपनियों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली फूड, डेयरी व एग्रो बेस्ड कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

- **75 जिलों का मिलेगा मिलेगा जाएका**
- **मुंबई डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी से सीखें मैनेजमेंट का फंडा**

**इन एग्रो फूड कंपनियों के होंगे स्टॉल**

पतंजलि, हल्दीराम, प्रिया गोल्ड, बीकानेरवाला, बैद्यनाथ, रिचुअल फूड्स, फ्रेश फूड्स, ऑगस्टिया फूड्स, इंडियन बी कीपर श्री गिरिजा, पारस, अमूल, प्राइम फूड्स, ज्ञान डेयरी, क्रीमी फूड फेयर एक्सपोर्ट व अन्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य, कृषि व डेयरी उत्पादों से संबंधित ग्रामीण, लघु व कुटीर उद्योगों को भी ट्रेड शो में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, खाद्य प्रसंस्करणों से जुड़े विभागों, लॉजिस्टिक्स-वेयरहाउसिंग, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी व अन्य प्रमुख विभागों से संबंधित स्टॉल्स भी ट्रेड शो में व्यापक उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी ट्रेड शो का करेंगी उद्घाटन**

इस मेले का शुभारंभ 21 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। मेले में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उनके यहां पर प्रवास की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि, इसका कोई कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं हुआ है। इसके अलावा 20 से अधिक केंद्रीय मंत्री और प्रदेश सरकार के सभी प्रमुख मंत्रियों समेत अन्य नामचीन हस्तियों के मेले में शामिल होने की संभावना है।

**प्रदेश की संस्कृति और विरासत दिखेगी**

इस ट्रेड मेले में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। यहां 75 जिलों के खास व्यंजन होंगे। इसके लिए यहां अलग से फूड कोर्ट बनाया जाएगा। वहीं आने वाले आगंतुकों के लिए विशेष गैलरी में इस खाद्य पदार्थों को परोसा जाएगा।

# पुलिस ने 3 जालसाजों को किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। जिन लोगों का बैंक सिबिल स्कोर खराब होता है उनको फर्जी आधार और पैन कार्ड के जरिए लोन दिलाने वाले तीन आरोपियों को सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए ये लोग 5 से 10 रुपए लेते थे। पुलिस इनके द्वारा खोले गए अकाउंट की डिटेल निकलवा रही है। इनकी पहचान संजीत, जितेंद्र और आकाश हुई है। इनके पास से 6 लैपटॉप, 11 टेबलेट, 1 वेब कैम कैमरा, 2 आई स्कैनर मशीन, दो बायोमेट्रिक मशीन, दो दो बार बने हुए 6 आधार कार्ड अलग अलग नाम से, 1 सिलिकॉन का अंगूठा निशान व भारी मात्रा में आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने के प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड मिले है। एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि ये लोग एक व्यक्ति के दो -दो आधार कार्ड बनाते थे। उन फर्जी आधार कार्ड से नए नाम के पैन कार्ड भी बनाये जाते थे। किसी अन्य व्यक्ति की आंखो के रैटिना लेकर नाम में या पिता के नाम में बदलाव कर नया दूसरा आधार कार्ड बना देते थे। इसके बाद डिमांड के मुताबिक ये तैयार किए हुए आधार कार्ड उन लोगों तक पहुंचाते थे जिनका सिबिल स्कोर खराब होता था या किसी प्रकार की लोन की आवश्यकता होती थी। जिससे वे लोग दोबारा से बैंकों से लोन आदि प्राप्त कर सकते है। इस तरह करके ये फर्जी खाता खुलवाकर लोगों से पैसा लेते थे साथ ही बैंकों को भी चूना लगाते थे।



- **सिलिकॉन अंगूठा और किसी ओर की रेटिना से बनाते थे फर्जी आधार, लोगों को दिलाते थे लोन**

उवाच “

औद्योगिक क्षेत्र होने तथा अधिक यातायात होने की दृष्टि से पर्यावरण को लेकर अत्यंत संवेदनशील जनपद है। जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कारगर उपाय किए जाएं, अभियान चलाकर एनजीटी एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण की परियोजना में फंसी किसानों की जमीन की होगी शिफ्टिंग

**■ यमुना प्राधिकरण की 13 सितम्बर को होनी वाली बोर्ड बैठक में कई अहम फैसलों पर लगेगी मुहर**

**ग्रेटर नोएडा,** 9 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 13 सितम्बर को होने वाली बोर्ड बैठक में ग्रुप हाउसिंग योजना में बदलाव और शिफ्टिंग व लीज बैक के प्रस्ताव रखे जाएंगे। इससे किसानों के मामले सुलझ जाएंगे। साथ ही शिफ्टिंग से रुकी परियोजनाएं शुरू हो सकेंगी। साथ ही 150 बेड का ओल्ड ऐज होम बनाया जाएगा। प्राधिकरण प्रस्तावों को अंतिम रूप दे रहा है।

यमुना प्राधिकरण की 13 सितम्बर को बोर्ड बैठक होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। किसानों की आबादी परियोजनाों के बीच फंसी है। ऐसी जमीन की शिफ्टिंग की जाएगी। शिफ्टिंग के 88 केस हैं। आबादी इस जमीन को गांव की पेरीफेरी के अंदर शिफ्ट किया जाएगा। इससे प्राधिकरण की अटकी परियोजनाओं को पूरा किया जा सकेगा। बोर्ड बैठक में बैक लीज के 142 प्रस्ताव रखे जाएंगे। प्रस्ताव पास होते ही किसानों के मसले हल हो सकेंगे। इसके अलावा बैठक में पुश्तैनी और गैर पुश्तैनी का भेद खत्म करने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा।

बोर्ड बैठक में ओल्ड ऐज होम बनाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। प्राधिकरण 150 बेड का ओल्डऐज होम बनाना चाहता है। इसमें 50 बेड बीमार और दिव्यांगों के लिए आरक्षित रहेंगे। ग्रुप हाउसिंग योजना में बदलाव किया जाएगा। अभी तक आवंटियों को एक मुश्त पैसा जमा करना पड़ता है। अब आवंटियों को पांच साल में पैसे देने होंगे। एकमुश्त पैसा जमा करने की योजना में अभी तक एकमुश्त पैसा जमा करना होता है। यही कारण रहा कि पिछली ग्रुप हाउसिंग योजना में आवेदन नहीं आए थे।

## वृक्षारोपण की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग करने की जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण एवं प्रदूषण को जनपद में कम करने तथा एनजीटी व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के मानकों का पालन करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक हुई। वर्ष 2023-24 में किए गए वृक्षारोपण की अभी तक होमगार्ड नागरिक सुरक्षा और राजनीतिक पेंशन, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, गृह विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, रेलवे विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा अपने द्वारा लगाए गए वृक्षों की अभी तक सत प्रतिशत जियो टैगिंग नहीं कराई गई, इसके संबंध में जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल अपने-अपने विभागों की जियो टैगिंग शत प्रतिशत पूर्ण कर ली जाए, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने तथा अधिक यातायात होने की दृष्टि से पर्यावरण को लेकर अत्यंत संवेदनशील जनपद है। जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कारगर उपाय किए जाएं, अभियान चलाकर एनजीटी एवं प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और जहां पर भी एनजीटी के नियमों का उल्लंघन होता पाया जाए वहां पर जुर्माना लगाते हुए दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने प्राधिकरण एवं नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से बाजारों में पॉलिथीन का प्रयोग न करने को लेकर एलाउंसमेंट करते हुए आम नागरिकों को पॉलिथीन के प्रयोग से होने वाली हानियों के संबंध में जागरूक किया जाए और यदि फिर भी दुकानदार पॉलिथीन में सामान विक्रय करता पाया जाता है, तो संबंधित दुकानदार से पॉलिथीन जब्तीकरण करते हुए जुर्माना लगाया जाए। जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिंडन एवं यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र के आसपास अवैध रूप से विकसित औद्योगिक इकाइयों के बिजली कनेक्शन को स्थगित किया जाए एवं हिंडन व यमुना नदी के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।



**■ पॉलिथीन के प्रयोग पर अंकुश लगाने के लिए पॉलिथीन जब्तीकरण के लिए चले व्यापक अभियान**

## विशेष लोक अदालत में कुल 36894 वादों का हुआ निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में छोटा-मोटा अपराध वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में शुक्रवार को को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिन्न जिला न्यायालयों द्वारा कुल 36894 वादों का निस्तारण किया गया। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर ने न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 2495 वाद, शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम 12647 वाद, प्रदीप कुशवाहा, सिविल जज सी.डि./एफटीसी ने 6174 वाद, महिमा जैन, सिविल जज जू.डि./एफटीसी-प्रथम द्वारा 14015 वाद, आकृति, सिविल जज जू.डि./एफटीसी-द्वितीय ने 863 वाद, नूपुर श्रीवास्तव, अपर सिविल जज जू.डि.-द्वितीय ने 609 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 36894 मामलों का निस्तारण किया गया।

### सार संक्षेप

#### आज लगेगी तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह समझौतों से मामलों का होगा निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर में तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर को किया जाएगा, जिसमें विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व जल के बिल से संबंधित शमनीय दंड वाद, चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट-बैंक रिकवरी के वाद, राजस्व वाद, भूमि अध्याप्ति वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री लिटिगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौतों के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद जिनमे पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि हेतु इच्छुक हो, त्वरित निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। सभी नागरिकों से पुलिस विभाग ने अपील है कि सभी मामलों से संबंधित किसी भी वाद के त्वरित निस्तारण हेतु लोक अदालत में अवश्य पहुंचे।

#### छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किशोरी से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की गई शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार एक गांव निवासी किशोरी के साथ तीन युवकों ने रास्ते में छेड़छाड़ व अश्लिलता की गई। आरोप है किशोरी के पिता ने आरोपियों के पास जाकर विरोध किया तो उक्त ने पीड़िता के पिता को जमकर पीटा। बीच-बचाव में आई किशोरी के साथ भी मारपीट की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने फौजी, अनीश और आसिफ के खिलाफ के खिलाफमामला दर्ज किया है।

## केटीयू की काउंसलिंग प्रक्रिया फिर से शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक सहित अन्य सीयूईटी के तहत अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। विवि के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में समन्वयक प्रो. अरूण कुमार तिवारी के नेतृत्व में राउंड वन की काउंसलिंग में जेईई मेंस के तहत बीटेक में और नाटा के तहत, एडमिशन के लिए ऑनलाइन चॉइस फिलिंग और सीट लॉक 15 सितम्बर से 17 सितम्बर के बीच होगा। वहीं सीयूईटी यूजी और पीजी ऑनलाइन चॉइस फिलिंग और सीट लॉक 16 से 18 सितम्बर के बीच होगा। जबकि जेईई मेंस और नाटा की पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीट एलॉटमेंट 18 सितम्बर को किया जाएगा। वहीं, सीयूईटी यूजी और पीजी के लिए सीट एलॉटमेंट 19 सितम्बर को किया जाएगा। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के लिए जेईई मेंस और नाटा के तहत पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीट एलॉटमेंट 22 सितम्बर को होगा। वही यूईटी यूजी और पीजी के लिए सीट एलॉटमेंट 23 सितम्बर को होगा। जबकि तीसरे राउंड के लिए जेईई मेंस और नाटा के तहत पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीट एलॉटमेंट 26 सितम्बर और सीयूईटी यूजी और पीजी के लिए सीट एलॉटमेंट 27 सितम्बर को होगा। जबकि चौथे राउंड लिए जेईई मेंस और नाटा के तहत पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीट एलॉटमेंट 28 सितम्बर और सीयूईटी यूजी और पीजी के लिए सीट एलॉटमेंट 29 सितम्बर को होगा। जबकि पांचवां राउंड 30 सितम्बर से शुरू होगा। छठां राउंड 4 अक्टूबर से शुरू होगा। वहीं कैंडिडेट की फिजिकल रिपोर्टिंग 11 अक्टूबर को होगी। इसी के साथ काउंसलिंग पूरी हो जाएगी। बीटेक में एडमिशन जेईई की रैंकिंग के आधार पर वहीं सीयूईटी के तहत बी आर्क, बीएचएमसीटी, बीएफए, बीफैड, बीडेस, बीटेक लेटरल, बीफार्मा लेटरल, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमसीए इंटीग्रेटेड में एडमिशन होगा। इस बार बीटेक में प्रवेश लेने के लिए 33, 800 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा सीयूईटी के माध्यम से यूजी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए करीब 10 हजार छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। इसमें एमबीए, एमसीए के लिए चार हजार व अन्य यूजी पाठ्यक्रम के लिए छह हजार पंजीकरण हुए है। बीआर्क में 275 ने पंजीकरण कराया है।

## वृद्धाश्रम में मनाया गया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस



**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। विजन हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने नॉलेज पार्क-2 स्थित रामलाल वृद्धाश्रम में फेथ हेल्थकेयर फिजियोथेरेपी एंड रिहैब सेंटर के सहयोग से नि:शुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज सेवी मंजीत सिंह ने दीप प्रज्वल्लित कर की। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ केक काटकर विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाया। इस दौरान लगभग 40 वृद्धजनों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, ऑक्सीजन लेवल की जांच की गई। फॉउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बताया ज्यादातर बुजुर्ग घुटने के दर्द, कमर दर्द व साईटिका, गर्दन में दर्द जैसी बीमारियों से पीड़ित पाए गए। ऐसे मरीजों को डॉ. आरती शर्मा ने फिजियोथेरेपी की मशीनों के माध्यम से उपचार किया। उन्होंने व्यायाम कराते हुए उन्हें रोजाना व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अजमल ने कहा कि फिजियोथेरेपी गति, मुद्रा एवं मांसपेशियों में सुधार लाने में मुख्य भूमिका निभाती है।

## मोटो जीपी भारत रेस के उद्घाटन में शामिल होंगे सद्गुरु

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में पहली बार होने जा रहे मोटोजीपी भारत रेस के आयोजक फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स ने कहा है कि इस बहुप्रतिक्षित रेस के उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध भारतीय योगी, रहस्यवादी और दूरदर्शी, सद्गुरु भी शिरकत करेंगे। सद्गुरू के इस इवेंट में शरीक होने पर फेयरस्ट्रीट सम्मानित महसूस कर रह है। शुक्रवार 22 सितम्बर को सद्गुरू बाइक पर सवार होकर बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) के कुछ चक्कर लगाकर इवेंट का उद्घाटन करेंगे। यह रेस 22 से 24 सितम्बर तक आयोजित होगी। मोटरसाइकिलों के प्रति सद्गुरु का जुनून आज भी उतना ही अधिक है, जितना उनके कॉलेज के वर्षों के दौरान था। यहां, वह याद करते हैं कि कैसे उनकी मोटरसाइकिल अक्सर एक वाहन से कहीं अधिक का काम करती थी। मोटरसाइकिलों के साथ सद्गुरू का जुड़ाव उस समय एक बड़े उद्देश्य तक पहुंच गया, जब पिछले साल उन्होंने मिट्टी बचाओ आंदोलन का नेतृत्व करते हुए लंदन से दक्षिण भारत तक 100 दिनों में 30,000 किलोमीटर की कठिन सोलो मोटरसाइकिल यात्रा की। उनकी इस यात्रा में भारत के अलावा यूरोप, मध्य एशिया, मध्य पूर्व के 27 देश शामिल थे। इस यात्रा का मकसद मिट्टी के अनुकूल नीतियों को लागू करने के लिए राष्ट्रों के लिए सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना और समर्थन जुटाना था।



सद्गुरु ने मोटोजीपी भारत इवेंट आयोजक टीम को एक सुंदर संदेश के साथ एक हेलमेट पर हस्ताक्षर भी किया। यह संदेश है-'आराम के लिए चार पहिये, जीवन के प्यार के लिए दो पहिये, सुरक्षित सवारी- सद्गुरु' सद्गुरु की मौजूदगी इस इवेंट में एक नया आयाम जोड़ेगा। मोटोजीपी और सद्गुरू जुनून की विविधताओं का प्रतीक हैं और दोनों का मकसद एकता और वैश्विक कल्याण है।

## प्रबंधन शिक्षा में अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश विदेश के शिक्षाविदों ने की शिरकत

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रबन्धन शिक्षा 5.0 अनिवार्य रूप से प्रबन्धन शिक्षा का एक नवीन दृष्टिकोण है जो प्रौद्योगिकी के एकीकरण, डिजिटल उपकरण और सीखने की प्रक्रिया की सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाएं हैं। शुक्रवार को जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एंड रिसर्च पीजीडीएम इन्स्टीट्यूट, जाकिर हुसैन दिल्ली कालेज (सायं) दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से इन्स्टीट्यूट परिसर में दो दिवसीय 'प्रबन्धन शिक्षा- एलाइनिंग एनईपी एजेण्डा विद डिजिटलाईजेशन एण्ड ग्लोबल प्रैक्टिसेस' विषयान्तर्गत दो दिवसीय 7वें अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। सम्मेलन में न केवल भारत अपितु अन्तरराष्ट्रीय अतिथियों ने भागीदारिता की, जिसमें सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे, चेयरमैन, नेशनल असेसमेण्ट एण्ड एक्रीडिटेशन काउन्सिल के अतिरिक्त बरगन्डी स्कूल आफबिजनेस, फ्रांस के प्रोफेसर डॉ. जामचिद असादी, प्रोफेसर मसरूर अहमद बेग-प्रिंसिपल, जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, फाजिल शेख, ग्रुप सीईओ व फाउण्डर, मवरिक बिजनेस अकादमी, लंदन, आईएमटी आदि प्रमुख थे। सभी ने विषयान्तर्गत अपने विचार रखें एवं छात्रों से अपने अनुभव साझा किया। जीएलबी आईएमआर की निदेशक डॉ. सपना राकेश बताया कि इस इण्टरनेशनल कान्फ्रेंस के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अन्तरराष्ट्रीय निवेश प्रदान करना है। इस सम्मेलन में छात्रों एवं अन्य भागीदारी जनों बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।



## कबाड़ी से रिश्वत मांगने वाला सिपाही बर्खास्त

**■ कस्बा इंचार्ज निलंबित, थाना प्रभारी के विरुद्ध जांच शुरु, जल्द गिर सकती है गाज**

**रबूपुरा,** 9 सितम्बर (देशबन्धु)। कबाड़ कारोबारी से एक लाख रुपए रिश्वत मांगने का ओडियो वायरल व मामला मीडिया में आने के बाद सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही अंकित बालियान को बर्खास्त कर दिया गया है तथा बीटा 2 कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

इसके साथ ही उपनिरीक्षक विमलेश कुमार को निलंबित कर थाना प्रभारी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों की मानें तो थाना प्रभारी पर भी जल्द गाज गिर सकती है। गौरतलब है कि कस्बे के मोहल्ला कुरेशियान निवासी वसीम ने रबूपुरा थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी पर नाजायज तरीके से एक लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया है। कबाड़े की दुकान चलाने की एवज में पुलिसकर्मी उससे हर महीने 25 हजार रुपए लेता है। लेकिन अब वह पुलिसकर्मी उससे एक लाख रुपए की मांग कर रहा था तथा नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी दी जा रही थी। सिपाही व कबाड़ी की वार्ता का एक ओड़िया सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर की।

कस्बा निवासी वसीम का आरोप है कि मेरे भाई की कबाड़ खरीदने की दुकान क्षेत्र के गांव भाईपुर में है। कोतवाली में तैनात अंकित बालियान नामक पुलिसकर्मी पिछले दो सालों से उससे 25 हजार महीना अवैध ऊघाई कर रहा है। 3 सितम्बर को कॉल करके उसने एक लाख रुपए मांगे तथा असमर्थता जताने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई।

कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने आरोपी को बचाने के लिए झूठा आरोप लगाने का दावा किया था। सूत्रों का दावा है कि कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों अवैध कबाड़े की दुकान संचालित हैं। जिनकी एवज में पुलिस को भारी सुविधा शुल्क मुहैया कराई जाती है।

वहीं कोतवाली में कई पुलिसकर्मियों का एक ग्रुप बना है जोकि क्षेत्र में होने वाले अवैध कारोबार की देखरेख में ही लगे रहते हैं तथा राजनीतिक चापलूसी से लंबे समय से कोतवाली में जमे हुए हैं।

## पोषण माह के तहत मिलेट्स के व्यंजन की प्रतियोगिता आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है, इसी श्रृंखला में पोषण माह के तहत लोकल फोर वोकल थीम पर आधारित मिलेट्स के व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन विकास भवन परिसर में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि मिलेट्स के व्यंजन की आयोजित प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जज के रूप में जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष सिंह एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया रहे। मिलेट्स व्यंजन की आयोजित प्रतियोगिता में अनीता शर्मा प्रथम, कविता द्वितीय तथा राधा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।



## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के तहत नन्दोत्सव व प्रभुपाद का मना जन्मोत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के तहत तीसरे दिन बहुत हर्षोल्लास के साथ नन्दोत्सव और इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रीकृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी के बाद शुक्रवार को नन्दोत्सव मनाया गया, बच्चों ने श्रीकृष्ण लीलाओं का मंचन किया, इस्कॉन युवा मंच द्वारा प्रभुपाद की शिक्षाओं पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। पंडाल की हर स्टाल पर भक्त उत्साहपूर्वक आने वाले दर्शनार्थियों का स्वागत करते रहे। इस तीन दिनों के महोत्सव में बदरायण प्रभु द्वारा संचालित बुक स्टाल पर प्रभुपाद द्वारा रचित विभिन्न ग्रंथों की 600 प्रतियों और श्रीमदभागवतम का वितरण हुआ। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के प्रचार प्रभारी स्वरूप आनंद प्रभु ने बताया कि इस्कॉन अगले वर्ष होली के अवसर पर गत वर्षों की भांति गौर पूर्णिमा का तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन करेगा।



## दूसरी शादी से नाखुश महिला ने अपनी बहू की दी थी हत्या की सुपारी

**■ पुलिस ने महिला समेत तीन को किया गिरफ्तार**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र की ब्रज विहार कालोनी छपरौला में चार दिन पहले सोनी नामक महिला की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना का पुलिस पर्दाफाश किया है। हत्या की साजिश मृतका की सास ने रची थी। बदमाशों को एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने सास सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से आलाकत्ल बरामद किया है। बता दें कि बीते मंगलवार को ब्रज विहार कालोनी छपरौला में रहने वाली महिला सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार दो बदमाशों ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में महिला के पहले पति को नामजद किया गया था। डीसीपी सेंट्रल जोन सुनीति ने बताया कि छपरौला गांव में हुई महिला सोनी की हत्या की छानबीन में जुटी पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले। दो आरोपियों सचिन व उमेश के नाम प्रकाश में आए।



शुक्रवार को पुलिस ने पुलिस ने शूटर चिपियाना खुर्द निवासी सचिन और हैबतपुर के उमेश को गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयोग की गई पिस्टल बरामदगी के दौरान सचिन ने पुलिस टीम पर पिस्टल तान दी। डीसीपी ने बताया कि हत्या उसके दूसरे पति मौसम की मां गीता देवी ने एक लाख की सुपरी देकर कराई थी। गीता सोनी और मौसम के रिश्ते से नाखुश थी। सोनी मूलरूप से बिहार की रहने वाली थी। सोनी का विवाह बिहार के ही विनोद से हुआ था। दोनों 10 साल तक साथ रहे थे, लेकिन मारपीट करने के कारण सोनी से उसे छोड़ दिया था। सोनी लगभग एक साल से अपनी बेटी को लेकर अपने गांव के मौसम कुमार के साथ रह रही थी। मौसम कुमार ने सोनी को अपनी पत्नी बनाकर रखा हुआ था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि सोनी की हत्या के लिए तिगड़ी गांव में रहने वाली मौसम की मां गीता देवी ने एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। सोनी की हत्या के बाद जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो गीता भी वहां पहुंच गई। जब चिकित्सकों ने सोनी को मृत घोषित किया।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS16 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 2SF, BLOCK-135, AREA-29-76 SQMT. SECTOR-MU-02, ALLOTMENT NO.-BHS161464, GREATER NOIDA के आवंटी SH. RANJIT SINGH S/O SH. SARUP SINGH के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. RANJIT SINGH S/O SH. SARUP SINHG की मृत्यु दिनांक 15.05.2022 को हो जाने के उपरांत उक्त भवन को वारिसान के आधार पर मृतक आवंटी के पुत्र SH. YASHPAL HOODA S/O SH. RANJIT SINGH द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन के अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि की से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्व0 SH. RANJIT SINGH S/O SH. SARUP SINGH के स्थान पर उनके पुत्र SH. YASHPAL HOODA S/O SH. RANJIT SINGH R/O 1090/22 MANSAROVER COLONY, ROHTAK-124001, HARYANA का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्धनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-घोडी बछेडा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.एच.डी.01257, भूखण्ड संख्या-571, क्षेत्रफल-120 वर्ग मीटर श्री कुवरपाल पुत्र श्री प्रकाश, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष ने आवंटित किया गया था। आवंटी श्री कुवरपाल पुत्र श्री प्रकाश की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती बनीता पत्नी स्व0 श्री कुवरपाल, श्री लक्की रावल पुत्र स्व0 श्री कुवरपाल, श्रीमती कोमल (विवाहित), कु० तनु रावल (अविवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री कवरपाल, निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीममी बनीता पत्नी स्व0 श्री कुवरपाल निवासी-ग्राम-घोडी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती बनीता पत्नी स्व0 श्री कुवरपाल, निवासी-ग्राम-घोड़ी बछेडा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।*

## फटा पोस्टर, निकला मोदी!



पुष्परंजन

**शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं, वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है।**

दिल्ली में लुटियन की सड़कें पोस्टरों से पटी पड़ी है। विदेशी अतिथियों के लिए तय मार्ग एयरपोर्ट से शुरू और राजघाट पर जाकर समाप्त होता है। बीच में आता है लुटियन, बाक़ी सड़कें बकवास। भलस्वा, गाजीपुर, ओखला के कूड़ा पहाड़, पूर्वी-पश्चिमी दिल्ली की मलिन बस्तियों, बजबजाते नालों को मत देखिये। यह देखिये कि भक्त कैसे लहालोट हैं। मोदी विश्वगुरू हैं। महान विचारक। बुद्ध, महावीर, अरस्तु, प्लुटो, माओ, मार्क्स, स्वामी विवेकानंद, टाम बटलर से भी बड़े। मोदी इस धरती के महानायक के रूप में कुछ इस तरह प्रस्तुत हैं, कि जी-20 छोटा पड़ गया।

आख़िरी बार विश्व पुस्तक मेले में मैं प्रगति मैदान गया था। यह लोकेशन तब मोहनजोदड़ो हडप्पा बना हुआ था। देखना है, तो अब जाकर देखिये भारत मंडपम के जलवे। न भूतो न भविष्यति। जब से यह देश जन्मा, इतना दिव्य और भव्य आयोजन किसी नेता ने नहीं किया था। जो दिवंगत हो गये, और जो वैकुंठधाम प्रस्थान करने के वास्ते प्रतीक्षारत पूर्व प्रधानमंत्री हैं, उन्हें भी इसका अफसोस होगा कि इस तरह का विराट समारोह उन्होंने कुर्सी पर रहते क्यों नहीं किया? दुनिया का सबसे बड़ा इन्डोर हॉल, समिट के लिए विदेश से आया झूमर, ग्राउंड ज़ीरो पर खड़े रिपोर्टर दीदे फाड़कर देख रहे हैं, लिख रहे हैं, कमेंट कर रहे हैं।

मदारी का तमाशा देखना हो तो उन बयानों पर ग़ौर कीजिए, जिसमें दावा ठोका जा रहा है कि दिल्ली को सुंदर हमने बनाया। केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने खम ठोका कि हमने दिल्ली को ब्यूटीफुल बनाया। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहते हैं कि सौंदर्यीकरण का 95 प्रतिशत केंद्र सरकार के फंड से हुआ है। एनडीएमसी को केंद्र सरकार फंड उपलब्ध कराती है। आईटीओ शहीदी पार्क, राजघाट पर सौंदर्यीकरण, रिवरसाइड बेड, धौला कुआं से एयरपोर्ट तक सौंदर्यीकरण, यह सब केंद्र सरकार के फंड से एलजी की देखरेख में की गई है। बीरेंद्र सचदेवा ने बयान दिया कि केंद्र सरकार ने अब तक जी-20 पर 4,064 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि केजरीवाल सरकार ने केवल 51 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मगर, दिल्ली को सुंदर बनाने का दावा करने वाले नेताओं-नौकरशाहों से कोई पूछे कि पूर्वी-पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली को बदसूरत बना रहने देने की ज़िम्मेदारी किसकी है? सवाल पूछियेगा, वो बगलें झांकने लगेंगे।

सचदेवा के बयानों से एक बात समझ में आती है कि केवल दिल्ली को संवारने पर 4,064 करोड़ स्वाहा हुए हैं। देशभर में जी-20 के नाम पर जितने आयोजन हुए, उसपर केंद्र सरकार ने कितने ख़र्च किये, यह जानना दिलचस्प होगा। हमें उस समय का इंतज़ार रहेगा, जब सीएजी जैसी संस्था इसका ब्योरा देगी कि जी-20 के नाम पर टैक्स पेयर्स के पैसे का कितनी बेरहमी से दुरूपयोग हुआ है। जी-20 के आयोजन पर 10 करोड़ डॉलर से अधिक का खर्च आने का अनुमान है। देश के 50 से अधिक शहरों में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले लगभग 200 बैठकों का आयोजन हो चुका है। इनमें योग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मोदी मन भावे वाले स्वादिस्ट भारतीय भोजन का मेन्यू भी शामिल रहा है।

पिछले एक साल से देश का कोई कोना नहीं छूटा जहां जी-20 का डंका नहीं बजाया गया। जी-20 के जुनून में अखबारों में विज्ञापन, सड़कों पर पोस्टर-बैनर, विशालकाय एलईडी स्क्रीन से लेकर ई-रिक्शा तक को नहीं छोड़ा। इसके सिंबल को ध्यान से देखिये, खिलते हुए कमल पर टिका संपूर्ण ब्रह्मांड। मित्रों, कमल किस पार्टी का चुनाव चिह्न है? इवेंट मैनेजरों ने जी-20 को भी चुनावी बना दिया। पीएम मोदी जी-20 के पोस्टर ब्वाय बने हुए हैं, उनके विराट स्वरूप को उकेर कर पूरी दुनिया को बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की वजह से भारत की पहचान विश्व मंच पर है।

जी-20 का अगला सम्मेलन 2024 में ब्राज़ील में, और 2025 में दक्षिण अफ्रीका में होना तय है। क्या वहां भी दिल्ली जैसा दिखावा होगा? शिवपूजन सहाय ने 'कहानी का प्लॉट' में लिखा था, 'अमीरी की कब्र पर पनपी ग़रीबी बड़ी ज़हरीली होती है।' लेकिन जी-20 के आयोजन से पहले ग़रीब बस्तियां जिस बेरहमी से उजाड़ी गईं वो ग़रीबी की कब्र पर अमीरी की घास है, जो उससे कई गुणा अधिक ज़हरीली है। आप उजड़े हुए लोगों का रूदन सुनिये, दिल कांप जाता है। फेंके हुए बर्तन और गूदड़ी समेटती बेसहारा औरतें बद्दुआएं दे रही हैं, लेकिन बेहिस शासन पर कोई असर नहीं।

जुलाई 2023 का अंतिम महीना था, जब आवास और शहरी मामलों के कनिष्ठ मंत्री कौशल किशोर ने संसद को बताया कि 1 अप्रैल से 27 जुलाई के बीच दिल्ली में बस्तियां ढहाने के 49 अभियान चलाये गये, जिसमें 230 एकड़ सरकारी जमीन को वापिस लिया गया है। मंत्री कौशल किशोर ने संसद में सफेद झूठ बोला कि जी-20 के लिए एक भी मकान नहीं तोड़ा गया है। आप इन इलाक़ों में जाइये, तो कहानी कुछ और है।

दिल्ली के भैंरो मार्ग स्थित जनता कैंप में जिनके मकान टूटे, उन्हें झांसा दिया गया था कि जी-20 शिखर समारोह से गरीबों के हक में कुछ होगा, यहां से उजड़े बेघरों को पीएम मोदी मकान देंगे। भैंरो मार्ग जनता कैंप के भूतपूर्व हो चुके निवासी मोहम्मद शादाब ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह तो बिल्कुल उलटा है। बड़े लोग आएंगे, हमारी कब्र पर बैठेंगे, और खाएंगे। उजड़ चुकी बस्तियां पीएम मोदी के गगनचुंबी कटआउट्स, नियोन साइन और एलईडी लाइट्स से गुलजार हैं। कोई कह नहीं सकता कि कुछ हफ्ते पहले यहां टाट में पैबंद लगाकर लोग अपना ज़िस्मो-जान छिपाते थे। यह है मोदी का भारतवर्ष, जब वो 'इंडिया-इंडिया' बघारते थे, उनके दिये नारे याद कीजिए-'जहां झुग्गी-वहां मकान'!

दिल्ली शहर का वीवीआईपी एरिया इस समय भिखारी मुक्त है। महानगर के मुख्य स्थानों से भिखारियों को हटा दिया गया है। दिल्ली में 20 हज़ार 719 भिखारी दर्ज़ हैं। मगर, यह पता नहीं चल पाया कि भिखारी गये कहां? पुलिस भी नहीं बताती कि भिखारी कहां तड़ीपार किये हैं? आपको ट्रंप की अहमदाबाद विजिट याद करनी पड़ेगी। उसी शैली में दिल्ली शहर की कई झुग्गी-झोपड़ियों को छिपाने के लिए उनके किनारे कपड़े लगाकर उन्हें ढंक दिया गया है। ग़रीबी छिपाने का गुज़रात मॉडल जी-20 में भी काम आ गया।

लगभग एक हफ्ते से कामकाजी लोग अपने घरों पर दो से चार घंटे लेट पहुंच रहे हैं। सप्लाई वाली ट्रकों का दिल्ली सीमा में प्रवेश नहीं के बराबर है। ज़रूरत के सामान औने-पौने भाव में मिल रहे हैं। धूल-मिट्टी, जाम, नाकेबंदी से परेशान लोग सदरे इंतज़ामिया से 'पारिवारिक संबंध' स्थापित करें भी, तो बला से। मोदी जी ने बोल तो दिया है-'रूकावट के लिए खेद है।' धरती के भगवान ने इतना कह दिया, अमृत वाणी समझिये इसे। खाये-पीये-अघाये लोग एक हफ्ते की पिकनिक मनाने दिल्ली से बाहर निकल गये। जो दिल्ली में किन्हीं वजहों से हैं, लाख तकलीफें के बावजूद जी-20 को कुदरत का करिश्मा और मोदी का प्रताप मान रहे हैं। जी-20 के बहाने देश में अंगूठा छाप से लेकर उच्च शिक्षित लोगों तक को रोबोट बनाया जा सकता है, यह मोदी ने मुमकिन कर दिखाया है।

15-16 नवंबर 2022 को इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की शिखर बैठक हुई थी। तब के घोषणापत्र को इंटरनेट से डाउनलोड करके पढ़ियेगा। कोविड के बाद जिस तरह से विश्वव्यापी ग़रीबी बढ़ी है, उसपर साझा चिंता व्यक्त की गई थी। घोषणापत्र में इसका अहद किया गया था कि हम सब मिलकर ग़रीबी को मिटायेंगे। इसका हस्ताक्षर करने वालों में भारत के माननीय प्रधानमंत्री मोदी भी थे। प्रश्न यह है कि क्या साल भर ग़रीबी मिटाने का लक्ष्य प्राप्त हो गया? हो गया, तभी तो जी-20 के आयोजन में भारत ने 10 करोड़ डॉलर से अधिक फूंक डाले। माले मुफ्त, दिले बेरहम। बाली घोषणापत्र के सारे 52 बिंदुओं पर नज़र दौड़ा लीजिए, कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद विश्व की भरभराती अर्थव्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। फ़िर कोई अतिथि देश का नेता मोदी से क्यों नहीं पूछता कि शान दिखाने के वास्ते 10 करोड़ डॉलर क्यों उड़ा डाले?

हम यह भूल जाते हैं कि एशिया में आर्थिक संकट पैदा होने के कारण जी-20 अस्तित्व में आया था। जी-20 की पहली बैठक 2008 में वाशिंगटन डीसी में हुई थी। दुनिया के समृद्ध देशों के वित्त मंत्रियों व रिज़र्व बैंक के गवर्नर तब जी-20 की बैठकों में शिरकत करते थे। बाद के वर्षों में शासन प्रमुखों की भागीदारी होने लगी। 2011 के बाद हर साल शिखर बैठक बारी-बारी से सदस्य देशों की अध्यक्षता में होने लगी। 1999 में स्थापना वर्ष के बाद के कालक्रमों को ठीक से देखिये कि जी-20 शिखर बैठकों पर किस देश ने कितना ख़र्च किया। भारत ने सबकी लकीर छोटी कर दी है। हम पांच ट्रिलियन डॉलर के संकल्प को पूरा करें, न करें, अतिथि देशों को यह बताना है कि हम शाहखर्च थे, और रहेंगे।

जी-20 दो ट्रैक में विभाजित है। फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक। शेरपा ट्रैक का नेतृत्व शासन प्रमुखों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है। यह कृषि, भ्रष्टाचारविरोधी, जलवायु, डिजिटल अर्थव्यवस्था, शिक्षा, रोजगार, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और निवेश जैसे सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित है। फाइनांस ट्रैक का नेतृत्व वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक गवर्नर करते हैं, जो राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों के निस्बतन है। फाइनांस ट्रैक से संबंधित कार्य समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, वित्तीय विनियमन, वित्तीय ढांचा, अंतरराष्ट्रीय कराधान पर केंद्रित रहते हैं। सवाल यह है कि भारत फाइनांस ट्रैक और शेरपा ट्रैक की अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में कितना सफल रहा है? उत्तर पूछिये तो अधिकारी कुछ गोल-गोल धुमाने लगते हैं, जिससे लगता है कि कोविड और यूक्रेन युद्ध के बाद हम अपनी अर्थव्यवस्था को सही से संभालने में चीन के मुक़ाबले अब भी काफी पीछे चल रहे हैं।

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**2 सितंबर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छग विलासपुर के एक दीक्षांत समारोह में कहा कि कठिनाई का डटकर मुकाबला करें सफलता कदम चूमेगी।
- इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक 11.50 बजे सूर्य की कक्षा में पहुंचा।
- इंफाल राजभवन के सूत्रों के अनुसार मणिपुर के हिंसा मामले की तेजी से जांच के लिए 42 एसआईटी बनेगी।
- हांगकांग ने शक्तिशाली तूफान साओली का आठ नंबर संकेत जारी किया।।

**3 सितंबर**

- एक देश एक चुनाव के लिए कमेटी गठित की गई जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अध्यक्ष बनाए गए।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ओडिशा के बालासोर रेल हादसे मामले में तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए।
- ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मुहम्मद अल फायद का निधन हो गया।

**4 सितंबर**

- जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नांगाग्वा ने पद की शपथ ली।
- इसरो ने आदित्य एल-1 को अगली कक्षा में भेजा।
- भारत में जी-20 सम्मेलन 9 व 10 सितंबर को किया गया जिसमें विदेशी अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई। भारतीय वायुसेना ने हवाई क्षेत्र की निगरानी एयरक्राफ्ट द्वारा की गई।
- ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 नागरिकों की मौत हो गई।

**5 सितंबर**

- यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को बर्खास्त कर दिया गया।
- चीन के दक्षिणी-पश्चिमी प्रांत में गुआंग डोंग में साओली तूफान में 8 हजार नागरिक फंसे।
- सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ हमले में 16 नागरिकों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी में हड़ताली 3 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल जारी रखने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।
- एडीआर की जारी की घई रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे अमीर दल है।
- नासा का स्पेस एक्स क्रू-6 फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतरा।
- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू।

**6 सितंबर**

- जी-20 सम्मेलन के रात्रिभोज के आमंत्रण पर प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया।
- सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद-370 पर सुनावई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा।
- इसरो ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की दूसरी बार बढ़ाई गई कक्षा।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की रोहित शर्मा कप्तान एवं हार्दिक पंड्या उप कप्तान बनाए गए।
- छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी के पुल से बुलेरो वाहन नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- ट्यूनेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमाही जेबाली को गिरफ्तार कर लिया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटीरिया गुंटेरस ने कहा कि प्रतिवर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख लोगों की मृत्यु होती है।
- अमेरिकी अदालत ने 'प्राइड बॉयज' नेता टोरियों को 22 साल की सजा सुनाई।

**8 सितंबर**

- जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन एत-ए वाहक राकेट 47 से एक्स रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिया स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया।
- पिछले 123 सालों में 2023 का जुलाई माह सबसे अधिक गर्म तापमान वाला रहा।
- मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया।
- जी-20 सम्मेलन भाग लेने मारिशस के प्रधानमंत्री प्रवींद्र जगनौथ भारत पहुंचे।

## पानी को सहेजने की परम्परा

■ राजकुमार सिन्हा

धरती पर पानी की कुल मात्रा लगभग 13,100 लाख घन किलोमीटर है। इस पानी की लगभग 97 प्रतिशत मात्रा समुद्र में खारे पानी के रूप में और लगभग तीन प्रतिशत मात्रा (390 लाख घन किलोमीटर) साफ या स्वच्छ पानी के रूप में धरती पर अनेक रूपों में मौजूद है। इस साफ पानी का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा धरती के ऊपर और लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा धरती के नीचे विभिन्न गहराइयों में मिलता है। भारत की धरती पर पानी की मात्रा 4000 लाख हेक्टेयर मीटर आंकी गई है तथा भूजल भंडार की मात्रा 396 लाख हेक्टेयर मीटर है।

इस सबके बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व में लगभग तीन अरब लोग जल संकट की चपेट में हैं। 'नीति आयोग' के अनुसार 2030 तक भारत के 40 प्रतिशत लोगों की पहुंच पीने के पानी तक नहीं होगी। देश में 15 वर्ष पहले 15 हजार नदियां और 75 साल पहले 30 लाख कुएं, तालाब और झील थे जिनमें से 4500 नदियां सूख गई और 20 लाख कुएं, तालाब और झील गायब हो गए।

पाताल में प्रतिवर्ष जा रहे 120 घन किलोमीटर भूगर्भीय जल के बदले प्रतिवर्ष लगभग 190 घन किलोमीटर जल निकाला जाता है। यानि वर्षा आदि से भूमि के अंदर जाने वाले और निकाले जाने वाले पानी में 70 घन किलोमीटर का अंतर रह जाता है। मध्यप्रदेश में हर साल भूजल करीब 4 इंच नीचे जा रहा है। पिछले 10 साल में 40 इंच यानि सवा तीन फीट तक नीचे जा चुका है। यह इसलिए कि पानी क्षमता से ज्यादा निकाला जा रहा है, लेकिन रीचार्जिंग पर ध्यान नहीं है, जबकि प्रदेश की जमीन में 75 लाख घन मीटर (एमसीएम) पानी को समाने की क्षमता है।

**पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए।**

भारत की जलनीति में पानी के उपयोग की प्राथमिकताओं का उल्लेख तो है, परन्तु विभिन्न कामों में लाए जाने वाले पानी की सीमाओं का उल्लेख नहीं है। नतीजे में हर साल करीब 90 खरब लीटर पानी बिना उपयोग के बह जाता है। भूजल विशेषज्ञ जॉन शेरी (2020 के 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' के विजेता) के शब्दों में 'भूजल पृथ्वी की रक्षा प्रणाली है।'

जाहिर है, ऐसे में प्रकृति के प्रसाद की तरह मुफ्त मिलने वाला पानी बिकाऊ माल में तब्दील हो रहा है। पीने के पानी का कारोबार 1.80 लाख करोड़ रुपए का हो गया है जो अगले कुछ सालों में 4.5 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। बोतलबंद पानी में सर्वाधिक 40 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बिसलेरी की है। जैसे-जैसे बोतलबंद पानी का बाजार बढ़ रहा है, कम्पनियां भूजल दोहन, भूमि उपयोग, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन उत्सर्जन आदि को प्रभावित कर रही हैं।

ऐसा नहीं है कि हमारे पूर्वज पानी के मामले में लापरवाह थे। गोंडकाल में अधिकांश लोगों की आजीविका का आधार खेती और उससे जुड़ी सहायक गतिविधियां थीं, लेकिन गौंड राजाओं द्वारा बनाए गए अधिकांश तालाब नहर-विहीन थे। इसका मतलब है कि तालाबों का उपयोग आधुनिक तरीके से खेतों की सिंचाई के लिए नहीं, बल्कि मुख्यतः नमी और भूजल स्तर बढ़ाने, जलवायु का संतुलन कायम रखने, पेयजल स्रोतों को भरोसेमंद बनाए रखने,आजीविका (मछली, सिंघाड़ा, कमलगटटा और खेती) को स्थायित्व प्रदान करने के लिए होता था। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर और दमोह जिलों की गहरी काली मिट्टी में नमी संचित करने और इसी आधार पर रबी में बिना सिंचाई बढ़िया फसल लेने की देशज व्यवस्था प्रचलित थी।

कहते हैं कि पौराणिक राजा विराट ने मण्डला जिले के मवई इलाके में अधिकांश तालाब बनवाए थे। इस मामूली से कस्बे में 150 तालाबों का जिक्र तो अंग्रेजों के गजेटियर में भी मिलता है। बैगाओं की खास जीवन शैली, खेती- पाती और समाज व्यवस्था को देखते हुए अंग्रेजों ने 19 वीं शताब्दी में उन्हें एक खास इलाका 'बैगाचक' बनाकर उसमें बसाया था। बैगा एक तरह से घुमंतू समाज के लोग रहे हैं इसलिए पानी का उनका साधन हर साल नदी-नालों के किनारे झिरिया खोदकर ही रहा है। इन झिरियों के किनारे ही बैगाओं की संस्कृति, समाज फला-फूला है।

भारतीय संविधान में पानी के मामले में केन्द्र और राज्य सरकारों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है और अन्तराज्यीय नदियों के संचालन एवं विकास का उल्लेख किया गया है, परन्तु इस पूरी इबारत में समाज का कोई उल्लेख नहीं है। इसी तरह जलनीति में पानी के उपयोग का नियोजन और क्रियान्वयन की प्राथमिकताओं का जिक्र है पर इसमें से समाज गायब है।

अर्थव्यवस्था में भूमंडलीकरण के बाद 1999 में विश्वबैंक ने भारत में पानी के परिदृश्य पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत आने वाले दिनों में जल प्रबंधन की चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकेगा। इसलिए आवश्यक है कि वह विश्वबैंक द्वारा सुझाई तकनीक का पालन करे। लोग मानते हैं कि भारत की 'राष्ट्रीय जलनीति 2002' में निजीकरण का उल्लेख विश्वबैंक की इसी रिपोर्ट के बाद आया। विश्वबैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों के प्रभाव में दुनियाभर में नीतिगत बदलाव हुए हैं। भारत में भी तकनीकी सहायता के कारण जलक्षेत्र में बड़े नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिससे जलप्रदाय व्यवस्था के परिदृश्य में आमूलचूल बदलाव आया है।

इस नीति का एक प्रभाव 'छोटे तथा मझौले नगरों की अधोसंरचना विकास योजना' (यूआईडीएसएसएमटी) के तहत मध्यप्रदेश की खंडवा और शिवपुरी की जलप्रदाय योजनाओं को 'पीपीपी' (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशीप) माडल के तहत निजी कंपनियों को सौंपा जाना है। इन योजनाओं में लगने वाला 90 प्रतिशत धन देश की जनता का है, लेकिन छोटा निवेश करने वाली कंपनियों को मालिक बना दिया गया है जिसे स्थानीय समुदाय ने स्वीकार नहीं किया है।

अब इस योजना को समाप्त कर 'मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना' बनाई गई है। 2013 में प्रदेश सरकार ने 'मध्यप्रदेश जल विनियमन कानून' पारित किया था। इस कानून के तहत बनने वाला 'जल नियामक आयोग' प्रदेश में पानी का बाजारू उपयोग निर्धारित करेगा। समुदाय की आर्थिक हैसियत बिजली की तरह जलक्षेत्र को भी उनकी पहुंच से दूर कर देगी।

वैश्विक आर्थिक संकट का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान पानी के निजीकरण पर जोर दे रहे हैं। ग्रीस, पुर्तगाल, इटली और आयरलैंड में इन प्रयासों का तीव्र विरोध हुआ, जिससे उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह संघर्ष बोलिविया के कोचाबाम्बा और अमेरिका के अटलांटा में पानी के निजीकरण के खिलाफ हुए संघर्ष की तरह सफल हुआ है।

ऐसे में पानी सरीखे बुनियादी संसाधन को लेकर क्या किया जाए? अव्वल तो जलस्रोतों को चिन्हित करके उनके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्रामसभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को दी जाए। दूसरे, समाज के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर के अध्ययन दलों का गठन किया जाए। तीसरे, पास के नदी-नाले के पानी को बरसात में रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय किए जाएं और चौथे, वर्षा जल को रोकने के लिए गांव के आसपास जल संचय व्यवस्था कायम की जाए। संभव है, इन उपायों से हम अपने पानी को लंबे समय तक बचा पाएं।

**(लेखक बरगी बांध विस्थापित संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।)**

## परिवार नियोजन के लिए अलग नजरिये की जरूरत

■ डॉ.संजना मोहन-लेखा रत्तनानी

परिवार नियोजन के लिए शुरू की गई सरकारी पहल 'मिशन परिवार विकास' (एमपीवी) अब अपने सातवें वर्ष में है। इस मुहिम को मूल रूप से तीन से अधिक की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) के साथ 'उच्च प्रजनन क्षमता' क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए 146 जिलों में कुछ सफलता हासिल हुई है। चिन्हित जिले सात राज्यों- राजस्थान, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड हैं। एमपीवी को उम्मीद है कि 2025 तक इन उच्च फोकस क्षेत्रों में टीएफआर 2.1 तक कम हो सकती है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए केंद्रित प्रयासों के परिणाम आंकड़ों में देखे जा सकते हैं लेकिन ये उन छिपी हुई समस्याओं के साथ आते हैं जिन्हें आंकड़े पकड़ नहीं पाते या नहीं पकड़ सकते हैं। उदाहरणार्थ, परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों के बाद इन क्षेत्रों में गर्भ निरोधकों के उपयोग में तेजी आई है लेकिन गर्भ निरोधक का सबसे लोकप्रिय तरीका सर्जरी से जुड़े परिवार नियोजन की अपरिवर्तनीय विधि है। नतीजों के नजरिए से यह अच्छा है लेकिन महिलाओं के दृष्टिकोण से हमेशा अच्छा नहीं है। स्थायी विधि की लोकप्रियता राष्ट्रीय वरीयता को प्रतिबिंबित करती है जहां एनएफएचएस-5 के अनुसार वर्तमान में विवाहित महिलाओं के 36.3 प्रतिशत ने इस विकल्प को अपनाया जिससे यह गर्भ निरोधक सभी विकल्पों में सबसे लोकप्रिय हो गया। एमपीवी जिलों वाले राज्यों में कई और महिलाओं ने स्थायी विधि का विकल्प चुना। चूंकि एमपीवी पिछड़ेपन के उच्च स्तर वाले जिलों में अनिवार्य रूप से चलती है, वह इन जिलों में कमजोर संचार तथा स्वास्थ्य देखभाल के खराब वितरण का संकेत देती है इसलिए महिला नसबंदी के नकारात्मक पक्ष यहां अधिक स्पष्ट होंगे।

**तीन घटनाक्रमों ने संभवतः नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है।**

महिला नसबंदी जैसी स्थायी विधि आमतौर पर तब अपनाई जाती है जब दंपति के पास उतने बच्चे होते हैं जितने वे चाहते थे तथा अब और बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। ग्रामीण भारत में बच्चों व युवा वयस्कों की मृत्यु असामान्य नहीं है। खासकर आदिवासी समुदायों में कई अप्रत्याशित घटनाओं के कारण- जैसे सर्पदंश, तेंदुए के हमले, पेड़ से गिरने, गांव के तालाब में डूबने और कई रोकथाम योग्य या उपचार योग्य बीमारियों का इलाज न होने के कारण मौतें होती हैं। समय पर देखभाल व उपचार न मिल पाने के कारण अक्सर बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं जहां दुर्घटनाओं के बाद दो या तीन बच्चों के बाद नसबंदी का विकल्प चुनने वाली महिलाएं खुद को अचानक कम बच्चों के साथ या बेटे के बिना पाती हैं। ऐसे मामलों में सर्जरी का उलटना असंभव नहीं है लेकिन बहुत मुश्किल है। इसके अलावा परिवार पर हुआ आघात का असर अंतहीन है। ग्रामीण भारत में महिला नसबंदी की बढ़ती स्वीकार्यता के ये दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम हैं। वे गर्भ निरोध के अपरिवर्तनीय तरीकों की विशिष्ट भारतीय समस्याओं को भी उजागर करते हैं। खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी सर्जरी के दौरान जटिल समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बनता है। एक बड़ा आघात यह भी होता है कि अगर सर्जरी से महिला बच जाती है तो वह अपने बच्चों को खो देती है और अब उसे और बच्चे नहीं हो सकते।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मार्च 2018 में लोकसभा में बताया था कि वर्ष 2014-2017 में नसबंदी के बाद कुल 358 मौतें हुईं। मंत्री ने लोकसभा को बताया कि 'भारत सरकार द्वारा प्रकाशित नसबंदी सेवाओं में मानक और गुणवत्ता आश्वासन- 2014 में निर्धारित मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इन्हें नसबंदी प्रक्रियाएं करते समय सेवा प्रावधान में गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और सेवा प्रदाताओं को उपलब्ध कराया गया है।'

सिर्फ आंकड़ों के संदर्भ में देखें तो एनएफएचएस-3 से एनएफएचएस-5 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नसबंदी (वर्तमान में विवाहित महिलाओं के प्रतिशत के रूप में) राजस्थान में 32.2 प्रश से बढ़कर 44.5, बिहार में 22.6 से 35.3, छत्तीसगढ़ में 39.8 से 47.6, झारखंड में 19.8 से 37.4 और मध्य प्रदेश में 46.9 से बढ़कर 55.7 फीसदी हो गई है।

हाल के तीन घटनाक्रमों ने संभवत: नसबंदी संख्या में लगातार वृद्धि में योगदान दिया है। पहला, हर गांव में आशा (एक्रिडिएटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट-मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की उपस्थिति ने व्यवस्था को एक मानवीय चेहरा दिया है। इस उपस्थिति ने लोगों में विश्वास का निर्माण किया है तथा सरकार के व्यवस्था-संचालित निश्चय को गांव के अंतिम घर तक पहुंचाया है। दूसरा, गांवों में स्मार्टफोन और उच्च कनेक्टिविटी की पहुंच ने ग्रामीणों की आकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। गांव में होने वाली शादियों में डीजे बजाना, जन्मदिन मनाना, ग्रामीण लड़कियों का बदलता पहनावा इसके उदाहरण हैं। शहरों में छोटे परिवारों के आकार और जीवन शैली को भी ग्रामीण परिवार नोट कर रहे हैं तथा इसे खुद अपनाने को तैयार हैं। नसबंदी की संख्या बढ़ाने में योगदान देने वाला तीसरा कारक काम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पुरुषों के प्रवास की बढ़ती प्रवृत्ति है। दक्षिणी राजस्थान में ही करीब 70 प्रतिशत परिवारों में कम से कम एक पुरुष सदस्य आजीविका के लिए गुजरात या महाराष्ट्र अथवा किसी और राज्य के शहरों में पलायन करता है। पति की अनुपस्थिति में महिलाओं के लिए बच्चों का पालन-पोषण करना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इन हालातों में नसबंदी ऑपरेशन हर किसी के लिए हालातों पर एक जीत जैसा लगता है।

प्रसूति विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि ऑपरेशन अंतिम विकल्प होना चाहिए क्योंकि ऑपरेशन के लिए शरीर को खोलने के अपने जोखिम हैं इसलिए अन्य उपलब्ध तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए जो सुरक्षित हैं। महिला नसबंदी से जटिलताएं और मौतें असामान्य नहीं हैं लेकिन ये घटनाएं इस विधि का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या को प्रभावित नहीं करतीं। शायद उन्हें नसबंदी करने के लिए उचित प्रोत्साहन के साथ लुभाया जाता है। फिर भी हम इस समस्या से भाग नहीं सकते। भारत में जनसंख्या नियंत्रण का पूरा बोझ महिलाओं द्वारा वहन किया गया है और अभी भी वहन किया जा रहा है। यह बोझ विशेष रूप से नसबंदी के मामले में है। पिछले दस वर्षों का सच यही है जो सरकार के एनएचएफएस 2005-2006 से एनएचएफएस 2015-2016 के सर्वेक्षण में दिखाई दे रहा है।

गर्भधारण रोकने के लिए आज कई विकल्प उपलब्ध हैं इसलिए महिलाएं ट्यूबेक्टोमी के लिए 'ना' कह सकती हैं। अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) जैसे कॉपर-टी या अन्य हार्मोनल उपकरण लंबी अवधि के लिए प्रभावी हैं। ये लगभग स्थायी विधि की तरह काम करते हैं। महिलाओं के लिए इनका एक या दो बार उपयोग करना पूरे प्रजनन चक्र में गर्भावस्था को रोकने के लिए पर्याप्त हो सकता है। इस प्रकार यह एक स्थायी विधि के रूप में भी कार्य करता है।

जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, डॉक्टर और नर्स पूरी तरह से मौजूद नहीं हैं और लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर बहुत कम भरोसा है वहां जन्म दर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नसबंदी एक निश्चित तरीका है। विकल्प उपलब्ध कराने और सुझाने के लिए हमारे डॉक्टरों तथा नर्सों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होगी। इन तरीकों को उपलब्ध कराने और इन विभिन्न तरीकों से जुड़े भय एवं मिथकों को दूर करने के लिए लोक संवाद बढ़ाना होगा। इस मामले में कॉपर-टी एक उदाहरण है जिसके बारे में एक आम डर यह है कि 'यह पेट में ऊपर जाएगा।'

इस भय पर काबू पाने के लिए महिलाओं के डर को सुनने और स्वीकार करने की आवश्यकता होगी तथा महिलाओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि ये भय निराधार क्यों हो सकते हैं। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सातों दिन और चौबीसों घंटे खुला रखने और वहां स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूद रहने की आवश्यकता होगी ताकि वे अन्य तरीकों के उपयोग से होने वाले रक्तस्राव व पेट दर्द जैसे किसी भी दुष्प्रभाव का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर नए सिरे से जोर देना, नए स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना, पीएचसी तथा उप-केंद्रों में डॉक्टरों व कुशल कर्मचारियों की बढ़ती संख्या इस सिलसिले में स्वागतयोग्य कदम हैं जो इस आदर्श बदलाव को संभव बना सकते हैं।

**(डॉ. संजना चिकित्सक व लेखा वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट:दी बिलियन प्रेस)**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने किया आत्मसमर्पण

मोगादिशु, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सोमालिया के आतंकवाद विरोधी केंद्र ने कहा है कि जुलाई और अगस्त के बीच लगभग 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सरकारी सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर प्रिवेंटिंग एंड काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म के निदेशक अब्दुल्लाही मोहम्मद नोर ने गुरुवार को कहा कि आतंकवादियों ने चार राज्यों हिर्शबेले, गाल्मुदुग, दक्षिण-पश्चिम और जुबालैंड राज्यों में आत्मसमर्पण किया। निदेशक ने सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में पत्रकारों से कहा, 'आत्मसमर्पण करने वालों में कट्टरपंथी बने छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं और समूह कमांडर शामिल हैं ।

# शी जिनपिंग जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर अमेरिका, भारत को कर रहे अपमानित : अमेरिकी मीडिया

**वाशिंगटन,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी मीडिया का मानना है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर 'अमेरिका और भारत और उनका समर्थन करने वाली पश्चिमी ताकतों' को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ सहित 20 से अधिक वैश्विक नेता शामिल होंगे। जिनपिंग ने अपने प्रधानमंत्री ली कियांग को भेजा है। अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने कहा कि भले ही आगामी शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली 24/7 घरेलू कवरेज पर थी, लेकिन शी भारत और दुनियाभर में विदेशों में काफी ध्यान आकर्षित कर रहे थे, क्योंकि वह गैरहाजिर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी गैरहाजिरी पृथ्वी पर दो सबसे बड़े देशों के बीच संबंधों पर एक नया दृष्टिकोण पेश करती है।

कई पश्चिमी मीडिया घरानों द्वारा उद्धृत कई अज्ञात स्रोतों के अनुसार, शी का इसमें भाग न लेने का मन है। एक अनाम ब्रुसेल्स राजनयिक ने खुलासा किया था कि वह भाग



नहीं ले रहे हैं और अपने बदले प्रधानमंत्री कियांग को भेजेंगे, जिसकी अब पुष्टि हो गई है, क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घरेलू दबाव वाली व्यस्तताओं के कारण इसे छोड़ दिया है और अपने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को भेज रहे हैं। शी ने 23 अगस्त को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर जोहान्सबर्ग में मोदी से मुलाकात की थी। प्रसिद्ध अमेरिकी साप्ताहिक न्यूजवीक ने जी20 पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि कई पश्चिमी मीडिया घरानों द्वारा उद्धृत कई अज्ञात स्रोतों के अनुसार, शी नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का मन बना रहे हैं।

जैसा कि 9 सितंबर को जी20 शुरू हो रहा है, नई दिल्ली इसे बहुत गंभीरता से ले रही है। कार्यालय और कॉलेज बंद किए जा रहे हैं और सुरक्षा उपाय बढ़ाए जा रहे हैं, क्योंकि 23 से अधिक प्रमुख होटल

■ **चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होकर 'अमेरिका और भारत और उनका समर्थन करने वाली पश्चिमी ताकतों' को नजरअंदाज कर रहे हैं**

कार्यक्रम के दौरान 25 से अधिक वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेंगे। अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने कहा कि आयोजन स्थल, भारत मंडपम के आसपास के अधिकांश लोगों को वैश्विक नेताओं के आगमन के कारण इधर-उधर जाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इसका केवल एक ही मतलब हो सकता है कि भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न देशों से अपने काफिले को कम करने के लिए कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को वाशिंगटन डी.सी. में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह (शी जिनपिंग) इसमें भाग लेंगे।' न्यूजवीक ने एजेंसी की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी सरकार के अधिकारी नई दिल्ली में शी-बाइडेन बैठक की संभावनाओं को कम कर रहे हैं।

# सिंगापुर सांसद ने भारतीय मूल के मंत्री को निलंबित करने के लिए पेश किया प्रस्ताव

**सिंगापुर,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सिंगापुर में एक विपक्षी सांसद ने भ्रष्टाचार आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) से जांच के बाद भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को संसद से निलंबित करने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया है। शुक्रवार को साझा किए गए एक फेसबुक पोस्ट में, विपक्षी प्रोग्रेस सिंगापुर पार्टी के हेज़ल पोआ ने कहा कि प्रस्ताव पर 19 सितंबर या उसके बाद संसद में बहस होगी। पोआ ने कहा, 'मैंने 14वीं संसद के शेष सत्र के लिए श्री एस ईश्वरन को संसद की सेवा से निलंबित करने के लिए संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है, ताकि उन्हें सांसद भत्ता न मिल सके। प्रधानमंत्री ने ईश्वरन से सीपीआईबी जांच के दौरान कोई भी आधिकारिक कर्तव्य नहीं निभाने को कहा है।' प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग ने पिछले महीने संसद को बताया था कि ईश्वरन को अगली सूचना तक प्रति माह कम वेतन दिया जाएगा। चैनल न्यूज़ एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर के लोक सेवा प्रभाग के अनुसार, यह राशि एक मंत्री के मासिक वेतन 55,000 सिंगापुर डॉलर का लगभग 15 प्रतिशत है। इसके अलावा, ईश्वरन को अभी भी 192,500 सिंगापुर डॉलर का वार्षिक सांसद भत्ता प्राप्त करने की अनुमति है क्योंकि यह एक मंत्री के वेतन से अलग है



और प्रधानमंत्री के विवेक के अंतर्गत नहीं आता है।

पोआ ने कहा कि वह संसद की अगली बैठक में संसद (विशेषाधिकार, प्रतिरक्षा और शक्तियां) अधिनियम 1962 में संशोधन के लिए एक निजी सदस्य विधेयक भी पेश करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह सुनिश्चित करेगा कि संसद के पास मंत्री ईश्वरन को भुगतान करने की शक्ति है, अगर उन्हें बाद में किसी भी गलत काम से मुक्त कर दिया जाए और अपने आधिकारिक कर्तव्यों को फिर से शुरू किया जाए। ईश्वरन के निलंबन की मांग संसद के 14वें सत्र से कुछ दिन पहले आई है, जो 18 सितंबर से शुरू हो रहा है। सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के एक सांसद, 61 वर्षीय ईश्वरन को 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया और जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## सुडोकू 6311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 9 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है।

वृषभ - उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है।

मिथुन - आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। स्वादिष्ट भोजन करेंगे और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

कर्क - परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ संघर्ष या विवाद होने की संभावना है।

सिंह - आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान- सम्मान बढ़ेगा। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है।

वृश्चिक - आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

धनु - आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी।

मकर - व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

कुंभ - आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। किसी भी काम की नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा आज स्थगित ही रखें।

मीन - आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। किसी काम के पूरा ना होने से आपका उत्साह ठंडा पड़ जाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# हांगकांग में 140 साल में सबसे ज्यादा बारिश


**हांगकांग,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। हांगकांग में लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इसके बाद बड़े पैमाने पर शहर में बाढ़ और जलभराव हो गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को सड़कों और सबवे स्टेशनों पर पानी भर गया और स्कूलों और कार्यस्थलों को बंद करना पड़ा। मौसम ब्यूरो ने कहा कि गुरुवार को शुरू हुई बारिश, लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा है। आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि 100 से अधिक लोगों को अस्पताल ले जाया गया और कई लोगों को बचाया गया। गुरुवार रात शहर में मूसलाधार बारिश से सड़कों, शॉपिंग सेंटरों और सार्वजनिक परिवहन में पानी भर गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो में लोगों को पानी से बचने के लिए कारों और अन्य ऊंचे प्लेटफार्मों पर चढ़ते हुए देखा गया, जो कुछ क्षेत्रों में कई मीटर ऊंचा हो गया है, जिससे मेट्रो के प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गए हैं। हांगकांग को इसके उत्तर में कॉव्लून प्रायद्वीप से जोड़ने वाला एक प्रमुख



मार्ग क्रॉस हार्बर सुरंग जलमग्न हो गई। बारिश के कारण हांगकांग के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन भी हुआ, जिससे कुछ राजमार्ग अवरुद्ध हो गए। शुक्रवार दोपहर तक, बारिश कुछ हद तक कम हो गई थी और अधिकारियों ने बारिश की चेतावनी को 'ब्लैक' से घटाकर 'एम्बर' चेतावनी में बदल दिया।

# ली छांग ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मुलाकात की

**बीजिंग,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी प्रधानमंत्री ली छांग ने जकार्ता में संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से 7 सितम्बर को मुलाकात की। ली छांग ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय स्थिति आपस में जुड़ी और अशांत है। स्थिति जितनी गंभीर है, उतनी ही अधिक अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने और सहयोग करने की आवश्यकता है। हमें खुले और समावेशी विकास की अवधारणा को कायम रखना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और आवाज को ईमानदारी से बढ़ाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग



द्वारा प्रस्तावित साझा भाग्य वाले समुदाय और बेल्ट एंड रोड पहल और अन्य पहल वैश्विक विकास और शासन के मुद्दों पर चीनी समाधान प्रदान करती है। चीन अंतरराष्ट्रीय मामलों में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए संयुक्त राष्ट्र का दृढ़ता से समर्थन करना जारी रखेगा और मानव जाति के लिए साझा भाग्य वाले समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने को तैयार है। गुटेरेस ने कहा कि चीन अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। संयुक्त राष्ट्र चीन के साथ बातचीत और सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शासन प्रणाली के सुधार को बढ़ावा देने, विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने में मदद करने और सतत् विकास के लिए 2030 एजेंडा को साकार करने में योगदान देने के लिए इच्छुक है।

# हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार, जो बाइडेन को हरा सकती हैं: पोल

**वाशिंगटन,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हरा सकती हैं। रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र महिला हेली ने गुरुवार को जारी सीएनएन/एसएसआरएस पोल में बाइडेन पर छह प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल की। हेली की टीम ने सर्वेक्षणों का स्वागत करते हुए कहा, 'यह सर्वेक्षण पुष्टि करता है कि कई डेमोक्रेट और रिपब्लिकन क्या कह रहे हैं।' हेली के प्रेस सचिव केन फर्नासो ने सीएनएन पोल का जवाब देते हुए कहा, 'व्हाइट हाउस को वापस लेने के लिए निक्की हेली हमारी सबसे अच्छी उम्मीद हैं। हमारे पास केवल एक ही मौका है। यह जीतने के लिए खेलने का समय है।' पिछले महीने के अंत में पहली रिपब्लिकन प्राथमिक बहस से बाहर निकलते हुए, हेली ने सीबीएस न्यूज़ को बताया कि वह पार्टी की 2024 की



■ **एक नए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हरा सकती हैं**

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने जा रही हैं। सीएनएन सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रम्प और बाइडेन के बीच संभावित दोबारा मुकाबले पर, सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे पूर्व राष्ट्रपति को चुनेंगे और 46 प्रतिशत ने कहा कि वे बाद वाले को चुनेंगे।


# किम जोंग-उन रूस जाने के लिए अलग रास्ता चुन सकते हैं : एनआईएस

**सोल,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस जाने वाले हैं। इस हफ्ते



की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि इस यात्रा के दौरान किम जोंग, पुतिन से यूक्रेन जंग में हथियारों की आपूर्ति पर बात करेंगे। समाचार एजेंसी योनहाप ने गुरुवार को संसदीय खुफिया समिति की बैठक के दौरान एनआईएस के एक अधिकारी के हवाले से कहा, 'जैसा कि न्यूयॉर्क टाइम्स से पता चला है, ऐसी संभावना है कि किम जोंग-उन उम्मीद से अलग रास्ता चुनकर एक आश्चर्यजनक कदम उठा सकते हैं।' बैठक के दौरान, एनआईएस के निदेशक किम क्यू-ह्यून ने कहा कि एजेंसी योजनाबद्ध यात्रा की बारीकी से निगरानी कर रही है।

## वर्ग पहेली 6311




**बायें से दायें:-**

१. समाज-विरोधी
४. किसी कार्य को पूर्ण करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करनेवाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि पकने के करीब होना
१०. अनाथ (उर्दू)
११. बांटने वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निशेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कहानी का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अमुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का ब्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6310



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1449- टुमु के किले की लड़ाई में मंगोलियाई सेनाओं ने चीन के सम्राट को बंधक बनाया।
1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना।
1776- अमेरिकी संसद कांग्रेस ने देश का नाम यूनाइटेड कॉलोनीज से बदल कर आधिकारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका किया।
1791- अमेरिका की राजधानी का नाम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया।
1828- रूसी उपन्यासकार लियो टॉल्सटॉय का जन्म।
1850- कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
1850- प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और नाटककार भारतेन्दु हरिश्चंद्र का जन्म।
1909- फिल्म अभिनेत्री लीला चिटनिस का जन्म।
1920- अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विवि में रूपांतरित किया गया।
1945- प्रथम कंप्युटर बग की खोज हुई।
1949- भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।
1967- बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार जन्म।
2001- वीनस विलियम्स ने छोटी बहन सेरेना को ग्रैंडस्लैम फ़ाइनल में हराया।
2005- चीन बीजिंग स्थित छाओयांग पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण।
2012- श्वेत क्रांति का जनक वर्गीज कुरियन का निधन।
2012- भारतीय स्पेस एजेंसी ने सबसे भारी विदेशी सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित किया।

**हिंसा** घाटी और पहाड़ी जिलों में हालात तनावपूर्ण

# मणिपुर में झड़पों में 50 से अधिक घायल

**इंफाल, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के पल्लेल में शुक्रवार को अलग-अलग झड़पों और गोलीबारी की घटनाओं में महिलाओं सहित लगभग 50 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि इन झड़पों और गोलीबारी की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार, प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में 11 नागरिक गोली लगने से घायल हो गए।**

जैसे ही गोलीबारी की खबर सोशल मीडिया पर फैली, थौबल और काकचिंग जिलों से सैकड़ों पुरुष और महिलाएं पल्लेल की ओर दौड़ पड़े, लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी लोगों ने पथराव कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए असम राइफल्स द्वारा आंसूगैस के गोले छोड़े जाने के बाद 30 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। असम राइफल्स के एक जवान को भी मामूली चोट आई है।

रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इंफाल से पल्लेल जाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने थौबल में सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे



टकराव की स्थिति पैदा हो गई। आरएएफ जवानों के साथ झड़प में महिलाओं समेत 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि शाम होने से ठीक पहले तेंगनौपाल जिले और अन्य स्थानों पर गोलीबारी कथित तौर पर बंद हो गई है, लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है। मैतेई समुदाय की शीर्ष संस्था, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) और प्रमुख आदिवासी संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने हमलों के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाया। दो दिन पहले हजारों प्रदर्शनकारी बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई में सेना के बैरिकेड्स को तोड़ने के लिए इकट्ठा हुए थे, ताकि वे तोरबुंग में अपने घरों में लौटने की कोशिश कर सकें, जिसे उन्होंने 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद अपने-अपने घर छोड़ दिया था और राहत शिविरों में शरण ली थी। शुक्रवार की घटनाओं को देखते हुए विभिन्न जिलों में कर्फ्यू में छूट की अवधि को घटाकर दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है।

मणिपुर पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, 'कुकी उग्रवादियों और मैतेई गांव के स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट हैं, जो सही नहीं हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि यह घटना पल्लेल में सुरक्षा बलों और सशस्त्र बदमाशों के बीच गोलीबारी से संबंधित थी।

## दुनिया को जानें

# अफरीकी स्वाइन फीवर का मामला सामने आने पर स्वीडन ने विशाल क्षेत्र को किया प्रतिबंधित

स्टॉकहोम, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। अधिकारियों ने घोषणा की है कि देश में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पहला मामला सामने आने के बाद मध्य स्वीडन में 800 वर्ग किलोमीटर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। स्वीडिश कृषि बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि छोटे शहर फगेसर्टा के आसपास के क्षेत्र में जंगल में प्रवेश निषिद्ध होगा। हालांकि, इलाके को खाली नहीं कराया जाएगा। यह निर्णय अगस्त के अंत से क्षेत्र में मृत पाए गए सात जंगली सूअरों में से एक में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पता चलने के तुरंत बाद लिया गया । समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीमारी से इंसानों को कोई खतरा नहीं है, लेकिन सुअर फार्मों के लिए यह विनाशकारी हो सकता है।

जंगल तक पहुंच को प्रतिबंधित करके, अधिकारियों को उस जोखिम को कम करने की उम्मीद है जो वायरस जूते, उपकरण और वाहनों पर फैल सकता है। चूंकि यह वायरस कुत्तों से भी फैल सकता है, इसलिए मालिकों को अपने पालतू जानवरों को जंगल में जाने से रोकने होगा।

# प्रादेशिकी

## फर्जी तरीके से बेचे जा रहे थे गो गैस सिलेंडर और रेगुलेटर

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी में इन दिनों गो गैस नाम के सिलेंडर खुलेआम बेचे जा रहे हैं। इसके साथ ही घटिया क्वालिटी के पाइप व हाई प्रेशर रेगुलेटर भी बेचे जा रहे हैं। भनक लगने पर मंदाकिनी वैली गैस एसोसिएशन के सदस्यों ने गो गैस के सिलेंडर से भरे वाहन को पकड़ा। पूछने पर पता चला कि गो गैस फर्जी तरीके से सिलेंडर, पाइप व हाई प्रेशर रेगुलेटर बेच रहा था। उसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों ने इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की। बता दें कि केदारनाथ यात्रा के दौरान अवैध तरीके से जहां शराब माफिया यात्रा पड़ावों में शराब पहुंचाने का काम करते हैं, वहीं गलत तरीके से अन्य सामान को भी पहुंचाया और बेचा जाता है। व्यापारियों को सस्ते दामों पर सामान बेचकर बड़ा मुनाफा कमाया जाता है।

# गहलोत ने दी 19 जिलों में 139 सड़क निर्माण कार्यों सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी

**जयपुर,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों में सड़क निर्माण के 139 कार्यों के लिए 232.10 करोड़, कोटा जिले में चम्बल नदी पर हाई-लेवल ब्रिज के निर्माण के लिए 256.46 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति एवं बूंदी एवं जोधपुर में पैनोरमा निर्माण सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

श्री गहलोत ने 19 जिलों में सडक् निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत इस राशि से बाड़मेर, जयपुर एवं भरतपुर में 21-21, जैसलमेर में 20, नागौर में 12, झुन्झुनूं, चूरू, जोधपुर एवं हनुमानगढ़ में 6-6, चित्तौड़गढ़ में पांच, कोटा में चार, पाली में तीन, अलवर में दो तथा टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर एवं अजमेर जिले में एक-एक सड़क का निर्माण होगा। श्री गहलोत की इस स्वीकृति से प्रदेश में सड़क तंत्र मजबूत होगा और आमजन का आवागमन सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने कोटा जिले में चम्बल नदी पर हाई-लेवल ब्रिज के निर्माण के लिए 256.46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस पुल का निर्माण राज्य राजमार्ग संख्या-120 पर स्थित गोठड़ा कलां गांव में किया जाएगा।

श्री गहलोत ने पूर्व में इस कार्य के लिए 165 करोड़ रुपये की बजट घोषणा की थी, जिसके विरुद्ध अब 256.46 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हाई-लेवल ब्रिज का निर्माण होने से आमजन को आवागमन में सुविधा होगी तथा उन्हें अपने गंतव्य के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी।



इसी तरह राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्टार्टअप्स को निरंतर प्रोत्साहन दे रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बीकानेर में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना के लिए 52.26 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार, आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब का निर्माण जोधपुर के फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय, जयपुर के भामाशाह डेटा सेन्टर तथा ई-गवर्नेंस सेंटर बिल्डिंग की तर्ज पर किया जाएगा। आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब का निर्माण कार्य सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से क्षेत्र के युवाओं एवं विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल माहौल मिलेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री गहलोत द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में बीकानेर में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना करने की घोषणा की गई थी। इन्दिरा गांधी नहरी तंत्र के तहत जैसलमेर क्षेत्र में आने वाली बालू मिट्टी की सफाई का कार्य किया जाएगा। श्री गहलोत ने इसके लिए 3.59 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

इस राशि का उपयोग मशीनों का क्रय कर उनका संचालन, संधारण एवं रख-रखाव करने में किया जाएगा तथा ऑपरेटरों की सेवाएं भी ली जा सकेंगी। इससे नहरों के संचालन में आसानी होगी तथा मशीनें उपलब्ध होने से विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाली आकस्मिक परिस्थितियों में भी इनका लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में इस संबंध में घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री ने भारतीय लोक कला मण्डल, उदयपुर मेंविभिन्न उन्नयन कार्यों के लिए 16.26 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

प्रस्ताव के अनुसार, भारतीय लोक कलामण्डल में कठपुतली थिएटर, मुख्य भवन में सिविल वर्क, इन्टीरियर वर्क, एलिवेटर निर्माणआदि कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों हेतु 8 करोड़ रूपए नगर विकास प्रन्यास, उदयपुरतथा शेष 8.26 करोड़ रूपए पर्यटन विकास कोष से खर्च किए जाएंगे।

श्री गहलोत की इस मंजूरी से भारतीयलोक कला मण्डल में सुविधाओं का विस्तार होने के साथ ही, प्रदेश की लोककलाओं को प्रोत्साहित करने तथा इनके संरक्षण में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय हैकि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंधमें घोषणा की गई थी।

राज्य सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर जिले में तालाबशाही के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2.56 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

श्री गहलोत की इस स्वीकृति से तालाबशाही के तीन चौक का संरक्षण, गेस्ट हाउस का विकास, लैण्डस्कैपिंग, इलेक्ट्रिक सम्बन्धी कार्य आदि पर्यटन विकास कोष से हो सकेंगे। इससे पर्यटकों को सुविधा होगी और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। तालाबशाही धौलपुर जिले के बाड़ी में स्थित मध्यकालीन मुगल स्थापत्य का बेजोड़ एवं अनुपम स्थापत्य है तथा बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं।

## गहलोत 12 सितंबर को करेंगे चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण : धारीवाल

**जयपुर** 8 सिंतबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 12 सितम्बर को कोटा में चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित करेंगे। स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को यहां प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि चंबल रिवर फ्रंट का काम पूरा हो चुका है और इसके साथ ही सिटी पार्क का काम भी पूरा हो चुका है। 12 और 13 सितंबर को दो दिन का कार्यक्रम है जिसमें 12 सितंबर को मुख्यमंत्री रिवर फ्रंट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सिटी पार्क में मंत्रिमंडल की बैठक भी होगी।

श्री धारीवाल ने रिवर फ्रंट पर चम्बल माता की 225 फुट ऊंची संगमरमर की चंबल माता की मूर्ति बनाई गई और इसकी 125 पंडितों के द्वारा पहली बार चंबल माता की पूजा की जायेगी और श्री गहलोत बटन दबाकर रिवर फ्रंट का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि चम्बल नदी तीन राज्यों से होकर बहती है और वह मध्यप्रदेश एवं राजस्थान होते हुए उत्तरप्रदेश की तरफ निकलती है। चंबल का पानी पेयजल, सिंचाई एवं बिजली बनाने के काम आता है लेकिन इसकी कभी औपचारिक पूजा नहीं हुई है। अब इसकी पूजा होगी और जो 225 फुट ऊंची चम्बल माता की मूर्ति बनी है, यह भी एक विश्व रिकॉर्ड होगा।




उन्होंने रिवर फ्रंट के लाँच के लिए आज शुभंकर का शुभारंभ भी किया। शुभंकर का नाम क्रोकू रखा गया है जो एक घड़ियाल है। उन्होनें कहा कि आने वाले दिनों में देश में कोटा में कराये गये विकास के कार्यों की बदौलत कोटा विकास मॉडल की चर्चा होगी। जैसे कोरोना काल में भीलवाड़ा मॉडल की चर्चा हुई।

श्री धारीवाल ने एक सवाल पर कहा कि कोटा में दो लाख से ज्यादा बच्चे कोचिंग लेते हैं। विभिन्न राज्यों से इनके परिजन कोटा आते जाते रहते है और वे वहां जाकर कोटा के विकास के बारे में जब चर्चा करेंगे तो कोटा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से कोटा में बाढ़ नियंत्रण भी होगा और शहरी विकास का कोटा मॉडल आने वाले समय में देश दुनिया मे जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि कोटा का जो विकास हुआ है वह अद्वितीय है और इस तरह का विकास देश में कहीं नहीं मिलेगा।

## सार संक्षेप

### नो पार्किंग में खड़े वाहनो का काटा चालान,मंचा हड़कंप

**रुद्रपुर।** चैकी बाजार पुलिस ने क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई शुरू की तो वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने वाहन का आन लाइन चालान काटने शुरू किए, तभी चालक वाहन लेकर भाग खड़े हुए। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक वाहनों का चालान काटे। बता दें कि जी 20 बैठक के दौरान नैनीताल रोड डीडी चैक से लेकर इंदिरा चैक और काशीपुर बाई पास रोड समोसा मार्केट से दुकानें हटाई गई थी। दुकानें हटने के बाद यहां पर चार पहिया वाहन खड़े होने लगे। गुरुवार को बाजार पुलिस चैकी प्रभारी संदीप शर्मा ने नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई शुरू की तो वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और वाहन लेकर भाग खड़े हुए। चैकी प्रभारी के मुताबिक नो पार्किंग में वाहन खड़े होने पर यातायात प्रभावित हो रहा। जाम की भी समस्या हो रही थी। मना करने के बावजूद वाहन चालक नो पार्किंग में वाहन खड़े कर रहे। उन्होंने बताया कि आधा दर्जन से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं और चेतावनी दी है कि दोबारा नो पार्किंग में वाहन खड़े मिले तो वाहन को सीज किया जायेगा।

### सहायक आबकारी आयुक्त ने की खंगाली जाएगी कुंडली तस्करों से मिलीभगत का आरोप

**रुद्रपुर।** जिला आबकारी कार्यालय में खड़े नए ट्रैक्टर अदला-बदली मामले के मुख्य साजिशकर्ता सहायक आबकारी आयुक्त दो लाख रुपये के प्रलोभन में गुनहगार बन बैठा। सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन की इस करतूत ने विभाग को सकते में डाल दिया अब उनके पूरे कार्यकाल के क्रियाकलापों की कुंडली भी खंगाली जाएगी। देहरादून मुख्यालय से अगस्त में सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन दल में तैनाती हुई थी, जिसके बाद वह जिले के प्रवर्तन दल का कार्य देख रहे थे। आबकारी विभाग में बाबू पद पर भर्ती होने के बाद आरोपी पन्ना लाल शर्मा ने अपनी काबिलियत के बाल पर निरीक्षक की भर्ती उतीर्ण की थी और देखते ही देखते सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन तक पहुंच गए। कार्यकाल अभी पांच वर्ष का बचा हुआ है, लेकिन तीन सितंबर की रात को महज दो लाख के लालच में आकर उन्होंने साजिश रच दी और फिर खुद ही फंस गए। आबकारी विभाग की छवि धूमिल करने वाले सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए ज्वाइंट कमिश्नर कुमाऊं मंडल केके कांडपाल ने खुद जांच करने का निर्णय लिया है। जांच से पहले आबकारी अधिकारी को निलंबित किया जा सकता है और उसके बाद उसका डिमोशन किया जाएंगा। इसके बाद अदालत के निर्णय के अनुसार आरोपी की बर्खास्तगी की कार्रवाई हो सकती है।

### सुडोकू 6311 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |

## विपक्ष ने महंगाई व भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा



देहरादून, 8 सितंबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के आज तीसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी कांग्रेस के विधायकों ने सदन के बाहर अपने-अपने क्षेत्र से भ्रष्टाचार, महंगाई और किसानों पर हो रहे कथित अत्याचार के मुद्दों को लेकर के प्रदर्शन किया। सदन के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि सरकार पूरी तरह से जनता के सवालों से बच रही है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज वह सदन के भीतर महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर एकजुट होकर आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पूरी तरह से त्रस्त है। लेकिन सरकार है कि उन्हें जनता से कुछ लेना देना नहीं है।

इसके अलावा कांग्रेस के हल्द्वानी से विधायक सुमित हृदयेश भी उधमसिंह नगर के किसानों की आवाज उठाने विधानसभा में पहुंचे। उन्होंने अपने हाथ में पत्रिकाओं को प्रदर्शित करते हुए कहा कि सरकार आज गरीब आम लोगों और किसानों के खिलाफ काम कर रही है। पूंजीपतियों के साथ मिलकर केवल अपने एजेंडे के तहत काम कर रही है।डवदेववद `मेपवद कंल विनतसुमित हृदयेश ने किसानों का मुद्दा उठायासुमित हृदयेश ने कहा कि उधमसिंह नगर में किसानों की बुरी स्थिति है। यहां पर किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। साथ ही उन्होंने हल्द्वानी में तमाम योजनाओं को लेकर सरकार से सवाल पूछा। उन्होंने हल्द्वानी शहर में लगातार फैल रही अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार से सवाल पूछा। खटीमा से विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि उनके द्वारा सदन में प्रदेश के युवा बेरोजगारों का संवेदनशील विषय उठाया गया। लेकिन सरकार इस पर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि किस तरह से प्रदेश में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का खेल चल रहा है और लगातार प्रदेश के युवाओं को भगाया जा रहा है। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेड़ काटने की सीबीआई जांच होती है, लेकिन युवाओं की नौकरियों को लूटा जाता है, उसको लेकर सीबीआई जांच नहीं की जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज भी वह सदन के भीतर भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे को लेकर के अपनी आवाज उठाएंगे।

## हिमाचल के दो शहर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**शिमला,** 9 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के दो औद्योगिक शहरों परवाणू और काला अंब को प्रतिष्ठित 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023' राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर प्रदेश के लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार जिम्मेदार और पर्यावरण के प्रति जागरूक पर्यटन, स्थानीय समुदायों के सक्रिय सहयोग और सरकारी एजेंसियों के समन्वित व निरंतर प्रयासों के कारण संभव हो सका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रखते हुए सतत् विकास हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण-चेतना के बीच सामंजस्य की दृष्टि से प्रदेश हरित राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी हितधारकों के सहयोग से 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस



### मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रदेश के लोगों को बधाई दी

उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता राज्य के बजट में स्पष्ट रूप से दर्शाई गई है, जो हरित ऊर्जा पहल को प्राथमिकता देता है। हिमाचल प्रदेश निरंतर जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ग्रीन कॉरिडोर स्थापित कर रहा है, जिससे यह अग्रणी कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। हरित हाइड्रोजन उत्पादन के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं और निकट भविष्य में सकारात्मक परिणाम आने की आशा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में जीवाश्म ईधन वाले सरकारी वाहनों का उपयोग धीरे-धीरे बंद कर दिया जाएगा और उनकी जगह पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में सौर एवं पवन ऊर्जा के दोहन के प्रयासों को भी गति प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में ई-बसों, ई-ट्रकों और ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करना है बल्कि परिवहन क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों की आय को भी बढ़ावा देना है।

## छात्रों ने गढ़वाल विवि में की तालाबंदी

**श्रीनगर,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। हेमवती नंदन गढ़वाल केंद्रीय विवि में छात्रों का आंदोलन उग्र रूप लेने लगा है। आज 8 सिंतबर को छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर ताले जड़ दिए। इस दौरान कर्मचारी अपने कार्यकाल नहीं जा सके, वहीं छात्रों ने कुलसचिव को भी अपना कार्यालय नहीं जाने दिया।छात्रों को गुस्सा यहीं नहीं रुका उन्होंने बिरला परिसर में मुख्य गेट को भी बंद कर दिया था। जिससे विवि में कार्यालय संबंधित सारे काम ठप हो गए थे। वहीं प्रदर्शनकारी छात्रों ने अन्य छात्रों को भी बिड़ला परिसर में अध्ययन नहीं करने दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने विवि के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विवाद बढ़ने पर विवि प्रशासन को पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस के आने से प्रदर्शन कर रहे छात्र और उग्र हो गए।



पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों ने उनकी एक नहीं सुना। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तनातनी देखने को मिली। अभाविप के जिला संयोजक अमन पंत ने कहा कि आज विवि के बिड़ला परिसर में ताला बंदी की गई है, इसके बाद भी अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो छात्र विवि के तीनों परिसरों टिहरी और पौड़ी में भी तालाबंदी करेंगे। विवि संगठन के इकाई मंत्री आयुष कंडारी ने कहा कि जब तक छात्रों की मांगें नहीं मानी जाती छात्रों का आंदोलन जारी रहेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य संदीप राणा ने कहा कि पिछले 19 दिनों से छात्र आंदोलन कर रहे हैं। पहाड़ के छात्रों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग एक दम जायज है। उत्तराखड़ के लोगों के आंदोलन के बाद विवि का निर्माण हुआ, लेकिन आज प्रदेश के ही छात्रों को विवि में एडमिशन नहीं मिल रहा है। यही हालत पीजी में भी है। कैंपस से पढ़े हुए छात्रों को ही पीजी में एडमिशन नहीं मिल रहा है। इसके लिए छात्र पीजी में पांच प्रतिशत वेटेज की मांग कर रहे हैं। विवि के कुलसचिव धीरज शर्मा ने कहा कि जो सीट खाली हैं, उन सीटों पर मेरिट के आधार पर एडमिशन दिए जाने के प्रस्ताव पर यूजीसी ने हामी भर दी है। अभी जी 20 की बैठक के कारण लिखित आदेश नहीं मिले हैं। जैसे ही लिखित आदेश मिलेंगे, सभी सीटों को भर दिया जाएगा। विवि में किसी भी सीट को खाली नहीं रहने दिया जाएगा।

## विपक्ष में रहते हुए बगवानों कि हितैषी बनने का ढोंग करने वाली कांग्रेस का हुआ पर्दाफाश : भाजपा

शिमला, 8 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश की कांग्रेस सरकार बदले बदली की भावना आवाज कार्य कर रही हैं यह ब्यान आज भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मेहता और महासू के जिलाध्यक्ष अजय श्याम ने कही। उन्होंने कहा की सरकार की नालायकी की वजह से शिमला जिला के किसान को अपनी सेब की फसल नाले में फेंकनी पड़ी क्योंकि सड़कें बंद थी। लेकिन इस सरकार ने सारे मामले को राजनैतिक रूप देते हुए किसान को ही प्रताड़ित करना शुरू किया। और पहले उसे फेक वायरल वीडियो बताने पर दवाब डाला परंतु ज़ब इस पर बागवान ने हामी नही भरी तो एक लाख रुपया जुर्माना भरे का नोटिस प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भेजा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध करती है।




उन्होंने कहा कि बागवान बाहुल्य क्षेत्र में बागवान विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। सड़के अभी भी अवरुद्ध पड़ी है जिस कारण बागवान अपने उत्पाद समय पर मंडियों में नही पहुँचा पा रहा है।

मेहता ने कहा की पिछले साल का एम आई एस के तहत खरीदे गए फलों का भुगतान बागवान को नही हुआ है।अच्छा होता सरकार इस ओर ध्यान देती लेकिन सरकार ने इसके विपरित अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए 1-1 लाख का जुर्माना बागवानों पर लगा दिया।

रवि मेहता ने कहा कि वो भाजपा ने यह निर्णय लिए हैं कि बागवान पर लगी 1-1 लाख का जुर्माना बागवान नही भरेंगे। हम एक मुहिम पुरे प्रदेश में चलाएंगे और ये पैसा/जुर्माना बागवानों से इक्ट्ठा कर सरकार को देंगे। अगर सरकार का अहंकार इसी से सन्तुष्ट होता है तो हम ऐसा कार्य जरूर करेंगे।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि अगर बागवानों के प्रति आपको थोड़ी भी हमदर्दी बची है तो इस तुगलकी फरमान को वापस ले और जिस तरह बागवान अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है उन समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान केन्द्रित करे।

## मॉडल सेंट्रल जेल कांडा व नाहन में कैदियों लिए होंगी फिल्म की स्क्रीनिंग

शिमला, 8 सितम्बर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ शिमला के नौवें संस्करण की स्क्रीनिंग मॉडल सेंट्रल जेल कण्डा और नाहन में कैदियों के लिए भी होगी। गेयटी थिएटर शिमला में 22 से 24 सितंबर 2023 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शिमला के अन्य दो वेन्यू हैं। जेलों में फिल्म स्क्रीनिंग के पीछे का विचार सिनेमा के माध्यम से जेल की दुनिया और बाहरी दुनिया के अंतर को पाटना और कैदियों की रचनात्मकता को पोषित करना है।

ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर और जेल के कैदियों को बाहरी दुनिया से जोड़कर, आईएफएफएस का इरादा उन कैदियों को प्रेरित करना है जो दुनिया में अपनी जगह पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जेलों में वे बाहरी दुनिया से अलग-थलग रहते हैं और इससे उनमें अवसाद और जेल की दीवारों और सलाखों के पीछे संस्थागत हो जाने का भय बढ़ जाता है। आईएफएफएस के







महोत्सव निदेशक, श्री पुष्प राज ठाकुर ने इस वर्ष के महोत्सव के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम इन अपरंपरागत स्थानों पर अपने महोत्सव का विस्तार करने के लिए रोमांचित हैं। महात्मा गांधी के मूल्यवान शब्दों को याद करते हुए %पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। यह एक सिनेमा के जादू को अप्रत्याशित स्थानों पर लाने और दर्शकों के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने का अवसर है । वे वास्तव में बाहरी दुनिया का पता लगाने के अवसरों के हकदार हैं और सिनेमा से बेहतर कोई तरीका नहीं है जो समकालीन समाज की विभिन्न झलकियाँ, मौजूदा जीवन के रचनात्मक तत्व दिखा सके। यह फिल्में कैदियों को सीखने और रचनात्मकता की भावना को पुनर्जीवित करने और बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करेंगी ।

शिमला का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव हमेशा सांस्कृतिक कैलेंडर पर एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम रहा है। मॉडल सेंट्रल जेल कांडा और नाहन को स्क्रीनिंग स्थल के रूप में शामिल करना अपरंपरागत स्थानों के भीतर समावेशिता और कला को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मॉडल सेंट्रल जेल कण्डा और नाहन स्क्रीनिंग की मेजबानी करेंगे, जिससे एक बेहतर माहौल तैयार होगा और जेल कार्यक्रमों को और सुदृढ़ करेंगी। इंटरनेशनल फिल्म शिमला के माध्यम से समाज और कैदियों के बीच की दूरी को पाटने और जेल की सीमा के भीतर जीवन पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्राप्त करने का अवसर कैदियों मिलेगा। इस फिल्म महोत्सव में 20 देशों और 24 राज्यों की फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी, जिसमें लघु, वृत्तचित्र और फीचर फिल्में शामिल हैं, जो दर्शकों को सिनेमाई अनुभवों की एक मनोरम श्रृंखला पेश करेंगी। शिमला का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सूचना और प्रसारण मंत्रालय , हिमाचल प्रदेश सरकार के भाषा कला और संस्कृति विभाग के सहयोग से हिमालयन वेलोसिटी द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को उनकी फिल्में प्रदर्शित करने और विविध दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस महोत्सव का उद्देश्य फिल्म के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और समावेशिता को बढ़ावा देना है।

## प्रीतम सिंह ने उठाया बेलगाम ब्यूरोक्रेसी का मुद्दा

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में तीसरे दिन सदन के अंदर बेलगाम ब्यूरोक्रेसी का मुद्दा उठाया गया। सदन में कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने व्यवस्था के अधिकार के तहत बेलगाम अधिकारों का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी विधायकों का फोन नहीं उठाते हैं और न ही अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वाह करते हैं। इस मुद्दे को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने गंभीरता से लिया और मुख्य सचिव को तलब किया। दरअसल, कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने सदन में पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता आरपी सिंह को बुलाने की मांग की और कहा कि इस अधिकारी की संपत्ति की जांच कराई जाए।

बेलगाम ब्यूरोक्रेसी का मुद्दा न सिर्फ विपक्ष के विधायकों ने उठाया, बल्कि सत्ताधारी पार्टी के कई विधायकों ने भी अधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सरकार के कई विधायकों ने भी इस मामले में प्रीतम सिंह का साथ दिया। प्रीतम सिंह ने पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता आरपी सिंह को भ्रष्ट बताते हुए कहा कि इस अधिकारी के पीछे अदृश्य ताकत है, जिसका वो जल्द पर्दाफाश करेंगे। विपक्ष के विधायकों ने आरपी सिंह से जुड़े कई मामले सदन में रखे। विधायकों की इस शिकायत पर स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भी सख्त नजर आईं। उन्होंने साफ किया कि इस तरह के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि वे तीसरी बार सरकार को इस बारे में निर्देशित कर रही हैं। यदि उनका निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो वो मजबूरी में एलबीएसएनए एकेडमी को एक पत्र लिखेंगी कि जिसमें कहा जाएगा कि अधिकारियों को प्रोटोकॉल सिखाया जाए।

# प्रादेशिकी

## घोसी उपचुनाव में सपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**फर्रुखाबाद,**8 सितम्बर (देशबन्धु)। घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की अप्रत्याशित 28 हजार वोटों की जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त खुशी की लहर दौड़ गई। जिन्होंने अलग-अलग तरीकों से जश्न मनाया। पार्टी के प्रत्याशी की जबरदस्त हार से भाजपा कार्यकर्ता मायूस हो गए। जिन्होंने मिठाई बताकर जश्न मनाने की तैयारी की थी। प्रदेश की एक मात्र घोसी विधानसभा में विधानसभा के उपचुनाव के लिए सूबे के मुख्यमंत्री उनके मंत्रियों विधायको सांसदों आदि समर्थकों ने पार्टी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को जिताने के लिए पूरी ताकत लगायी। इसके बावजूद प्रत्याशी की जबरदस्त हार से भाजपा के भोकाल की पोल खुल गई है। विरोधी गठबंधन इंडिया बनाम एनडीए की लड़ाई में घोसी के चुनाव परिणाम को 2024 लोकसभा चुनाव की बानगी के तौर पर देखा जा रहा है।

## 83 हजार युवाओं को मिलेगा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना का लाभ



- **राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के सिद्धांतों के अनुरूप प्रदेश में लागू होगी योजना**
- **एनएटीएस के माध्यम से प्रशिक्षण दे रहे समस्त निजी उद्योगों में स्वतः लागू होगी योजना**

**लखनऊ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) में डिप्लोमा होल्डर्स के साथ ही किसी भी स्ट्रीम में स्नातक छात्रों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 2023-24 में प्रदेश सरकार ने 83,000 युवाओं को नियोजित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के बजट में योगी सरकार ने 100 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी कैबिनेट ने हाल ही में इस योजना को मंजूरी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों, अधिष्ठानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता के माध्यम से लाभान्वित करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं को अप्रेंटिस ट्रेनिंग के लिए प्रेरित करना है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) को लागू करने वाले प्रत्येक उद्योग, अधिष्ठान द्वारा प्रत्येक ट्रेनी को प्रदान किए जाने वाले स्टाइपेंड में भारत सरकार द्वारा दी जा रही प्रतिपूर्ति धनराशि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1000 रुपए प्रति माह की अतिरिक्त धनराशि की प्रतिपूर्ति (टॉप-अप) की जाएगी।

मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का संचालन कुछ मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन किया जाएगा। यह योजना ऐसे समस्त निजी उद्योगों एवं अधिष्ठानों में स्वत: लागू होगी, जो एनएटीएस के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं या भविष्य में देंगे। इसके अलावा योजना का क्रियान्वयन एनएटीएस के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुरूप किया जाएगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) से प्रदेश के इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा एवं सभी विधाओं में स्नातक युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण के अन्तर्गत जहां एक ओर व्यवहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों को कुशल व दक्ष कार्मिक मिलेंगे। योजना के अंतर्गत वही प्रशिक्षु लाभ प्राप्त करेंगे जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनएटीएस में पंजीकृत हैं। निर्धारित अवधि का शिक्षुता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर अभ्यर्थी को भारत सरकार द्वारा प्रवीणता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) के क्रियान्वयन के लिए निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज के अंतर्गत एक प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा, जिसमें विभागीय कर्मचारी भी सम्मिलित होंगे। प्रकोष्ठ, निदेशक के दिशा निर्देशन एवं अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव के अधीन कार्य करेगी। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) को लोकप्रिय बनाने एवं अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण के साथ संबद्ध करने के लिए निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों व शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ मिलकर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) को लागू करने के लिए राज्य सरकार के अधीन 21 विभाग और उनके कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी निजी क्षेत्र के संस्थानों में एनएटीएस की मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। विभागों में राज्य स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे जो उच्च शिक्षा विभाग एवं शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तर क्षेत्र), कानपुर से समन्वय करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

### ये होगी शिक्षुता प्रशिक्षण की प्रक्रिया

- >>> एनएटीएस पोर्टल पर अभ्यर्थियों को पंजीकरण करने एवं किसी भी पंजीकृत संस्थान, प्रतिष्ठान में शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
- >>> संस्थान, प्रतिष्ठान अपने एनएटीएस प्रोफाइल से उन सभी अभ्यर्थियों की सूची डाउनलोड कर उनका चयन प्रशिक्षण के लिए कर सकता है।
- >>> ज्वाइनिंग के बाद इंप्लायर द्वारा प्रशिक्षु का अप्रेंटिसशिप पंजीकरण (कॉन्ट्रैक्ट) अनुमोदन के लिए एनएटीएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाएगा।
- >>> प्रशिक्षण शुरू होने के बाद प्रशिक्षु को मासिक स्टाइपेंड का भुगतान अगले माह की 10 तारीख के पहले इंप्लायर द्वारा प्रशिक्षु के बैंक खाते में किया जाएगा।
- >>> नियोक्ता द्वारा प्रत्येक 3 माह के बाद प्रशिक्षु की परफारमेंस रिपोर्ट ऑनलाइन एनएटीएस पोर्टल के माध्यम से अनुमोदन के लिए जमा की जाएगी।
- >>> शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तर क्षेत्र), कानपुर द्वारा अभ्यर्थियों की सहायता के लिए कानपुर, लखनऊ में एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा।

## वेदव्यासपुरी गगोल तीर्थ व रिठानी का किया निरीक्षण



- **राज्यमंत्री ऊर्जा, महापौर, एमएलसी समेत जिलाधिकारी ने लिया जायजा**
- **पांच माह पूर्व निर्मित हुई सड़क की गुणवत्ता खराब होने पर जताई नाराजगी**
- **गुणवत्ता ठीक नहीं तो सड़कों के दोबारा निर्माण के निर्देश**

**मेरठ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यमंत्री ऊर्जा डॉ.सोमेंद्र तोमर ने मेरठ महापौर हरिकांत अहलूवालिया, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा, मेडा उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वेदव्यासपुरी गगोल तीर्थ एवं रिठानी का स्थलीय निरीक्षण किया। डा. सोमेंद्र तोमर ने वेदव्यास पुरी सेक्टर 1 स्थित पार्क का निरीक्षण कर इसे मॉडर्न पार्क के रूप में विकसित करने, वेदव्यासपुरी जोनल पार्क का निरीक्षण कर इसकी ठीक प्रकार से देखरेख एवं इसको और अधिक विकसित करने, वेदव्यासपुरी स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निरीक्षण कर अधूरे कार्य को पुन चालू करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने, भगवान विश्वामित्र की तपोस्थली गगोल तीर्थ का स्थलीय निरीक्षण करके वहां स्थित शहीद स्मारक एवं तीर्थ का सौंदर्यकरण व जीर्णोधार करने और मेरठ की लाइफ लाइन इनर रिंग रोड हेतु शताब्दी नगर स्थित रिठानी पुलिस चौकी पर निरीक्षण करके रिठानी चौकी से ग्राम जुर्रानपुर की ओर जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य एवं योजना का ठीक प्रकार से क्रियावन करने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान राज्यमंत्री एवं महापौर ने वेदव्यास पुरी में पांच माह पूर्व निर्मित हुई सड़क की गुणवत्ता खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियो को जांच कराकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। जनसमस्या को प्राथमिकता पर लेकर ठीक कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता अनुरूप न होने या क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर संबंधित फर्म द्वारा उसे दुरुस्त कराया जायेगा। महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने कहा कि वेदव्यासपुरी में अच्छा पार्क विकसित कराया जायेगा जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल सके। जिन सड़कों का निर्माण अभी हुआ है और उनकी गुणवत्ता ठीक नही है उनका पुन: निर्माण भी कराया जाएगा। विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश नही होगी।

## सार संक्षेप

### भ्रमण को लेकर जिलाधिकारी ने की तैयारियो की समीक्षा

**मेरठ।** जनपद में उप्र. विधान परिषद की आश्वासन समिति के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में तैयारियो की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में आश्वासन समिति भ्रमण कार्यक्रम के अनुरूप सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा आश्वासन समिति के एजेंडा बिन्दु के अनुसार समस्त संबंधित विभाग कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। विभागो द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओ की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि समस्त संबंधित विभाग अपनी पूरी तैयारी के साथ 11 सितम्बर को समय से उपस्थित हो। उन्होने बताया कि उ0प्र0 विधान परिषद की आश्वासन समिति का 10 सितम्बर की सांय को जनपद में आगमन होगा तथा 11 सितम्बर को समिति द्वारा बैठक आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर सीडीओ शशांक चौधरी, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के अंतर्गत कराएं पंजीकृत संस्थाओं के नवीनीकरण

**मेरठ।** मंडल मेरठ के डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स ने बताया कि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओ के पंजीकरण नवीनीकरण प्रमाण पत्र की अवधि समाप्ति की तिथि से एक वर्ष के अंदर नवीनीकरण न कराये जाने के फलस्वरूप अधिनियम की धारा-3(ए)(5) के अंतर्गत संस्था अपंजीकृत हो जाती है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि समय से नवीनीकरण न कराये जाने के कारण सोसाइटियां अपंजीकृत हो जाती है तथा समय-समय पर निर्वाचन न कराने के कारण प्रबंध समिति कालातीत हो जाती है, जिस कारण अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है।

## लोकप्रिय अस्पताल में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस मनाया गया

**मेरठ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकप्रिय अस्पताल में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस का आयोजन किया गया। लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविन्द्र एवं लोकप्रिय फिजियोथैरेपी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र खोखर



ने केक काटकर सभी को उत्तम स्वास्थ्य हेतु शुभकामनाएं दी। डॉ.वीरेन्द्र खोखर, अध्यक्ष लोकप्रिय फिजियोथेरेपी विभाग ने बताया कि लोकप्रिय फिजियोथैरेपी विभाग में आधुनिक तकनीक के साथ योग्य, कुशल, सेवाभावी व समर्पित स्टाफ, न्यूनतम शुल्क तथा रोग मुक्ति के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि फिजियोथैरेपी एक रोकथाम उपचार पुनर्वसन की मुख्य प्रक्रिया है। इस थैरेपी का कार्य मरीजो की शारीरिक कमी को दूर करके दोष पूर्ण व्यक्तित्व में सुधार लाकर उसे दर्द से राहत प्रदान करना है।

## रूद्रा इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

### नई पारी की शुरुआत के लिए सकारात्मकता जरूरी : डा. उर्मिला मोरल



- **टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए खेले गए गेम्स**
- **मुख्य अतिथि ने छात्रों को किया पुरस्कृत**

**मवाना,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। रुद्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानविकी, ललित कला और पुस्तकालय विज्ञान विभाग के छात्रों को समर्पित इस कार्यक्रम को संस्थान की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्षों और छात्रों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित करने के साथ हुई।

अपने स्वागत भाषण में, मानविकी विभाग की डीन रुचिका गुप्ता ने नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके समग्र विकास के लिए एक संपन्न शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने छात्रों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां को भी साझा किया।

रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मोरल ने अपने स्वागत भाषण में नवागंतुक छात्रों और उनकी शैक्षणिक यात्रा के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि, आज आपके जीवन में एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत हो रही है। आज और आज के बाद जैसे ही आप संस्थान में कदम रखेंगे, आप ज्ञान और व्यक्तिगत विकास के पथ पर स्वयं को आगे बढ़ते हुए पाएंगे। यहां, आपको ऐसे शिक्षाविद मिलेंगे जो आपको अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने अपने संबोधन का समापन करते हुए कहा याद रखें, यहां आपकी यात्रा सिर्फज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं है बल्कि आपको स्वयं का सर्वश्रेष्ठ संस्करण निर्मित करना है। इस विचार को खुले दिल और खुले दिमाग से अपनाएं, आप निस्संदेह इस जीवंत शैक्षणिक समुदाय में सफल होंगे।

सौहार्द और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए, इनडोर गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिससे छात्रों को जुड़ने और स्थायी यादें बनाने का मौका मिला। खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों की अनुकरणीय भावना के लिए मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल डॉ. पूनम नागर, रुद्रा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. अमित चौधरी, प्रवेश प्रभारी सुमित काकरान, चीफ प्रॉक्टर राहुल पोसवाल और डीन संजीत सिंह, सोनू यादव और निधि शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उद्भव न केवल एक नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मवाना मेरठ में छात्रों के लिए असंख्य अवसरों की शुरुआत भी है। समर्पित संकाय के मार्गदर्शन और अपने छात्रों के उत्साह के साथ, संस्थान शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

## शोभित विवि में व्याख्यान का किया गया आयोजन



**मेरठ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कुलपति द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जयानंद ने छात्रों को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेट कर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर चंद्र मोहन नौटियाल (साइंटिस्ट साइंटिस्ट एंड साइंस कम्युनिकेटर हिंसा न्यू दिल्ली और बीएसआईपी लखनऊ) ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 'आशा के पंखों पर भारत की अंतरिक्ष में उड़ान' विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किया जिसमे उन्होंने मुख्य रूप से इसरो तथा चंद्रयान की चंद्रमा पर लैंडिंग के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया और बताया की कैसे हम विश्व में एक नए आयाम को छू रहे हैं।

## विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह संपन्न

**मेरठ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम के बीएससी एवं एमएससी गृह विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया गया। जिसमें उन्होंने प्रत्येक दिन पोषण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को पोषण के प्रति जागरूक किया।

अंतिम दिन विद्यार्थियो ने कैम्पस में फूड प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसकी शुरुआत प्राचार्या डॉव अनुप्रिता शर्मा, डीन एकता सिंधु, प्रवीन शर्मा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर, साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. आसिफ अली एवं ग्रह विज्ञान की विभागाध्यक्ष दीपिका शर्मा द्वारा रिबन काट कर एवं मां सरस्वती



के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान सभी विभागाध्यक्ष और फैकल्टी मेम्बर्स भी मौजूद रहे।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के औषधीय मसाले एवं पौष्टिक फूड प्रदर्शित किए तथा उनसे होने वाले फायदे एवं नुकसान के बारे में भी बताया। मंच का संचालन सारिका गौतम ने किया।

## कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता



- **डीएवी पब्लिक स्कूल में का छात्र है अनंत**
- **सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता**

**मेरठ,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। लोहिया नगर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में प्रतिभाशाली कराटे प्रेमी अनंत श्रेष्ठ ने कक्षा एक के बच्चों की कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता मेरठ के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। अनंत ने महान कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया और अपने सभी विरोधियों को हराकर पहला स्थान हासिल किया। यह जीत दर्शाती है कि अनंत वास्तव में कराटे के प्रति समर्पित हैं और उनमें भविष्य के लिए काफी संभावनाएं हैं। अनंत ने वाकई कुछ अद्भुत किया और सभी को उस पर गर्व था। उसने वास्तव में कड़ी मेहनत की और हर कोई उससे खुश था। अनंत को कराटे बहुत पसंद है और वह इसका अभ्यास करने में काफी समय बिताते हैं। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और यह दर्शाता है कि उन्होंने बहुत अच्छा काम किया। उनकी ज ीत अन्य लोगों को कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। इससे पता चलता है कि अनंत जैसे युवा प्रतिभाशाली लोगों की मदद करना और उन्हें उस काम में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक समर्थन देना कितना महत्वपूर्ण है जो वे करना पसंद करते हैं। इस प्रतियोगिता में अनंत की जीत कराटे में उनकी भविष्य की सफलताओं और उपलब्धियों की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## और भाजपा को भारी पड़ गई योगी आदित्यनाथ की उपेक्षा

■ **ओम प्रकाश सिंह**


देशबन्धु

संपर्क से संबंध बनाने में अव्वल, डाउनलोड करने में फिसड्डी रहा अयोध्या

भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश ही आस

- **घोसी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की हार ने दिए बड़े संकेत**
- **महंगाई, बेरोजगारी के अलावा एनडीए गठबंधन के अंदर रार बनी हार की वजह**

**लखनऊ/अयोध्या,** 8 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दिल्ली दरबार का बार बार अंकुश लगाना विधानसभा उपचुनाव में एनडीए गठबंधन को भारी पड़ गया। अब तो भाजपा के अंदर खाने दबी जुबान यह चर्चा होने लगी है कि लोकसभा में मोदी का ही चेहरा रहा तो नैया पार नहीं होगी। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की बंपर जीत ने मोशा टीम की गणित को गड़बड़ा दिया है। अपवाद को छोड़ दें तो आम तौर पर उपचुनाव सत्ताधारी दल के पक्ष में जाते हैं।

उत्तर प्रदेश में एनडीए का चुनाव हारना इस मायने में भी बहुत महत्वपूर्ण है कि प्रदेश व केंद्र में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा का उपचुनाव आगामी लोकसभा चुनाव की नब्ज टटोलने का पैमाना माना जा रहा था। सनातन विवाद, भारत इंडिया विवाद, संघ प्रमुख का आरक्षण पर बयान जैसे तीर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आजमाए जा रहे हैं। उपचुनाव में इन तीरों के कुंद पड़ने से एनडीए गठबंधन में दरार भी पड़ सकती है। दक्षिण भारत में चुनावी असफलता, मणिपुर के हालात से उपजी परिस्थितियों, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के होने वाले विधानसभा चुनावों के सर्वे ने भाजपा रणनीतिकारों की नींद उड़ा रखा है। ले दे के भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश ही आस है लेकिन यहां भी अंदरखाने शाह व योगी फैक्टर गुल खिला रहा है। पिछले दिनों महाजनसंपर्क अभियान, नमो एप, सरल एप के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष इतवार ने लोकसभा प्रभारियों की बैठक किया था। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोनों डिप्टी सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भी शामिल होना था। एक कार्यक्रम के सिलसिले में मुख्यमंत्री गोरखपुर चले गए थे। तभी से यह कयास लगाया जा रहा था कि भाजपा के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

दिल्ली दरबार की तरफ से बार बार अंकुश लगाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रास नहीं आ रहा है। योगी की इच्छा के विपरीत पहले मोदी की पसंद के नौकरशाह अरविंद कुमार शर्मा को एमएलसी बनाना और फिर उसके बाद उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए भी योगी को समझौता करना पड़ा। दो दिन पूर्व राम मंदिर और अयोध्या की योजनाओं को लेकर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रगति समीक्षा जानी थी। समीक्षा बैठक में अरविंद शर्मा की मौजूदगी योगी समर्थकों को खटक रही थी। सूत्रों के अनुसार बिना योगी आदित्यनाथ की सहमति के ओमप्रकाश राजभर को पार्टी में शामिल करने से शाह व योगी के बीच चल रही अंदूरनी जंग और भड़क उठी है। लगभग दो माह पूर्व ही देशबंधु में यह खबर छपी थी कि भाजपा के लिए यूपी ही आस, अब इस आस पर भी घोसी विधानसभा उपचुनाव परिणाम ने ग्रहण लगा दिया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना (मेरठ)

पत्रांकः-776 / सफाई विभाग/2023-24 दिनांकः 08/9/2023

**- सार्वजनिक सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् मवाना में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) के संचालन व कूड़े का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण किये जाने हेतु अनुभवी फर्म/एन0जी0ओ0 की निविदा मासिक प्रतिधारण शुल्क पर नगर पालिका परिषद् मवाना में दिनांक 15-09-2023 को अपरहांन 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15-09-2023 को दोपहर 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। मासिक प्रतिधारक शुल्क एवं अवधि के निर्धारण एवं चयन का अधिकार पूर्णतः अधिशासी अधिकारी /अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। सशर्त निविदा मान्य नही होगी। इच्छुक निर्धारित तिथि में समय से पूर्व अपने समस्त अभिलेख एवं शैक्षिक योग्यता / दक्षता एवं अनुभव प्रमाण-पत्र आदि पालिका के सफाई विभाग में उपलब्ध करा दें।

**(राजीव कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**मवाना (मेरठ)**


**(राजीव कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**मवाना (मेरठ)**

# दुनिया रंग-बिरंगी

## तमिल अभिनेता-निर्देशक जी. मारीमुथु का 56 साल की उम्र में निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और अभिनेता जी. मारीमुथु का 56 वर्ष की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। वह तमिल फिल्म उद्योग में 'पुल्लुवल' और 'कन्नुम कन्नुम' जैसी फिल्मों के साथ अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उनकी मृत्यु के खबर के बाद निर्देशक-अभिनेता को हर कोई श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। अभिनेता प्रसन्ना ने लिखा, 'निर्देशक मारीमुथु जीके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। हमने साथ में 'पुल्लुवल' और 'कन्नुम कन्नुमल' किया। हमारे बीच भाइयों जैसा रिश्ता था। हम कई बातों पर असहमत होने पर सहमत हुए। उनकी जिंदगी बिल्कुल भी आसान नहीं थी। एक अभिनेता के रूप में वह बहुत अच्छा कर रहे थे। विजय सेतुपति, जो वर्तमान में 'जवान' में अपनी भूमिका के कारण चर्चा में हैं, ने निर्देशक की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट की।

# भारत मंडपम में सजी आदिवासी कला व कलाकृतियों की प्रदर्शनी






**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। जी-20 के शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं के लिए भारत मंडपम् में भारतीय आदिवासी कला, संस्कृति और शिल्प की एक प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें पिथौरा कला की सजीव प्रस्तुति होगी। राष्ट्रीय राजधानी में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आदिवासी कला की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में गुजरात और मध्य प्रदेश की जनजातियों की प्रतिष्ठित पिथौरा कला का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। जनजातीय मामलों के मंत्रालय का ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) 'ट्राइब्स इंडिया' मंडप में पारंपरिक जनजातीय कला, कलाकृतियों, पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन, वस्त्र, जैविक प्राकृतिक उत्पादों और कई अन्य चीजों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहा है। यह प्रदर्शनी नो और 10 सितम्बर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के हिस्से में आयोजित की जा रही है। पिथौरा कला के प्रसिद्ध कलाकार, पद्मश्री से सम्मानित परेश राठवा और गुजरात और मध्य प्रदेश की राठवा, भिलाला, नाइक और भील जनजातियों की पूजा और अनुष्ठानिक कला का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग और ओडिशा के कारीगरों की सौरा पेंटिंग, लेह-लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों से अंगोरा और पश्मीना शॉल के अलावा, बोध और भूटिया जनजातियों की कलाकृतियां प्रदर्शनी में शामिल हैं। इसके अलावा नागालैंड के कोन्याक आदिवासियों के रंग-बिरंगे आभूषण हैं।

मध्य प्रदेश की महेश्वरी रेशम साड़ियां प्रदर्शित की गई हैं। इन्हें बोडो जनजाति निर्मित करती है। विश्व नेताओं के लिए पिघली हुई धातुओं, मोतियों, रंगीन कांच के टुकड़ों, लकड़ी की गेंदों से बने ढोकरा आभूषण भी प्रदर्शनी में रखे गए हैं। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी कारीगर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। धातु अंबाबारी शिल्प में राजस्थान के मीना आदिवासी कारीगरों द्वारा सुंदरता और खूबसूरती को बहुत ही खूबसूरती से उकेरा गया है। इन उत्पादों को एनामेलिंग का उपयोग करके तैयार किया जाता है जो धातु की सतह को रंगने या सजाने की कला है।

## आदिवासियों के हुनर का प्रतिशत 20 समीट में होगा प्रदर्शन, दिखेगी ढोकरा कला की झलक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को बड़ी उपलब्धी मिली है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर में आदिवासी महिलाओं और पुरुषों द्वारा तैयार की जाने वाली ढोकरा आर्ट (बेल मेटल आर्ट) का प्रतिशत 20 समीट में प्रदर्शन होगा। राजधानी दिल्ली में होने वाले प्रतिशत 20 के क्राफ्ट बाजार में स्थान मिला है। बता दें की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपन में क्रॉफ्ट बाजार लगेगा, जिसमें बिक्री सह प्रदर्शन स्टॉल में ढोकरा कला की झलक दिखेगी। दरअसल, ढोकरा आर्ट को बेल मेटल आर्ट भी कहा जाता है। बस्तर के पारंपरिक शिल्पकला में बेल मेटल आर्ट अहम स्थान रखता है। यही वजह है कि देश विदेश में इस कला को पसंद करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है, इस कला के पितामह कहे जाने वाले कोंडागांव जिले के शिल्पकार जयदेव बघेल कई अंतरराष्ट्रीय मंच पर लोहा मनवा चुके हैं, और उन्हें कई बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

## जी-20 क्राफ्ट बाजार में सजा है उत्तराखंड का स्टाल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 'जी 20 क्राफ्ट बाजार प्रदर्शनी' में उत्तराखंड के स्टॉल में यहां के उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

इस संबंध में उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा ने बताया कि सचिव वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार सुनील बर्थवाल ने स्टॉल का भ्रमण कर प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी प्राप्त कर सराहना की। रेजिडेन्ट कमिश्नर केरल सौरभ जैन ने भी उत्तराखंड के स्टॉल का भ्रमण कर अन्य उत्पादों के साथ बिच्छू घास की बनी जैकेट की विशेष रूप से सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव मंगेश घिल्डियाल के साथ विभिन्न प्रदेशों के रेजिडेन्ट कमिश्नरों ने भी उत्तराखण्ड के स्टॉल का भ्रमण कर प्रदर्शित राज्य के उत्पादों की सराहना की। उत्तराखंड सूचना विभाग के अनुसार सम्मेलन स्थल प्रगति मैदान में 'जी-20 क्राफ्ट बाजार प्रदर्शनी' लगाई गई है और इस बाजार में सजे उत्तराखंड के स्टॉल में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय लोगों द्वारा तैयार परंपरागत उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

उपनिदेशक उद्योग विभाग एवं नोडल अधिकारी डॉ. एम एस सजवाण ने बताया कि उत्तराखंड के उद्योग विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में उत्तराखंड राज्य के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। यहां अल्मोड़ा ट्वीड ऊनी स्कार्फ, डूंडा शॉल, पिथौरागढ़ के ऊनी कार्पेट, केदारनाथ व अन्य धार्मिक स्थलों की काष्ठ प्रतिकृति, नैनीताल ऐपण, उधमसिंहनगर की मूंज घास के उत्पाद, बागेश्वर के ताम्र उत्पाद, प्राकृतिक फाइबर जैकेट, प्रदर्शित किए गए हैं।

# मुंबई में लगने जा रहा अपनी तरह का पहला कला मेला



**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की वित्तीय राजधानी आर्ट मुंबई के साथ अपने पहले कला मेले का अनावरण करने के लिए तैयार है। भारत और दक्षिण एशिया से आधुनिक और समकालीन कला के विशाल और बारीक संग्रहित चयन का प्रदर्शन करते हुए आर्ट मुंबई 16 से 19 नवम्बर तक महालक्ष्मी रेसकोर्स सदस्यों के बाड़े में होगा। दीर्घाओं की एक मजबूत श्रृंखला, और फाउंडेशनों और प्रमुख कला संस्थानों की भागीदारी के साथ आर्ट मुंबई अपने प्रतिष्ठित स्थान के पुराने विश्व आकर्षण को उसके कई रूपों में मूल और नवीन कला के साथ मिश्रित करेगा। मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता की ऐतिहासिक दीर्घाओं के साथ-साथ अमेरिका और मध्य पूर्व की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय दीर्घाओं की उपस्थिति के साथ, मेले में पेंटिंग के साथ-साथ दुनिया भर से शिल्प आधारित कला और पुरावशेषों के लिए एक विशेष खंड प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि अलग-अलग शैलियां और आख्यान देखने को मिलेंगे, वे समुदाय के उत्सव के एक आम मंच पर एकजुट होंगे। कलाकार, गैलरी, संस्थान, क्यूरेटर, संग्रहकर्ता, नए खरीदार, कला पेशेवर, उत्साही और यहां तक कि वे जो मेले का आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। और कला अनुभव को ऊपर उठाना। आर्ट मुंबई की कल्पना और प्रचार मीनल और दिनेश वजीरानी, नकुल देव चावला और कॉनर मैकलिन के साथ-साथ रिया कुरुविला, तीस्ता भंडारे और सुमंत राम की एक गतिशील टीम द्वारा किया गया है। कला पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न पहलुओं में अपने सामूहिक अनुभव को जोड़ते हुए, वे मुंबई में पहला कला मेला प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आए हैं। आर्ट मुंबई की सह-संस्थापक मिनल वज़ीरानी कहती हैं, 'हम इतिहास में एक विशेष रूप से दिलचस्प मोड़ पर हैं, जहां पूरे दक्षिण एशिया ने कला और संस्कृति पर वैश्विक बातचीत में प्रवेश किया है, जो तेजी से महत्व प्राप्त कर रहा है। भारत का उभरता हुआ कला परिदृश्य विकसित हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्थिति का विस्तार करने की प्रक्रिया में है।

### मुंबई और कला

दक्षिण एशियाई कला का उत्सव होने के अलावा, आर्ट मुंबई का पहला संस्करण मुंबई शहर के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि भी है। ऐतिहासिक रूप से फैशन और फिल्म के रचनात्मक उद्योगों का घर, मुंबई का कला से भी गहरा जुड़ाव है और हाल के दिनों में यह कला बाजार के केंद्र के रूप में उभरा है।

# 'बंबई मेरी जान' में मेरे किरदार 'हबीबा' के कई शेड्स हैं : कृतिका कामरा



**मुंबई,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कृतिका कामरा अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'बंबई मेरी जान' की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने दारा कादरी के भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बहन हबीबा के किरदार के बारे में खुलासा किया है। एक्ट्रेस का हबीबा का किरदार शो में एक बेहतर कंट्रास्ट लाता है। वह एक साहसी और आत्मविश्वासी महिला है। कृतिका ने कहा कि हबीबा कई शेड्स वाली महिला है। वह अपने पिता की तरह जिद्दी है, दारा की तरह साहसी है और बेहद वफादार है। साथ ही भाई-बहनों में सबसे छोटी और अकेली महिला है। वह अपने भाई दारा को अपना आदर्श मानती है और उनके साथ एक स्पेशल बॉन्ड साझा करती है जो उसके निर्णयों और कार्यों को भी प्रभावित करता है। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी तरह ही वह भी सत्ता पाने की महत्वाकांक्षा रखती हैं। शुरू से ही आप देखते हैं कि वह अल्फ़ा है। जैसे-जैसे शो आगे बढ़ता है, हमें इसकी झलक मिलती है कि वह कैसे सोचती है और उसकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं, जिससे एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। सीरीज में केके मेनन, अविनाश तिवारी, निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर भी शामिल हैं।<एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित 'बंबई मेरी जान' रेंसिल डी सिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा बनाई गई है और सौदागर द्वारा निर्देशित है। 10-पार्ट वाली हिंदी सीरीज का प्रीमियर 14 सितम्बर को कई भारतीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में प्राइम वीडियो पर होगा।

# आयकर विभाग का नाम सुनते ही हमारा 'हवा पानी सब बंद हो जाता है' : अमिताभ बच्चन



**नई दिल्ली,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि आयकर विभाग अपना काम सामान्य और नियमित रूप से करता है, लेकिन यह हम लोगों के लिए डरावना होता है। शो के 19वें एपिसोड में मध्य प्रदेश के भोपाल की आकांक्षा सिंह ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीतकर हॉट सीट हासिल की। उन्होंने अभिनेता की सराहना करते हुए कहा कि आपकी ऊर्जा और आभा अनुकरणीय है।

उन्हें जवाब देते हुए, बिग बी ने कहा कि आप क्या करती हैं? जिस पर उन्होंने कहा कि सर, मैं वर्तमान में मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग में सहायक आयुक्त हूं। अभिनेता ने कहा, यह बेहद ही डरावना है। क्या आप अपनी पूरी ताकत से काम करते हैं? मैं भी यहां वही करता हूं। जब आप सम्मन लिखते हैं और ऐसे व्यक्ति का पता लगाने का निर्देश देते हैं जिसने कर का भुगतान नहीं किया है।<

इसके लिए आपकी ऊर्जा की आवश्यकता है, ठीक मैं भी वैसा ही करता हूं जैसा मुझे बताया जाता है। 'शोले' अभिनेता ने कहा कि हर किसी के पास आयकर का मुद्दा है, और आप इसे हल करते हैं। जब हम आप जैसे आयकर विभाग के लोगों से मिलते हैं और वे कहते हैं कि यह सामान्य और नियमित काम है। यह आपकी दिनचर्या है, लेकिन हमारे लिए हमारा हवा पानी सब बंद हो जाता है। कौन बनेगा करोड़पति 15 सोनी पर प्रसारित होता है।

## शाहरूख खान की फिल्म जवान देखने के लिए उत्सुक है माधुरी दीक्षित

**मुंबई,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित किंग खान शाहरूख खान की फिल्म जवान देखने के लिए उत्सुक है। एटली के निर्देशन में बनी शाहरख खान की फिल्म जवान प्रदर्शित हो गई है। फिल्म जवान में अपने पहले दिन ही रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'जवान' देखने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। माधुरी दीक्षित ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जवान का ट्रेलर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने यह बताया कि वह 'जवान' को सिनेमाघर में देखने के लिए कितनी उत्साहित हैं। माधुरी ने शाहरुख खान की जमकर तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि एक बार फिर आपके अद्भुत प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध होने के लिए तैयार हो रही हूं। मैं इसे थिएटर में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।



### अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा ने किया स्वीकार

# आर्टेमिस मिशन के लिए अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली की लागत 'असहनीय'

**वाशिंगटन,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा ने स्वीकार किया है कि आर्टेमिस मिशन के लिए तैयार किया गया स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) को वर्तमान लागत स्तर पर काम करने योग्य बनाए नहीं रखा जा सकता है। एसएलएस को चंद्रमा पर आर्टेमिस मिशन के लिए रॉकेट के रूप में काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

■ एसएलएस दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट
■ चंद्रमा पर मनुष्यों को वापस लाने में सक्षम

अमेरिकी सरकार जवाबदेही कार्यालय (जीएओ) ने एक रिपोर्ट में गुरुवार को कहा कि नासा के वरिष्ठ अधिकारियों ने जीएओ को बताया कि मौजूदा लागत स्तर पर एसएलएस कार्यक्रम वहन योग्य नहीं है।

जीएओ ने कहा कि नासा के वरिष्ठ अधिकारियों ने जीएओ को बताया कि मौजूदा लागत स्तर पर एसएलएस कार्यक्रम को पूरा नहीं किया जा सकता है। एसएलएस दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है, जिसे नासा को चंद्रमा पर मनुष्यों को वापस लाने में सक्षम बनाने के लिए बनाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नासा को एसएलएस कार्यक्रम की दीर्घकालिक लागत और सामर्थ्य सहित पारदर्शिता तथा निगरानी में सुधार के लिए जीएओ प्रमुख की सिफारिशों पर कार्य करना चाहिए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल एसएलएस लागत बेसलाइन आर्टेमिस I परीक्षण उड़ान के लॉन्च पर लागू होती है, लेकिन भविष्य के आर्टेमिस मिशनों के लिए बेसलाइन लागत कम है, जिससे नासा और कांग्रेस (संसद) के लिए आगामी मिशनों के लिए भविष्य की उत्पादन लागत पर नज़र रखना कठिन हो जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नासा ने 2030 के दशक में आर्टेमिस मिशनों पर उपयोग के लिए अधिक एसएलएस रॉकेट, विशेष रूप से मजबूत संस्करणों का उत्पादन करने के लिए अरबों डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। नासा ने वित्तीय वर्ष 2024 में राष्ट्रपति के बजट अनुरोध में वित्तीय वर्ष 2028 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए 11.2 अरब डॉलर देने का अनुरोध किया है। यह राशि इस कार्यक्रम पर खर्च किए जा चुके 11.8 अरब डॉलर के अतिरिक्त है।

# 90 साल की हुई आशा भोंसले



**मुंबई,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका आशा भोंसले आज 90 वर्ष की हो गई। महाराष्ट्र के सांगली गांव में 8 सितम्बर 1933 को जन्मीं आशा भोंसले के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े हुए थे। नौ वर्ष की छोटी उम्र में ही आशा के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुए आशा और उनकी दीदी लता मंगेश्कर ने फिल्मों में अभिनय के साथ साथ गाना भी शुरू कर दिया। आशा भोंसले ने अपना पहला गीत वर्ष 1948 में 'सावन आया' फिल्म चुनरिया में गाया। सोलह वर्ष की उम्र में अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध जाते हुए उन्होंने अपनी उम्र से काफी बड़े गणपत राव भोंसले से शादी कर ली। उनकी वह शादी ज्यादा सफल नहीं रही और अंततः उन्हें मुंबई से वापस अपने घर पुणे आना पड़ा। उस समय तक गीतादत्त, शमशाद बेगम और लता मंगेश्कर फिल्मों में बतौर पार्श्वगायिका अपनी धाक जमा चुकी थीं। वर्ष 1957 में संगीतकार ओ.पी. नैय्यर के संगीत निर्देशन में बनी निर्माता-निर्देशक बी. आर. चोपड़ा की फिल्म 'नया दौर' आशा भोंसले के सिने करियर का अहम पड़ाव लेकर आई। वर्ष 1966 मे तीसरी मंजिल मे आशा भोंसले ने आर. डी. बर्मन के संगीत में 'आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा' गाना को अपनी आवाज दी जिससे उन्हें काफी ख्याति मिली। साठ और सत्तर के दशक में आशा भोसले हिन्दी फिल्मों की प्रख्यात नर्तक अभिनेत्री 'हेलन' की आवाज समझी जाती थी। आशा ने हेलन के लिए तीसरी मंजिल में 'ओ हसीना जुल्फों वाली', कारवां में ' पिया तू अब तो आजा', मेरे जीवन साथी में 'आओ ना गले लगा लो ना' और डॉन में 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत गाया।

शास्त्रीय संगीत से लेकर पाश्चात्य धुनो पर गाने में महारत हासिल करने वाली आशा भोंसले ने वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म उमराव जान से अपने गाने के अंदाज में परिवर्तन किया। फिल्म उमराव जान से वह एक कैबरे सिंगर और पॉप सिंगर की छवि से बाहर निकली और लोगों को यह अहसास हुआ कि वह हर तरह के गीत गाने में सक्षम है। उमराव जान के लिये आशा ने 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसी गजलें गाकर आशा को खुद भी आश्चर्य हुआ कि वह इस तरह के गीत गा सकती है। इस फिल्म के लिए उन्हें अपने करियर का पहला नेशनल अवार्ड भी मिला।

वर्ष 1994 मे अपने पति आर. डी. बर्मन की मौत से उन्हें गहरा सदमा लगा और उन्होंने गायिकी से मुंह मोड़ लिया। लेकिन उनकी जादुई आवाज आखिर दुनिया से कब तक मुंह मोड़े रहती। उनकी आवाज की आवश्यकता हर संगीतकार को थी। कुछ महीनों की खामोशी के बाद इसकी पहल संगीतकार ए. आर. रहमान ने की।रहमान को अपने रंगीला फिल्म के लिए आशा की आवाज की जरूरत थी। उन्होंने 1995 में 'तन्हा तन्हा' गीत फिल्म रंगीला के लिए गाया। आशा के सिने करियर मे यह एक बार फिर महत्वपूर्ण मोड़ आया और उसके बाद उन्होंने आजकल की धूम धड़ाके से भरे संगीत की दुनिया में कदम रख दिया।

## आशा भोसले के 90वें जन्मदिन को बॉलीवुड ने किया नजरअंदाज !

मशहूर प्लेबैक सिंगर आशा भोसले शुक्रवार को 90 साल की हो गईं और यह देखकर निराशा हुई कि बॉलीवुड हस्तियां उनके जन्मदिन को भूल गईं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और सुरीली आवाज के लिए जानी जाने वाली आशा हिंदी सिनेमा की सबसे सफल गायिकाओं में से एक हैं, हालांकि उनका काम हिंदी सिनेमा से परे तक फैला हुआ है। आठ दशकों से ज्यादा के करियर में उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओं में फिल्मों और एल्बमों के लिए गाने रिकॉर्ड किए हैं। उन्हें दो ग्रैमी नॉमिनेशन्स के अलावा, कई अवॉर्ड मिले हैं। भोसले को दादा साहब फाल्के पुरस्कार और पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 2011 में आशा को संगीत इतिहास में सबसे अधिक रिकॉर्ड दर्ज कराने वाली कलाकार के रूप में मान्यता दी। भारतीय संगीत उद्योग में उनके अपार योगदान और एक प्रतिष्ठित शख्सियत के रूप में उनकी स्थिति को देखते हुए, बॉलीवुड हस्तियों द्वारा उनके जन्मदिन को नजरअंदाज करना उनके योगदान को पहचानने के महत्व पर सवाल उठाता है।

# शोधकर्ताओं ने ऑनलाइन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरण किया विकसित

### पार्किंसंस रोग से पीड़ितों के आकलन में मिलेगी मदद

**न्यूयॉर्क,** 8 सितम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने एक नया ऑनलाइन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण विकसित किया है। इसके जरिए पार्किंसंस रोग से पीड़ितों को मिनटों में उनके लक्षणों की गंभीरता का दूर से आकलन करने में मदद मिलती है। एनपीजे डिजिटल मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि परीक्षण 0-4 के पैमाने पर मोटर प्रदर्शन का आकलन करने के लिए वेबकैम के सामने यूजर्स की उंगली के 10 टैप पर निर्भर करता है।

■ परीक्षण करने के लिए पार्किंसंस रोग से पीड़ित 250 वैश्विक प्रतिभागियों ने फिंगर-टैपिंग किया

उपकरण का परीक्षण करने के लिए पार्किंसंस रोग से पीड़ित 250 वैश्विक प्रतिभागियों ने फिंगर-टैपिंग किया। एआई प्रणाली की रेटिंग की तुलना तीन न्यूरोलॉजिस्ट और तीन प्राथमिक देखभाल चिकित्सकों ने की थी।

विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट ने एआई मॉडल की तुलना में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। रोचेस्टर विश्वविद्यालय की टीम ने कहा, एआई मॉडल ने यूपीडीआरएस प्रमाणीकरण के साथ प्राथमिक देखभाल चिकित्सकों से बेहतर प्रदर्शन किया। दरअसल, यूनिफाइड पार्किंसंस रोग रेटिंग स्केल (यूपीडीआरएस) एक रेटिंग उपकरण है, जिसका उपयोग रोगियों में पार्किंसंस रोग की गंभीरता और प्रगति को मापने के लिए किया जाता है। मूवमेंट विकारों का आकलन करने और मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) यूपीडीआरएस जैसे दिशानिर्देशों का उपयोग करके गंभीरता का मूल्यांकन करने के लिए डॉक्टर अक्सर मरीजों से सरल मोटर कार्य कराते हैं। एआई मॉडल एमडीएस-यूपीडीआरएस दिशानिर्देशों का उपयोग करके तेजी से मूल्यांकन प्रदान करता है। स्वचालित रूप से गति, आयाम, आवृत्ति और अवधि जैसे कम्प्यूटेशनल मेट्रिक्स उत्पन्न करता है, जो व्याख्या योग्य, मानकीकृत, दोहराने योग्य और मेडिकल गाइडबुक के अनुरूप होते हैं। यह झटकों की गंभीरता को वर्गीकृत करने के लिए उन विशेषताओं का उपयोग करता है। रोचेस्टर के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एहसान हक ने कहा कि इन निष्कर्षों का उन रोगियों के लिए बड़ा प्रभाव हो सकता है, जिन्हें न्यूरोलॉजिस्ट तक पहुंचने, अपॉइंटमेंट लेने और अस्पताल की यात्रा करने में कठिनाई होती है। हक ने कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि क्लिनिक के बाहर के लोगों की सेवा करने, स्वास्थ्य समानता और पहुंच में सुधार के लिए एआई को धीरे-धीरे स्वास्थ्य देखभाल में कैसे पेश किया जा रहा है।



देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसियां) वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# डीपीआई दुनिया को कर रहा आकर्षित : कांत



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) एक ओपन सोर्स टेक्नॉलाजी है और इसने दुनिया भर को अपनी ओर आकर्षित किया है।

श्री कांत ने जी 20 राष्ट्राध्यक्षों के कल से यहां होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन से पहले आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन से लेकर यूपीआई तक सभी सुविधायें टेक्नॉजाली आधारित हैं और इस टेक्नॉलाजी ने वित्तीय समाधान को तेजी से आम लोगों तक पहुंचाया है।

उल्लेखनीय है कि भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी -20 शिखर सम्मेलन से पहले विश्व बैंक द्वारा जारी जी-20 दस्तावेज़ में भारत की प्रगति की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि डीपीआई का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है, जो समावेशी वित्त से कहीं आगे तक है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेशन दस्तावेज़ के लिए जी-20 ग्लोबल पार्टनरशिप ने मोदी सरकार के तहत पिछले एक दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है।

दस्तावेज़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और डीपीआई परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज़ में कहा गया है कि वित्तीय समावेशन में भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है जो लगभग पाँच दशक में होता। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन दर को 2008 में 25 प्रतिशत से बढ़ाकर पिछले छह वर्षों में वयस्कों के 80 प्रतिशत से अधिक कर दिया है, डीपीआई की बदौलत यह 47 साल तक छोटी हो गई है।

## डीपीआई से भारत ने पांच दशक के काम को छह वर्षों में पूरा किया

नई दिल्ली। डिजिटल इंफ्रा के बल पर भारत ने मात्र छह वर्षों में वित्तीय समावेशन में वह मुकाम हासिल किया है जो पांच दशक में हासिल होता। भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी -20 शिखर सम्मेलन से पहले विश्व बैंक द्वारा तैयार जी-20 दस्तावेज़ में भारत की प्रगति की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है, जो समावेशी वित्त से कहीं आगे तक है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेशन दस्तावेज़ के लिए जी-20 ग्लोबल पार्टनरशिप ने मोदी सरकार के तहत पिछले एक दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है। दस्तावेज़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और डीपीआई परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज़ में कहा गया है कि वित्तीय समावेशन में भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है जो लगभग पाँच दशक में होता। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन दर को 2008 में 25 प्रतिशत से बढ़ाकर पिछले छह वर्षों में वयस्कों के 80 प्रतिशत से अधिक कर दिया है, डीपीआई की बदौलत यह 47 साल तक छोटी हो गई है। दस्तावेज़ में कहा गया है कि इसमें डीपीआई की उपलब्धता पर आधारित अन्य पारिस्थितिकी तंत्र और नीतियां महत्वपूर्ण थीं। इनमें अधिक सक्षम कानूनी और नियामक ढांचा बनाने के लिए हस्तक्षेप, खाता स्वामित्व का विस्तार करने के लिए राष्ट्रीय नीतियां और पहचान सत्यापन के लिए आधार का लाभ उठाना शामिल है। इसके लॉन्च के बाद से, खोले गए पीएमजेडीवाई खातों की संख्या मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से तीन गुना बढ़कर जून 2022 तक 46.2 करोड़ हो गई। इनमें से 56 प्रतिशत यानी 26 करोड़ से अधिक खातों महिलाओं के थे।

## चीन के आईफोन बैन से दो दिनों में एप्पल का मार्केट कैप 200 अरब डॉलर गिरा



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी सरकारी कर्मचारियों पर आईफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाए जाने की रिपोर्ट के बाद एप्पल के शेयरों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दो दिनों में कंपनी के शेयर बाजार मूल्यांकन में 6 प्रतिशत से अधिक या लगभग 200 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। चीन प्रौद्योगिकी दिग्गज का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसका पिछले साल के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत योगदान था। यह वह जगह भी है जहां एप्पल के अधिकांश उत्पाद उसके सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन द्वारा निर्मित किए जाते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि बीजिंग ने केंद्र सरकार की एजेंसी के अधिकारियों को आदेश दिया था कि वे कार्यालय में आईफोन न लाएं न ही काम के लिए उनका उपयोग करें।

अगले दिन, ब्लूमबर्ग न्यूज़ ने बताया कि प्रतिबंध राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों और सरकार समर्थित एजेंसियों के श्रमिकों पर भी लगाया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ये रिपोर्टें आईफोन 15 के लॉन्च से पहले आई हैं, जो 12 सितंबर को होने की उम्मीद है।

रिपोर्टों के जवाब में चीनी सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल का शेयर बाजार मूल्यांकन दुनिया में सबसे अधिक करीब 2.8 ट्रिलियन डॉलर है। एप्पल के कुछ आपूर्तिकर्ताओं के शेयरों में भी गिरावट आई है। स्मार्टफोन चिप्स की दुनिया की सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता क्वालकॉम की कीमत गुरुवार को 7 प्रतिशत से अधिक गिर गई। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया के एसके हाइनिक्स के शेयर शुक्रवार को लगभग 4 प्रतिशत कम थे। ये रिपोर्टें तब आईं जब वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बरकरार है।

## जी 20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा : मोदी



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। शनिवार से यहां शुरू होने वाले दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्री मोदी ने जी 20 शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' कहा कि देश ऐतिहासिक भारत मंडपम में नौ और 10 सितंबर को 18 वें जी 20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर उत्साहित है ।

उन्होंने कहा, जी- 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है। मैं विश्व नेताओं के साथ अगले दो दिन के दौरान सार्थक चर्चा को लेकर उत्सुक हूं । मुझे दृढ़ विश्वास है कि दिल्ली में हो रहा जी-20 शिखर सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा ।

उल्लेखनीय है कि 18 वां जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए ज्यादातर सदस्य देशों के नेता यहां पहुंच चुके हैं।

## पूर्व स्विगी सीटीओ डेल वाज ने की अपने खुद के वेल्थटेक स्टार्टअप की घोषणा

**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। स्विगी के पूर्व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) डेल वाज ने शुक्रवार को वीसी फर्म एक्सेल और एलिवेशन कैपिटल से सीड फंडिंग के साथ आरित्या टेक नाम से अपना खुद का वेल्थटेक स्टार्टअप लॉन्च किया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में वाज, जिन्होंने अपने उद्यमशीलता उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में स्विगी छोड़ दी थी, ने कहा कि वह यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं कि हमने एक्सेल और एलिवेशन कैपिटल दोनों के साथ आरित्या टेक के लिए वीसी सीड फंडिंग बंद कर दी है।

उन्होंने कहा कि अब फंडिंग सुरक्षित होने के बाद, यह निर्माण कार्य में वापस आ गया है। उन्होंने



सीड फंडिंग के हिस्से के रूप में जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया। वाज ने पोस्ट किया, हम एक छोटी सी चुनी हुई टीम हैं और ग्रोथ/मार्केटिंग और इंजीनियरिंग सहित भूमिकाओं के लिए उत्साही लॉन्ग टर्म बिल्डरों को जोड़ना चाह रहे हैं।

वीसी फर्म एक्सेल और एलिवेशन के अलावा, वाज के नए स्टार्टअप ने एंजेल निवेशकों से भी फंड जुटाया है। पूर्व स्विगी सीटीओ ने आगे कहा, हमारे एंजेल आवंटन को अंतिम रूप दिया जाएगा और जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। हमने सीड राउंड के वीसी के नेतृत्व वाले हिस्से के लिए फंडिंग औपचारिकताओं और कागजी कार्रवाई को सरल बनाने के लिए इसे बाद में करने का फैसला किया। वाज जुलाई 2018 में स्विगी में शामिल हुए और फरवरी 2020 में इसके सीटीओ बन गए।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, यदि आपके पास ऑनलाइन ट्रेडिंग क्षेत्र में अनुभव है और आप हमारी यात्रा की शुरुआत में इसमें शामिल होना चाहते हैं, तो मुझे पिंग करें। इस समय हमारे पास केवल कार्यालय (बैंगलोर) आधारित पद हैं।

### सार संक्षेप

#### विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.44 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 530.7 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 58.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 5.1 अरब डॉलर हो गई।

#### सीतारमण ने नाइजीरिया के मंत्रियों के साथ चर्चा की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार से राजधानी में हो रहे दो दिवसीय जी- 20 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में आज यहां नाइजीरिया के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री अदेबायो ओलावाले एडुन और नाइजीरिया के बजट और राष्ट्रीय योजना मंत्री अबुबकर अतीकू बागुडु से मुलाकात की। इस दौरान इन मंत्रियों ने कई क्षेत्रों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय क्रेडिट लाइन, केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग, नीति आयोग के सहयोग के माध्यम से नाइजीरिया के लोगों को उनके विकास पथ में भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। नाइजीरियो के मंत्री एडुन ने नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था के विकास में भारतीय मूल के नाइजीरियाई नागरिकों के समृद्ध योगदान की सराहना की।

#### अमेजन पर शॉपिंग स्प्री की शुरूआत

**बेंगलुरु।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन पर शॉपिंग स्प्री की शुरुआत की गयी जिसमें ग्राहक होम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेस, लॉन एवं गार्डन से जुड़े उपकरणों से लेकर वॉल डेकोर, मिक्सर ग्राइंडर, पंखे, वैक्यूम, कुकवेयर, पावर टूल्स, ऑटो प्रोडक्ट, बाथरूम फिटिंग आदि की खरीद ऑफर के साथ कर सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। होम शॉपिंग स्प्री पावर्ड बाय हिंदवेयर में होम किचन और आउटडोर प्रोडक्ट जैसे होमम डेकोर, होम इंप्रूवमेंट, किचन अप्लायंसेज, लॉन एंड गार्डन, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स, पावर टूल्स आदि की शॉपिंग की जा सकती है। उसने कहा कि एचडीएफसी बैंक के साथ 12 महीने तक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 5000 रुपये तक इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा वनकार्ड बैंक के साथ 9 महीने और उससे अधिक के लिए उपलब्ध ईएमआई विकल्पों के साथ 2000 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट का भी लाभ उठा सकते हैं।


# शेयर बाजार में छठे दिन भी तेजी

**मुंबई** 8 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार छठे दिन भी तेज रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 333.35 अंक की छलांग लगाकर 66598.91 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.90 अंक की तेजी लेकर 19819.95 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 32,672.00 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 38,266.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2048 में तेजी जबकि 1645 में गिरावट रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 32 कंपनियों में लिवाली जबकि 18 में बिकवाली हुई।

बीएसई में आईटी, कमोडिटीज, एफएमसीजी और हेल्थकेयर की 0.29 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 16 में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 2.13, सीडी 0.61, ऊर्जा 1.33, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 1.25, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.32, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.35, धातु 0.07, तेल एवं गैस 1.43, पावर 1.48, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.10 प्रतिशत चढ़ गए।




वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.69, जापान का निक्केई 1.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत गिर गया। हालांकि हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी का रुख रहा।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 116 अंक की तेजी लेकर 66,381.43 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,299.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,766.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,265.56 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत मजबूत होकर 66,598.91 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 48 अंक चढ़कर 19,774.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,727.05 अंक के निचले जबकि 19,867.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,727.05 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत बढ़कर 19,819.95 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 21 कंपनियों में से एनटीपीसी ने सबसे अधिक 2.65 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा मोटर्स 2.02, एलटी 1.93, भारती एयरटेल 1.02, टाइटन 0.85, एचडीएफसी बैंक 0.82, रिलायंस 0.72, एसबीआई 0.72, पावरग्रिड 0.70, एचसीएल टेक 0.63, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, मारुति 0.48, एक्सिस बैंक 0.33, इंफोसिस 0.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.05 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.05 प्रतिशत चढ़े। वहीं, अल्ट्रासिमको 0.79, आईटीसी 0.71, विप्रो 0.58, टेक महिंद्रा 0.54, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.42, एशियन पेंट 0.36, टीसीएस 0.36 और सन फार्मा ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## जिंसो के भाव स्थिर



**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 20 रिंगिट फिसलकर 3730 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की गिरावट लेकर 60.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना , मसूर दाल , मूंग दाल और उड़द दाल, अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6550-6650, दाल चना 7550-7650, मसूर काली 8075-8175, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 11700-11800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## पीवीआर ने आईमैक्स थिएटर का किया विस्तार




नई दिल्ली, 8 सितंबर (एजेंसियां)। प्रीमियम सिनेमा एक्ज़िबिटर पीवीआर आईनॉक्स ने राजधानी के नेहरू प्लेस में स्थित पारस सिनेमा को एक नए अवतार में फिर से खोला है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही दिल्ली में पाँचवाँ आईमैक्स और भारत में दूसरा स्टैंडअलोन आईमैक्स थिएटर शुरू हो गया है, जिसमें अगली पीढ़ी के लेज़र प्रोजेक्शन और लेज़र टेक्नोलॉजी के साथ आईमैक्स और एक मल्टी-चैनल साउंड सिस्टम है, जो इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए आईमैक्स थिएटरों में मिलता है।

इस नये सिनेमा के साथ पीवीआर आईनॉक्स के पास नई दिल्ली के 27 सिनेमाघरों में 108 स्क्रीन हो गई हैं, और उत्तर भारत की 103 प्रॉपर्टीज़ में कुल 457 स्क्रीन हो गई हैं। साउथ दिल्ली के वाणिज्यिक केंद्र में स्थित पारस सिनेमा 305 दर्शकों के बैठने की क्षमता के साथ दुनिया के सबसे इमर्सिव सिनेमा अनुभव के साथ वापसी कर रहा है। लेज़र के साथ आईमैक्स में 4के लेज़र प्रोजेक्शन सिस्टम है, जिसमें एक नया ऑप्टिकल इंजन और प्रोप्राइटरी आईमैक्स टेक्नोलॉजी है।

## उद्योगपतियों को जी-20 रात्रि भोज में आमंत्रित नहीं किया गया : सरकार

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है कि देश के जाने माने उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि विदेशी समाचार एजेन्सी रॉयटर ने एक लेख में दावा किया है कि प्रमुख उद्योगपतियों को जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विशेष रात्रि भोज में आमंत्रित किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि यह दावा भ्रामक है क्योंकि किसी भी उद्योगपति को विशेष रात्रि भोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।



### विश्व नेताओं के साथ 15 द्विपक्षीय बैठक करेंगे मोदी


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले और इसके दौरान विश्व नेताओं के साथ 15 द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री जी 20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए यहां आए मॉरीशस, बंगलादेश और अमेरिका के नेताओं के साथ लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री आज जी 20 बैठक से इतर ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

सम्मेलन के अंतिम दिन (10 सितंबर को) श्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ दोपहर भोज पर मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कनाडा के नेता के साथ भी बातचीत करेंगे। वह कोमोरोस, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ, ब्राज़ील और नाइजीरिया के नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विश्व नेताओं का यहां आने का सिलसिला जारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे।

# खेल जगत

## सेरेना विलियम्स एक महान खिलाड़ी हैं जिनसे मैं अपनी तुलना नहीं कर सकती : कोको गॉफ

**न्यूयॉर्क,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने कहा कि वो कभी भी अपनी तुलना सेरेना विलियम्स से नहीं करना चाहेंगी क्योंकि सेरेना एक महान खिलाड़ी हैं। गॉफ ने ईएसपीएन से बात करते हुए कहा कि सेरेना सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं और उन्हें अपने जीवन में एकमात्र अफसोस सेरेना विलियम्स के खिलाफ नहीं खेलने का है। कोको गॉफ ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अमेरिकी टेनिस को आगे बढ़ाया है। हमारे बहुत सारे हमवतन हैं जो अच्छा कर रहे हैं। सेरेना सेरेना है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने जो किया उसका आधा हिस्सा भी मैं कर सकूंगी। लेकिन मैं उनसे अपनी तुलना कभी नहीं करना चाहूंगी। वह ऐसी खिलाड़ी हैं जिनका मैं सम्मान करती हूं और उन्हें फॉलो करती हूं। उनके जैसा ही स्टेट लाइन में होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वह मेरी आदर्श हैं। जीवन भर मुझे एक ही अफसोस रहेगा कि मैं उनके साथ नहीं खेल पाऊंगी।



# पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मैच से पहले बुमराह टीम इंडिया में शामिल : रिपोर्ट

**कोलंबो,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले एशिया कप सुपर 4 मुकाबले से पहले भारतीय टीम में फिर से शामिल हो गए हैं। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था लेकिन अब एक बार फिर क्रिकेट फैंस इस महा-मुकाबले का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 10 सितंबर को सुपर-4 में यह दोनों टीमें आमने-सामने होने वाली है।

इस बीच भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह, जो अपने बच्चे के जन्म के लिए देश वापस लौट आए थे, एक बार फिर श्रीलंका में टीम के साथ जुड़ गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह शुक्रवार शाम को आर.प्रेमदासा स्टेडियम में प्रैक्टिस सेशन के लिए टीम से जुड़ेंगे। खराब मौसम की आशंका के कारण भारतीय टीम को इंडोर प्रैक्टिस सेशन करना पड़ सकता है, जैसा कि उन्होंने गुरुवार को किया था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार सुबह से कोलंबो में बारिश नहीं हुई है, जिससे शाम के प्रैक्टिस सेशन के सफल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बुमराह की वापसी ऐसे समय में हुई है जब 10 सितंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मुकाबले को रिजर्व डे दिया गया है। इस



तेज गेंदबाज ने अभी तक वनडे मैच में गेंदबाजी नहीं की है, क्योंकि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान लीग मैच का दूसरा भाग बारिश के कारण रद्द हो गया था। आखिरी बार बुमराह ने वनडे में अपने पूरे दस ओवर का कोटा जुलाई 2022 में लॉर्ड्स में फेंका था।

रिपोर्ट में कहा गया है, कोलंबो में भारी वर्षा होने की उम्मीद है, जिसमें रविवार को बारिश की 90 प्रतिशत संभावना भी शामिल है। यही कारण है कि भारत-पाक मैच के लिए एसीसी ने रिजर्व डे रखने का निर्णय लिया। रविवार और संभवत- सोमवार के बाद भी भारत-पाकिस्तान मैच, यदि रिजर्व डे में जाता है। तो भारत 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका और 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

## भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मैच में बारिश से निपटने के लिए होगा रिजर्व डे

**कोलंबो।** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 चरण का 10 सितंबर को कोलंबो में होने वाला बहुप्रतीक्षित मैच यदि बारिश से प्रभावित होता है तो उसके लिए एक रिजर्व डे होगा। 10 सितंबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले पाकिस्तान बनाम भारत के एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है। अगर खराब मौसम के कारण पाकिस्तान बनाम भारत मैच के दौरान खेल रुक जाता है, तो मैच 11 सितंबर 2023 को वहीं से जारी रहेगा जहां से इसे निलंबित किया गया था। ऐसी स्थिति में टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो रिजर्व डे पर भी मान्य रहेंगे। इसका मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच 11 सितंबर तक खिंचता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार तीन दिनों तक खेलेगी, क्योंकि उन्हें 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका का सामना करना है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता के बाकी सुपर फोर मैचों के लिए रिजर्व डे रखने के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसमें 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के इस चरण में भारत का आखिरी गेम भी शामिल है।

## आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर शिवम दुबे ने कहा, जडेजा और मुझे विश्वास था कि हम जीतेंगे

**नई दिल्ली,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी शिवम दुबे ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2023 फाइनल के आखिरी ओवर के दौरान क्रीज पर रहने के अपने समय को याद करते हुए कहा कि उन्हें और रवींद्र जडेजा को पूरा विश्वास था कि जीत उनकी होगी। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला गया आईपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे रोमांचक फाइनल मुकाबला था। अहमदाबाद में खेले गए इस मुकाबले में पहले बारिश ने बाधा डाला। इसके बाद मैच रिजर्व डे के लिए स्थगित हुआ। हालांकि, रिजर्व डे के दिन भी बारिश ने दोनों टीमों को खूब परेशान किया। हालांकि, देर से ही सही लेकिन मैच का आगाज हुआ और नतीजा भी निकला। इस मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब मैच की आखिरी दो गेंदों पर जडेजा ने मोहित शर्मा पर छक्का और चौका लगाकर चेन्नई को चैंपियन बनाया और गुजरात टाइटंस के हाथों से ट्रॉफी छीन ली।

इस जीत को याद करते हुए शिवम ने कहा, आखिरी ओवर में हमें 13 रन चाहिए थे और क्रीज पर हम (जडेजा) दोनों थे। मुझे और जड्डू भाई को विश्वास था कि हम जीतेंगे। उस विश्वास ने हमें आगे बढ़ाया। हमें इस बात की चिंता नहीं थी कि किसने हिट किया और कौन विजयी रन बनाएगा। उन्होंने आगे कहा, मोहित भाई ने पहली गेंद पर शानदार यॉर्कर फेंकी। हालांकि मैंने उन पर दबाव बनाने के लिए एक बड़े शॉट की योजना बनाई थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उन्होंने शुरुआत की चार गेंदें अच्छी फेंकी और हमें मात्र 3 रन मिले। अब, 2 गेंदों में 10 रनों की जरूरत थी। लेकिन फिर भी हम दोनों ने हार नहीं मानी और हमें विश्वास था कि हम यह कर सकते हैं।



दुबे ने जियोसिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी पर कहा, पांचवीं गेंद पर जड्डू ने छक्का जड़ा, जिससे खेल पूरी तरह से बदल गया। आईपीएल में आप खिलाड़ियों को 3 या 4 रन दौड़ते हुए नहीं देखेंगे, खासकर इतने बड़े मैदान पर लेकिन हम इसके लिए तैयार थे क्योंकि 3 रन से सुपर ओवर हो सकता है। इसलिए, मैंने खुद को तैयार रखा और जैसे ही मौका आया मैं जितनी तेजी से दौड़ सकता था दौड़ा, बिना यह जाने कि गेंद पहले ही बाउंड्री के लिए जा चुकी है! दुबे के लिए आईपीएल 2023 में चेन्नई के लिए मध्य-क्रम हिटर के रूप में एक अच्छा सीजन रहा। 14 पारियों में 158.33 की स्ट्राइक-रेट से उन्होंने 418 रन बनाए। स्पिनरों के खिलाफ हिटिंग में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उन्होंने 176.47 की स्ट्राइक रेट से 22 छक्के लगाए।

आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दुबे की आयरलैंड में टी20 श्रृंखला के दौरान टीम में वापसी हुई, जहां उन्होंने मालाहाइड में दूसरे गेम में नाबाद 22 रन बनाए। दुबे को 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाऊ में होने वाले पुरुष टी20 इवेंट के लिए भारत की एशियाई खेलों की टीम में भी शामिल किया गया है।

## दक्षिण अफ्रीका सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका की महिला टीमों की मेजबानी करेगा

**जोहान्सबर्ग,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घोषणा की है कि उसकी महिला टीम 2023-24 सीज़न में महिलाओं की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए बांग्लादेश और श्रीलंका की मेजबानी करेगी। जहां बांग्लादेश 3-23 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा, वहीं श्रीलंका 27 मार्च से 17 अप्रैल, 2024 तक देश का दौरा करने वाला है। दक्षिण अफ्रीका इस समय पाकिस्तान के सफेद गेंद दौरे पर है और बांग्लादेश और श्रीलंका से भिड़ने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। दक्षिण अफ्रीका 3, 6 और 8 दिसंबर को तीन मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ेगा। इसके बाद 16-23 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी और यह आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 (आईडब्ल्यूसी) का हिस्सा है, जो 2025 महिला वनडे विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए अंक प्रदान करता है। बांग्लादेश दौरे के आयोजन स्थल चार शहरों में होंगे- बेनोनी, किम्बरली, पूर्वी लंदन और पोचेफस्ट्रूम। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका 2023-24 सीज़न के अंत में श्रीलंका का स्वागत करेगा। इसमें 27 मार्च से 3 अप्रैल तक बेनोनी, पोचेफस्ट्रूम और ईस्ट लंदन द्वारा आयोजित होने वाले तीन टी20 शामिल हैं, इससे बाद 9-17 अप्रैल तक ईस्ट लंदन, किम्बरली और पोचेफस्ट्रूम में तीन वनडे मैच होंगे। सीएसए ने कहा कि दोनों दौरों में संबंधित आईडब्ल्यूसी वन-डे से पहले 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका एकादश अपने बांग्लादेशी और श्रीलंकाई समकक्षों से भिड़ेगी।

## नितिन मेनन 13 वें वन डे विश्व कप 2023 में भारत के अकेले अंपायर और श्रीनाथ मैच रेफरी

- आईसीसी ने वन डे विश्व कप के लिए 16 अंपायर और चार मैच रेफरी घोषित किए
- इंग्लैंड-न्यूजीलैंड उदघाटन मैच मेनन व धर्मसेना अंपायर, श्रीनाथ मैच रेफरी

नई दिल्ली, 8 सितंबर (देशबन्धु)। नितिन मेनन भारत में होने वाले 13 वें आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में मेजबान देश के अकेले अंपायर होंगे जबकि जवागल श्रीनाथ अकेले मैच रेफरी होंगे।आईसीसी ने विश्व कप के 16 अंपायरों और चार मैच रेफरियों सहित लीग दौर के शुक्रवार को दुबई में 20 अधिकारियों की घोषणा की।

आईसीसी द्वारा विश्व कप के 13 वें संस्करण में 16 अंपायरों मैचों में अपांयर की भूमिका निभाएंगे इनमें आईसीसी के इलीट पैनल के 12 और चर आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल हैं। विश्व कप मैचों के लिए चुने गए ये अंपायर हैं- क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरासमस, क्रिस गैफानी, माइकल गॉफ, एड्रियन हॉल्डस्टॉक,रिचर्ड इलिंगवर्थ,



रिचर्ड कैटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल राइफल,शरफुद्दोला इब्ने शाहिद, रॉड टकर,अलेक्स वॉर्फ, जोइल विल्सन , पॉल राइफल। आईसीसी वन डे विश्व कप के 2019 के लॉडर्स में खेले गए फाइनल में अलीम दार को छोड़ कर तीन -कुमरार धर्मसेना, इरासमस रॉड टकर ऐसे हैं जो इस बार 13 वें संस्करण के लिए बतौर अंपायर चुने गए हैं।

आईसीसी इलीट पैनल के 2023 के विश्व कप के लिए चुने गए मैच रेफरी है, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), , एंडी पायक्रॉफ्ट (जिम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्ट इंडीज) व जवागल श्रीनाथ (भारत)। भारत के जवागल श्रीनाथ पिछले वन डे विश्व के फाइनल में पहुंचने वाली और मौजूदा संस्करण के 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले उदघाटन मैच में आमने सामने होने वाली इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मैच में मैच रेफरी का जिम्मा संभालेंगे। इसी उदघाटन मैच में भारत के नितिन मेनन और श्रीलंका के कुमार धर्मसेना अंपायरिंग का जिम्मा संभालेंगे जबकि पॉल विल्सन टीवी अंपायर सैकत चौथे अंपायर होंगे।

## सार संक्षेप

### यूरो 2024 क्वालीफायर में पोलैंड ने फरो आइलैंड्स को 2-0 से हराया

**वारसॉ।** पोलैंड की राजधानी वारसॉ में रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से मेजबान टीम (पोलैंड) ने यूईएफए (यूएफा) यूरो 2024 क्वालीफायर में फरो आइलैंड्स पर 2-0 से जीत दर्ज की है। फर्नांडो सैंटोस के खिलाड़ी सीटी बजने के बाद से दबाब में थे, लेकिन उन्हें मौके भुनाने में दिक्कतें आ रही थीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार ब्रेक के आठ मिनट बाद लेवांडोवस्की ने छह गज के बॉक्स के दाईं ओर से हेडर मारा और उन्होंने 73वें मिनट में ओडमार फेरो के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर पोलैंड को बढ़त दिला दी। मेजबान टीम ने गेम पर नियंत्रण कर लिया और लेवांडोव्स्की ने मैच खत्म होने से सात मिनट पहले पोस्ट के अंदर से एक और गोल दाग दिया और टीम को 2-0 से जीता दिया। पोलैंड ग्रुप ई में छह अंकों के साथ चेक गणराज्य और अल्बानिया के बाद तीसरे स्थान पर है। फ़रो आइलैंड्स ने अब तक केवल एक अंक अर्जित किया है। रविवार को पोलैंड का मुकाबला अल्बानिया से होगा, जबकि फरो आइलैंड्स का मुकाबला मोल्दोवा से होगा।

### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। भारत भुवनेश्वर में 2022 में आयोजित सैफ अंडर-20 के फाइनल में बंगलादेश को 5-2 से हराकर चैंपियन बना। सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप, 2023 के लिए भारत की टीम के खिलाड़ियों में गोलकीपर- लियोनेल डेरिल रिम्मेई, दिव्याज धवल ठक्कर और मनजोत सिंह परमार हैं। डिफेंडर में थॉमस कनामुत्तिल चेरियन, जहांगीर अहमद शागू, विजय मरांडी, ए सिबा प्रसाद, मनबीर बसुमतारी, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम और रिकी मीतेई शामिल हैं।

## आईसीसी ने की पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

**दुबई,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। जिनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन के नाम हैं।

अनुभवी अंपायरों की सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019




फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं। इसमें केवल अलीम डार का नाम नहीं है, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ की एक चौकड़ी द्वारा किया जाता है। श्रीनाथ पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। संपूर्ण लीग खंड के लिए अधिकारियों को नामित किया गया है, साथ ही टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इतने बड़े आयोजन करने के लिए आपको हर क्षेत्र पर अपना जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

## ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद तेम्बा बावुमा ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला

**ब्लोमफोंटेन,** 8 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 142 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाए। हालांकि, ये पारी टीम को जीत नहीं दिला पाई लेकिन कप्तान ने अपनी टीम से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही लेकिन कप्तान ने अकेले ही मोर्चा संभाला और अपनी नाबाद शतकीय पारी के दम पर टीम का स्कोर 222 रन तक पहुंचाया। इस



स्कोर को डिफेंड करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। मेहमान टीम ने 113 रन पर 7 विकेट खो दिए थे, लेकिन कन्कशन सब्स्टीट्यूट मार्नस लाबुशेन (नाबाद 80*) और एश्टन एगर (48*) के बीच 112 रन की नाबाद साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बावुमा के हवाले से कहा, यदि आपकी टीम जीत के करीब है तो आप उम्मीद करते हैं कि आप जीत के साथ ही मैदान से बाहर आएं। हालांकि, हम हार नहीं मानेंगे। जब आपको ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ मौका दिया जाता है, तो आपको इस तरह के उलटफेर को स्वीकार करना होगा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि कुछ दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी पांच महीने से कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं होने के बाद भी अपनी लय हासिल कर रहे हैं। हम बेहतर होंगे। हमारी टीम में कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। हम उनसे ऐसी गलतियां दोहराने की उम्मीद नहीं करते हैं। बावुमा ने यह भी स्वीकार किया कि गेंदबाजी क्रम पहले दस ओवरों में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाया ।

# एशियाई खेलों स्वर्ण जीतने की मुश्किल चुनौती के लिए हम हैं तैयार : गुरजंट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

> हर टीम का ध्यान बढिया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं: गुरजंट

- निगाहें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर
- एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी अचूक निशाने जमा गोल करने की

नई दिल्ली, 8 सितंबर (देशबन्धु)। लंबे कद के स्ट्राइकर गुरजंट सिंह की प्रतिभा और हॉकी कौशल पर कभी कोई शक नहीं था। निरंतरता का अभाव के चलते वह बराबर भारत टीम से अंदर -बाहर होते रहे। गुरजंट को खुद को खुशकिस्मत मानना चाहिए नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें अनुभवी आकाशदीप सिंह, उनके चचेरे भाई सिमरनजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे कहीं सधा हुआ प्रदर्शन करने वाले स्ट्राइकरों पर तरजीह देते हुए हांगजू(चीन) में होने वाले 19 एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में चुना। 28 बरस गुरजंट ने सीनियर भारतीय टीम के लिए अपने करियर का आगाज 2017 में किया लेकिन पिछले एशियाई खेलों में टीम में चोट के चलते जगह बनानशे से चूक गए थे। अब गुरजंट की निगाहें भारत को हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जिता सीधे पेरिस में 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने पर लगी हैं।

गुरजंट 2016 में भारत को लखनउ में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभा सुर्खियों में आए। फिर टोक्यो ओलंपिक में आठ बार के चैंपियन



भारत को 41 बरस के लंबे अंतराल के बाद कांसे के रूप में पहला जिताने , 2022-23 में एफआईएच प्रो लीग में तीसरा स्थान दिलाने तथा 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत तथा बीते महीने चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में गुरजंट ने अहम योगदान किया।

गुरजंट कहते हैं, 'हमारी टीम का ध्यान अच्छी हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर है। हमने बेशक हाल ही चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है लेकिन हम कुछ भी तय मान कर नहीं चल सकते। हर टीम का ध्यान बढ़िया हॉकी खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने का होगा। हम जानते हैं क्या दांव पर है। हर टीम की पुरजोर कोशिश स्वर्ण पदक जीतने की होगी। एशियाई खेलों में स्वर्णजीतना बेशक मुश्किल चुनौती है लेकिन हम चुनौती के लिए तैयार हैं। मेरी निगाहें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारतीय टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने पर लगी हैं। एशियाई खेलों में मेरी जिम्मेदारी और ध्यान अचूक निशाने जमा गोल करने की होगी। मैंने बीते कुछ महीनों में अपने हॉकी कौशल को और बेहतर करने काफी मेहनत की।'

वह कहते हैं, मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही। मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है मेरी भारत के लिए अब हाकी यात्रा शानदार रही।

मुझे अपनी इस यात्रा में टीम के सभी साथियों का पूरा सहयोग मिला और इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। मैं अब बहुत समय से टीम का हिस्सा हूं। मैं बीते कुछ बरसों में बतौर खिलाड़ी बहुत कुछ सीखा है। मैं चोट के चलते पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने से चूक गया था। तब घर बैठ कर अपनी भारतीय टीम के लिए मैच देखना मेरे लिए खासा मुश्किल रहा था। मैं खुद बहुत फख्र महसूस कर रहा हूं और रोमांचित हूं कि मुझे अब पहली एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम का नुमाइंदगी का मौका मिल रहा है।'